राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-267
लखनऊ, शुक्रवार 17 मई, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



भारतीय जनता पार्टी की चल रही लहर : केशव 03

क्या केजरीवाल ने ही पिटवाया स्वाती मालीवाल को : भाजपा 12

# विपक्षी दल सरकार की नीतियों से घबराए हुए हैं : मोदी

समृद्धि न्यूज़।

**आजमगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की वजह से विपक्षी दल घबराए हुए हैं और तरह-तरह का दुष्प्रचार कर रहे हैं।

श्री मोदी ने गुरुवार को आजमगढ़ की लालगंज लोकसभा क्षेत्र के गंधुई में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जनता जनार्दन का आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी एनडीए और हमारे सभी साथियों पर है और जहां भी जाते हैं एक ही स्वर सुनाई देता है एक ही नारा गूंज रहा है चारों तरफ लेकर के लोग चल रहे हैं और वह है एक बार फिर मोदी सरकार। आपका प्रेम और आपका आशीर्वाद हमारे पास है। दुनिया देख रही है कि भारत के लोगों को मोदी की गारंटी पर कितना भरोसा है।

उन्होने सीएए कानून का जिक्र करते हुए 70 वर्षों में हजारों परिवार प्रताड़ना झेल करके अपनी बेटियों की इज्जत बचाने के लिए, अपना धर्म अपने परंपरा को बचाने के लिए मजबूरन मुसीबत के मारे भारत में आकर के शरण लिया, लेकिन कांग्रेस ने उनकी कभी सुध नहीं ली। इन शरणार्थियों में सबसे ज्यादा ज्यादातर दलित भाई



### संबोधन

- जनता जनार्दन का आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी एनडीए और हमारे सभी साथियों पर है

बहन है। इन पर वहां तो जुल्म हुआ ही हुआ, कांग्रेस की सरकारों ने भी और उनके साथियों ने भी इन पर जुल्म करने में कोई कमी नहीं रखी। सपा कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों ने उनके साथ क्या किया। इन्होंने सीए के नाम पर झूठ में दुष्प्रचार फैलाया और अब कहते हैं कि जिस दिन मोदी जाएगा इस कानून को खत्म कर दिया जाएगा।इसी तरह आज कांग्रेस पार्टी वाले कहते हैं की मोदी ने भले 370 हटाया ऐसा ही हमको मौका मिलेगा ना हम 370 भी वापस ले आएंगे।

उन्होंने कहा कि देश में कहीं भी घटनाएं होती थी तो सबसे पहले लोगों का ध्यान आजमगढ़ की तरफ जाता था ,लोग आजमगढ़ की चर्चा करते थे और तब यहां समाजवादी पार्टी की सरकार थी। आजमगढ़ की प्रतिष्ठा के लिए ना कुछ सोचती थी ना कुछ करती। आतंकियों के समर्थन में दंगाइयों का सम्मान करते थे।घटना को अंजाम देने वाले आतंकियों को छोड़ा जाता था। राजनीतिकरण कर दिया जाता था। अनेक माताएं बहने अपने बच्चों को बर्बाद होते देखी थी। अब ये इंडी गठबंधन वाले ट्रिपल डोज लेकर आए। एक तरफ ये लोग आदिवासी का आरक्षण छीनकर अपने वोट बैंक को देना चाहते हैं।यह लोग देश के बजट बजट का 15 प्रतिशत भी सीधा माइनॉरिटी के नाम पर ही करना चाहते हैं।ये अंबेडकर के भावनाओं के संविधान का हनन करना चाहते हैं।

श्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टिकरण के दलदल में पूरी तरह धंस चुकी है। समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेता राम मंदिर को लेकर आए दिन घटिया बातें कर रहे हैं ।कांग्रेस के शहजादे राम मंदिर को गालियां देने का मिशन ही चला रखा है। सिर्फ वोट बैंक को खुश करने के लिए यह लोग हमारी आस्था पर चोट कर रहे हैं। देश की महिलाओं का सम्मान बढ़ाने केलिए , मोदी आपका जीवन बेहतर बनाने के लिए दिन-रात एक कर रहा है।आज हर गरीब को मुफ़्त अनाज मिल रहा है। हर गरीब को मुफ्त इलाज मिला और नल में जल, सस्ता सिलेंडर ऐसी अनेक सुविधाएं दी जा रही है । कांग्रेस की सरकार में उन लोगों ने आपकी कभी चिंता की नहीं की।

### विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बनेगा पूर्वांचल

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जौनपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले पांच वर्षों में मोदी और योगी मिलकर पूर्वांचल की तस्वीर बदलने वाले हैं। विकसित भारत का ग्रोथ इंजन पूर्वांचल होगा। प्रधानमंत्री ने यहां टीडीपीजी कॉलेज के खेल मैदान पर जौनपुर के भाजपा प्रत्याशी एवं महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह और मछलीशहर सुरक्षित लोकसभा से से बीपी सरोज के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब मैं एक्सप्रेस-वे बनाता हूं, तो जौनपुर वालों को लाभ होता है। ये पूरा क्षेत्र स्वास्थ्य और शिक्षा का मजबूत हब बन रहा है। भाजपा युवाओं की अकांक्षाओं को समझती है। श्री मोदी ने कहा की पहले ग्रुप सी और डी की भर्तियों में इंटरव्यू होते थे, लेकिन हमने खत्म कर दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हमने बड़ा फैसला लिया है। हमने सामान्य वर्ग के गरीबों को भी 10 प्रतिशत आरक्षण दिया। पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून बनाया है। हमारी सरकार हर जिले में मेडिकल कॉलेज बना रही है। अब गरीब मां का बेटा डॉक्टर बनेगा। अब हमने हिंदी में पढ़ाई और हिंदी में परीक्षा का रास्ता खोल दिया है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन इसका भी विरोध करते हैं। ये लोग आपके बच्चों को उज्जवल भविष्य नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हम रिकॉर्ड स्तर पर आईआईटी और एम्स बना रहे हैं, इसका फायदा युवाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का रास्ता संतुष्टिकरण है, लेकिन दूसरी तरफ घमंडिया गठबंधन का मॉडल तुष्टिकरण है। उन्होंने कहा कि सपा-कांग्रेस दो दल हैं, लेकिन दुकान एक ही है।

### वोट जिहाद की राजनीति करती है तृणमूल

**भदोही।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर बंगाल में वोट जिहाद की राजनीति करने का आरोप लगाते हुये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) भी उत्तर प्रदेश की राजनीति को भी उसी दिशा में ले जाना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी विनोद बिंद के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में भदोही के चुनाव की चर्चा हो रही है, लोग पूछ रहे हैं कि भदोही के चुनाव में टीएमसी कहां से आ गई। गौरतलब है कि भदोही में इंडिया गठबंधन के तहत टीएमसी ने पूर्व मुख्यमंत्री कमला पति त्रिपाठी के पोते ललितेश पति त्रिपाठी को अपना उम्मीदवार बनाया है।

# अमित शाह ने सीतामढ़ी में मां सीता के भव्य मंदिर निर्माण का किया वादा

एजेंसी, सीतामढ़ी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज वादा किया कि सीतामढी में 'मां सीता' का एक बड़ा और भव्य मंदिर बनाया जाएगा और इस स्थान को रामायण सर्किट से भी जोड़ा जाएगा।

श्री शाह ने गुरुवार को सीतामढी लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशी देवेश चंद्र ठाकुर के पक्ष में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न सिर्फ अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास किया बल्कि वहां विशाल मंदिर बनवाया और आकर्षक रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा भी करायी। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही थे, जिन्होंने राम मंदिर का निर्माण कराया क्योंकि पहले कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उदासीन रवैये के कारण रामलला को लंबे समय तक तंबू में रखा गया था।

गृहमंत्री ने लोगों से लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा नीत राजग सरकार के गठन में अपना समर्थन देने का आह्वान किया और कहा कि हम सीतामढी के पुनौराधाम में मां सीता का एक बड़ा और भव्य मंदिर बनाएंगे, जो न केवल पूर्वी भारत बल्कि देश



### ऐलान

- हमारी सरकार सीतामढी को रामायण सर्किट से जोड़ने के लिए कदम उठाएगी

के अलग-अलग हिस्सों और दुनिया भर के भक्तों के लिए एक बड़ा आकर्षण होगा। हमारी सरकार सीतामढी को रामायण सर्किट से जोड़ने के लिए कदम उठाएगी ताकि श्रद्धालु आसानी से यहां आ सकें और उन्हें किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंनें कहा कि रामलला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी प्रसाद यादव को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कहा कि उनमें से कोई भी वोट बैंक खोने के डर से समारोह में शामिल नहीं हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### माधवीराजे सिंधिया पंचतत्व में विलीन

**एजेंसी, ग्वालियर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माताजी श्रीमती माधवीराजे सिंधिया की आज यहां हजारों लोगों की मौजूदगी में अंत्येष्टि की गयी। स्थानीय छत्री क्षेत्र में श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपनी माताजी के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। परिजनों, सगे संबंधियों, राजनेताओं और हजारों लोगों ने नम आंखों से श्रीमती माधवीराजे सिंधिया को अंतिम विदायी दी।

### तटरक्षक बल ने तस्करों से 27 लाख रुपये का डीजल जब्त किया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने महाराष्ट्र के तटीय क्षेत्र में मछली पकड़ने वाली एक नौका को पकड़ कर करीब 27 लाख रुपये मूल्य का डीजल और कुछ मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किये हैं। भारतीय तटरक्षक के प्रवक्ता ने गुरूवार को बताया कि नौका के जरिये डीजल की तस्करी की जा रही थी और उस पर सवार पांचों व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया गया है। नौका को मुंबई बंदरगाह लाया गया है जहां पुलिस, सीमा शुल्क और मत्स्य विभाग के अधिकारी इन लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। पूछताछ में पता चला है कि वे समुद्र में मछुआरों को पांच हजार लीटर डीजल अवैध रूप से पहले ही बेच चुके हैं।

### 19 मई तक बंद रहेंगे चारधाम यात्रा के आफलाइन पंजीकरण

**समृद्धि न्यूज, देहरादून।** उत्तराखंड की चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हरिद्वार और ऋषिकेश में खोले गए ऑफलाइन पंजीकरण काउंटर 17 मई से 19 मई तक बंद रहेंगे। यह निर्णय धामों पर पूर्व से पंजीकृत श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक दर्शन कराए जाने की दृष्टि से लिया गया है। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के निदेशक सुमित पंत ने इसकी पुष्टि की है। चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखंड सरकार ने पंजीकरण अनिवार्य किया है।

### बच्चे की बलि मामले में तांत्रिक समेत तीन गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, इटावा।** इटावा जिले के जसवंतनगर इलाके के सिरसा की मढैया गांव में खजाने के चक्कर में बच्चे की बलि दिए जाने के मामले में पुलिस ने तांत्रिक समेत तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने गुरूवार यह जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल को गायब हुए आठ साल के बालक का शव 19 अप्रैल को घने बीहड़ से बरामद किया गया था। एसएसपी ने बताया कि आरोपी ने जंगल में गड़े हुए खजाने के लिए बालक की बलि देने की बात स्वीकार कर ली है। अब मुख्य आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है साथ ही इन सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की भी कार्यवाई करने की बात पुलिस की ओर से कही जा रही है।

# अरविंद केजरीवाल की बुद्धि फिर गई है : मुख्यमंत्री

### कटाक्ष

- केजरीवाल के जेल में होने से दिल्लीवासी खुश थे कि कम से कम उनकी खांसी बंद थी

धारा लक्ष्य समाचार।

**बांदा।** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान पर पलटवार करते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्री केजरीवाल की बुद्धि जेल जाने के बाद फिर गई है।

तिंदवारी में हमीरपुर-महोबा लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये



उन्होंने कहा कि अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने वाले केजरीवाल अब मेरा नाम लेकर बातें कर रहे हैं। अन्ना ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया था, केजरीवाल ने उसे ही अपने गले का हार बना लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेल जाकर केजरीवाल को पता चल गया है कि अब वह कभी जेल के बाहर नहीं आने वाले हैं। उन्होंने अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने का काम किया है। इस पाप के लिए अन्ना हजारे उन्हें कभी माफ नहीं कर सकते। आम आदमी पार्टी ने सत्ता में पहुंचकर अपने ईद-गिर्द भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा लगा दिया है। अन्ना दुखी होते होंगे कि मेरे आंदोलन की उपज किस प्रकार की राजनीति करते हैं।

केजरीवाल के जेल में होने से दिल्लीवासी खुश थे कि कम से कम उनकी खांसी बंद थी, अब ये फिर से दिल्ली वालों को खांसने के लिए मजबूर कर देंगे।

### बुंदेलखंड फिर से देश को लीड करेगा

सीएम योगी ने कहा कि आज से 10 साल पहले का बुंदेलखंड और आज के बुंदेलखंड में जमीन आसमान का अंतर है। पहले यहां माफिया हावी थे, खनन माफिया, भू माफिया, जंगल माफिया और डकैतों का आतंक था। सपा और कांग्रेस इन माफिया और डकैतों की संरक्षक रही है। ये लोग ऐसे तत्वों को यहां से जनप्रतिनिधि बनाकर भेजते थे, फिर यही माफिया और डकैत जनता का शोषण करते थे और संसाधनों पर डकैती डालते थे। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर बुंदेलखंड के युवाओं को पलायन करना पड़ता था, बेटियों, बहनों को मीलों दूर सिर पर मटकी रखकर पानी लाने को मजबूर होना पड़ा। योगी ने कहा कि 10 साल में आपने बुंदेलखंड को बदलते देखा है। अभी ये शुरुआत है। बुंदेलखंड फिर से देश को लीड करेगा। अब यहां पानी के लिए बेटी और बहन को मीलों नहीं जाना होगा। अब हर घर में नल होगा और नल में जल होगा वो भी आरओ का। कनेक्टिविटी के लिए हर सड़क को टू लेन और फोर लेन बनाया जा रहा है।

# एनडीए गठबंधन 400 से अधिक लोस सीटें जीत रहा : राजनाथ

समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** भारत के रक्षामंत्री व लखनऊ से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी राजनाथ सिंह ने राजाजीपुरम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन इस बार 400 से अधिक सीटें जीतने जा रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की कड़ी आलोचना करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि राजनीति केवल झूठ बोलकर नहीं की जानी चाहिए। नरेन्द्र मोदी सर्वमान्य नेता हैं। ऐसे सशक्त व प्रभावी नेतृत्व के बारे में इस प्रकार की बातें नहीं करनी चाहिए।

देश 2024 और 2029 में भी



मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता है। रक्षामंत्री ने कहा कि अब तक जितने प्रधानमंत्री हुए हैं सबने कुछ न कुछ काम किया है लेकिन मोदी के शासनकाल में जो तेजी देखने को मिली है वह तेजी भारत के इतिहास में देखने को नहीं मिली। मोदी के नेतृत्व में एक नये भारत का निर्माण हो रहा है।

### मालदा में बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी। दो अन्य लोग झुलस गए। गुरुवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों में मणिचक थाना क्षेत्र निवासी दो नाबालिग और माला थाना क्षेत्र के साहापुर निवासी तीन लोग शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, वहीं दो अन्य लोग गजोल थाना क्षेत्र के अदीना और रतुआ थाना क्षेत्र के बालूपुर के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि हरीशचंद्रपुर के एक खेत में काम कर रहे दंपति की भी आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, आकाशीय बिजले की चपेट में आकर जान गंवाने वाले बाकी लोग इंग्लिशबाजार और मणिचक थाना इलाके के निवासी थे। इन्हें राज्य सरकार की ओर से वित्तीय मुआवजा मिलेगा।

# आलमगीर आलम भेजे गए जेल

एजेंसी, रांची।

झारखंड में ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को मेडिकल जांच के बाद आज कोर्ट में पेश किया।

ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने श्री आलम को दस दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की कोर्ट से अनुमति मांगी। इसका श्री आलम के अधिवक्ता ने विरोध किया।

इसके बाद अदालत ने छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। इससे पहले अदालत ने मंत्री श्री आलम को गुरुवार



को न्यायिक हिरासत में होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल भेज दिया। अब ईडी श्री आलम को अपने कब्जे में लेकर शुक्रवार से पूछताछ शुरु करेगी।पेशी के दौरान कोर्ट परिसर में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पेशी के दौरान कोर्ट परिसर में आलमगीर आलम जिंदाबाद के जमकर नारे लगे। इससे पूर्व ईडी ने दो दिनों की पूछताछ के बाद मंत्री श्री आलम को बुधवार को गिरफ्तार किया था। ज्ञातव्य है कि ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके सहायक जहांगीर आलम सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे।

### किसानों की बदहाली के बहते आंसू भाजपा को सिखायेंगे सबक : अखिलेश

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में गुरुवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने किसानों की बदहाली के लिए भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि किसानों की बदहाली के बह रहे आंसू इनकों सबक सिखायेंगे। इनके शासनकाल में किसानों की हालत बद से बदतर हुई है और किसान इनसे 17 साल का हिसाब लेंगे।

# 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती कर देंगे शुरु : राहुल

### घोषणा

- आपका एक वोट,15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों की भर्ती का काम शुरू करवाएगा

एजेंसी, नई दिल्ली।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अन्याय को मिटाने के लिए एक एक वोट को जरूरी बताते हुए कहा है कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर



भर्ती शुरु कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में न्याय नहीं हो रहा है। जल, जमीन और जंगल से आदिवासियों के हकों को छीना जा रहा है और सबके साथ अन्याय हो रहा है इसलिए न्याय के लिए हर एक वोट जरूरी है। श्री गांधी ने कहा कि अपने एक वोट की ताकत समझिए। देश भर में हो रहे भयंकर भेदभाव और अन्याय को मिटाएगा - आपका एक वोट, 15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों की भर्ती का काम शुरू करवाएगा - आपका एक वोट। एक जुलाई से गरीब महिलाओं के खाते में 8,500 रुपए हर माह खटाखट पहुंचाएगा - आपका एक वोट।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मिला आपका एक वोट युवाओं को 1 लाख रुपए वर्ष की पहली नौकरी दिलवाएगा, आपको अधिकार देने वाले संविधान की रक्षा करेगा।

# स्वाति मालीवाल के सवाल पर चुप्पी साध गए केजरीवाल

समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में प्रचार के सिलसिले में लखनऊ पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ अमौसी एयरपोर्ट पर उनके निजी सचिव विभव कुमार की फोटो वायरल होने के बाद सियासी पारा उफान पर पहुंच गया। विभव पर आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के आरोप हैं। उन्हें आप बर्खास्त भी कर चुकी है लेकिन बुधवार देर रात एयरपोर्ट पर केजरीवाल के साथ विभव की फोटो से आप बैकफुट पर आ गई। इधर, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ पार्टी मुख्यालय में गुरुवर को संयुक्त प्रेसवार्ता में स्वाति मालीवाल प्रकरण से जुड़े सवालों पर केजरीवाल ने चुप्पी साध ली। प्रेसवार्ता भी महज 17 मिनट में खत्म हो गई।

केजरीवाल से ये पूछे जाने पर कि पीए विभव को हटाने के बजाय साथ लेकर चल रहे हैं, वह कुछ नहीं बोले।

हालांकि अखिलेश ने बचाव करते



### केजरीवाल को दो जून को करना होगा आत्मसमर्पण : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले के मामले में गिरफ्तारी के बाद एक जून तक अंतरिम जमानत पर 10 मई को तिहाड़ जेल से रिहा हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के चुनावी सभा के एक कथित बयान... अगर लोगों ने झाड़ू को वोट दिया तो मुझे वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आपत्ति पर गुरुवार को कहा उसका (शीर्ष अदालत) आदेश बिल्कुल स्पष्ट है कि उन्हें (केजरीवाल) दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्पष्ट किया कि उसने केजरीवाल के मामले को अपवाद नहीं बनाया है। उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाना उचित है।

हुए कहा कि इससे ज्यादा जरूरी और भी बातें हैं। फिर आप सांसद संजय सिंह ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि मणिपुर में एक कारगिल योद्धा की पत्नी को निर्वस्त्र कर घुमाया। हजारों महिलाओं के साथ प्रज्वल रेवन्ना की फोटो पर कहा कि पीएम समर्थन कर रहे हैं। आप सांसद ने कहा कि स्वाति जब राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष की हैसियत से पहलवान बेटियों के समर्थन में गई थीं तो पुलिस ने घसीट कर मारा था।

संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी हमारा परिवार है। पार्टी ने अपना रुख साफ कर दिया है। इस पर राजनीति न की जाए। स्वाति के मामले में भाजपा जवाब दे। प्रेसवार्ता में सपा नेता राजेंद्र चौधरी और आलोक रंजन भी मौजूद थे।

### स्वाति मालीवाल ने तोड़ी चुप्पी

दिल्ली पुलिस ने कथित हमले पर आप सांसद स्वाति मालीवाल का बयान दर्ज किया। उन्होंने केजरीवाल के स्टाफ सदस्य द्वारा मारपीट की लिखित शिकायत दर्ज कराई। दिल्ली पुलिस की एक टीम गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) सांसद स्वाति मालीवाल के आवास पर गई और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी द्वारा उन पर किए गए कथित हमले के संबंध में उनका बयान दर्ज किया। आप सांसद ने बिभव कुमार द्वारा किए गए हमले पर एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है और कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि उचित कार्रवाई की जाएगी। तीन दिन बाद अपनी चुप्पी तोड़ते हुए स्वाति मालीवाल ने एक्स पर लिखा कि मेरे साथ जो हुआ वो बहुत बुरा था।



# इंडी सरकार बनी तो मिलेगा राशन व निःशुल्क इलाजः सुप्रिया

## अन्नदाताओं का माफ करेंगे कर्जा, युवाओ महिलाओं को देंगे एक लाख हर साल

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनते ही हम देश की जनता को 10 किलो राशन देंगे और देशभर में 25 लाख रूपये तक निःशुल्क इलाज की कैशलेस बीमा योजना लागू करेंगे भाजपा का चार सौ पार का नारा संविधान को खत्म करने की साजिस थी आरक्षण को खत्म करने का षडयन्त्र था चार सौ पार का नारा देने वालों को 150 के लाले पड़ रहे है। उक्त बातें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सोशल मीडिया की इंचार्ज, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज लोकसभा क्षेत्र 53 बाराबंकी (अ0जा0) में इण्डिया गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में केन्द्रीय चुनाव कार्यालय सिविल लाइन पूर्व केन्द्रीय मंत्री मोहसिना किद्वाई के आवास पर आयोजति प्रेस वार्ता में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही।



राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का 48 पन्ने और 15339 शब्दों का न्याय पत्र एक ऐसा न्याय पत्र है जिसमें देशवासियों सभी समस्याओं का समाधान है जो वातानुकूलित कमरे में नहीं बनाया गया है। जिसमें हम किसान न्याय के तहत प्रधानमंत्री मोदी की तरह अपने पूंजीपति मित्रों का 16 लाख करोड़ रूपये का कर्जा नहीं माफ करेंगे हम देश के अन्नदाता का कर्जा माफ करेंगे किसान आन्दोलन के चलते सात सौ किसानों ने शहादत दे दी, वह सरकार से क्या मांग रहे थे अपनी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य और किसान विरोधी काले तीन कानूनों की वापसी जो सैंकड़ों शहादत के बाद कानून तो वापस हो गये पर उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिला हम इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनते ही स्वामीनाथन रिपोर्ट के अनुसार एमएसपी देंगे किसानों के उपकरणों खेती के लिये जरूरी चीजों को जीएसटी से मुक्त करेंगे।

प्रधानमंत्री उनसे मंगलसूत्र का हिसाब पूछ रहे हैं जिनका अपना बलिदानी इतिहास है 10 साल की भाजपा सरकार ने समाज के सभी वर्गों को छला है एक बात मैं दावे के साथ कह रही हूं कि देश में इण्डिया गठबन्धन के पक्ष में आंधी चल रही है 4 जून के नतीजों में मोदी जी प्रधानमंत्री नहीं बनने जा रहें है। 20 मई को आपके यहां चुनाव होना है यह चुनाव देश में लोकतंत्र की रक्षा और संविधान की हिफाजत का चुनाव है तनुज पुनिया एक पढे लिखे, संस्कारी उम्मीदवार हैं।

मैं आप लोगों के माध्यम से अपने छोटे भाई तनुज पुनिया को रिकार्ड मतों से जीत के लिये जनता से अनुरोध करने आयी हूँ जब मतदाता अच्छे लोगों को चुनकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजेगा तभी उसके दरवाजे पर विकास पहुंचेगा और उसके घरों में खुशहाली आयेगी पत्रकार वार्ता में मूख्य रूप से पूर्व सांसद, डॉ. पीएल पुनिया तथा कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता सरजू शर्मा मौजूद थे।

## आगे चल रहे ट्रक से टकराई बस, चालक यात्री घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सवारिया बैठाकर दिल्ली से शुकुल बाजार जा रही एक बस गुरुवार की सुबह आगे आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई दुर्घटना में बस का चालक और एक यात्री घायल हो गया घायल चालक एवं यात्री को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र में सुबेहा मार्ग पर शिवराजपुर गांव के समीप सुबह लगभग नौ बजे एक ट्रक शुक्ल बाजार की ओर जा रहा था कि तभी पीछे से आ रही बस ओवरटेक करते समय संतुलन बिगड़ जाने से ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। दुर्घटना में बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस चालक ओम प्रकाश यादव एवं आगे बैठा शुकुलबाजार जनपद अमेठी निवासी यात्री राम मनोहर घायल हो गए।

# तालाब में मिला युवक का शव, शराब पीने का था आदी

**मसौली,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

कस्बा मसौली बाजार स्थित खोखवा तालाब मे गुरुवार की सुबह मिले 30 वर्षीय युवक के शव मिलने से सनसनी फैल गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने तालाब से शव को निकाल कर पहचान करायी मृतक कस्बे के ही सोनी मोहल्ले का रहने वाला है तथा शराब का आदी बताया जा रहा हैं पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताते चले कि गुरवार की सुबह साप्ताहिक बाजार होने के कारण लोग अपनी अपनी दुकाने लगा रहे थे तभी एक दुकानदार की नजर तालाब मे फैली जलखुमभी मे फंसे शव पर पड़ी जंगल मे फैली आग की तरह खबर कस्बे मे पहुंची मौके पर पहुंचे वरिष्ठ उपनिरीक्षक श्मशाद अली शव को तालाब से निकलवा कर शिनाख्त की कोशिश कर रहे थे तभी रात्रि से तलाश मे जुटे परिजनों ने मृतक की पहचान दुर्गेश नागवंशी पुत्र शंकर नाग के रूप मे हुई मृतक कस्बे की बाजार मे चाट की दुकान लगाता था तथा शराब का आदी था बुधवार की देर शाम लोगो के मुताबिक मृतक पानी के बतासे लिये हुए था देर रात्रि तक घर न पहुंचने पर परिजन तलाश भी कर रहे थे। वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली ने बताया कि युवक शराब का आदी था और बीमार रहता था। तालाब में डूबने से मौत हुई है।शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया हैं।

# कांग्रेस का न्याय पत्र बीजेपी की हार की गारंटी

▸ पप्पू सिद्दीकी ने नगर क्षेत्र में जनसंपर्क कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को जिताने की अपील की

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



पिछले 10 वर्षों से भाजपा सबका साथ सबका विकास का राग अलाप रही है परंतु हकीकत में 10 वर्षों में भाजपा ने अपने पूंजीपति मित्रों को ही लाभ पहुंचाया है और किसानों नौजवानों मजदूर के अरमानों का गला घुटने का काम किया है भाजपा सरकार की झूठ फरेब की कहानी जनता के सामने आ गई है देश की जनता को विश्वास हो गया है कि भाजपा विकास की नहीं बदले की राजनीति करती है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पूरे देश से समाप्त कर देना चाहती है इस सरकार में किसान और नौजवान दोनों परेशान है।

उक्त विचार युवा सपा नेता पप्पू सिद्दीकी ने नगर क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान व्यक्त किये और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को जिताने की अपील की। युवा नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का न्याय पत्र बीजेपी की हार की गारंटी है इंडिया गठबंधन भाजपा को करारी शिकस्त देगा अपनी हार निश्चित देखकर भाजपा नेताओं ने अपना दिमागी संतुलन को दिया है। इंडिया गठबंधन का एक-एक सिपाही चट्टान की तरह हमारे साथ खड़ा है बाबा साहब के संविधान तथा देश के प्रजातंत्र के साथ कोई साजिश हम कामयाब नहीं होने देंगे ऐसी ताकते जो बाबा साहब के संविधान और लोकतंत्र के लिए खतरा है उनके चेहरे बेनकाब हो गए हैं हम उन्हें शिकस्त देकर संसदीय क्षेत्र बाराबंकी में इंडिया गठबंधन की विजय पताका फहराएंगे।

# प्रचंड बहुमत से पुनः बनेगी भाजपा सरकारः गोविंद पाठक

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



प्रचंड बहुमत से केंद्र में एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने जा रहा है। जनता का उत्साह वोट में बदल रहा है देश के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल को लेकर लोगों में जो उत्साह है, वह वोट में बदल रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में फिर से भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व की एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इसमें कोई संदेह होना ही नहीं चाहिए। जनता-जनार्दन के द्वारा विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश भी किया जा रहा है। उक्त विचार वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद पाठक ने ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क के दौरान व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से ही रामलला का 500 वर्षों बाद अयोध्या में आगमन संभव हुआ। देश के लिए भारतीय भावना को सम्मान देने और गरीब कल्याण की योजनाओं को बढ़ाने के लिए जो प्रयास हुए हैं आभार के रूप में वोट के माध्यम से मोदी जी तक पहुंचाने का यह अवसर है। 4 चरणों का चुनाव खत्म हो चुका है, उसमें बीजेपी को पूर्ण बहुमत मिल रहा है। देश में मोदी सरकार इसलिए जरूरी है क्योंकि लोग कहते हैं कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे, ये चुनाव रामभक्त और राम द्रोहियों के बीच है.अब देश में मोदी की सुनामी चल रही है.बीजेपी का लक्ष्य बताते हुए युवा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी विकसित भारत बनाने के लिए चुनाव जीतना चाहती है। पूरे देश में एक स्वर गूंज रहा है और वो है कि फिर एक बार मोदी सरकार। मोदी सरकार के बारे में जो ये स्वर गूंज रहा है ये ऐसे ही नहीं है। जनता-जनार्दन कहती है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे।

# कांग्रेस ने देश को 60 वर्षों तक लूटाः रामदेव सिंह

▸ प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में देश विकसित भारत बनने की मजबूत नींव का करेगा निर्माण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



कांग्रेस की सरकार में देश को 60 साल तक लूटा है जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही एनडीए की सरकार ने विगत 10 वर्षों में भारत की साख को नई ऊंचाइयां प्रदान की है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।

2017 से प्रदेश में चल रही योगी सरकार ने गुंडाराज खत्म करके पूरे प्रदेश में कानून का राज स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश विकसित भारत बनने की मजबूत नींव का निर्माण करेगा। उक्त विचार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने आज सुबेहा के ग्राम सटेहटा अहिरगांव कुड़वा पट्टी रतौली आदि गांव में घर-घर जनसंपर्क कर लोगो से भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए व्यक्त किये। जनसंपर्क के दौरान मंडल अध्यक्ष रामसागर मौर्य प्रधान शहरी इस्लामपुर दीनबंधु पांडे मंडल उपाध्यक्ष विक्रम सिंह प्रधान अहीर गांव विनोद शुक्ला प्रधान कुड़वा अनिल सिंह पूर्व प्रधान धारानाथ उपाध्याय बूथ अध्यक्ष रामेश्वर शुक्ल अमित शुक्ला सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### दम्पति को पिकप ने मारी टक्कर, महिला की मौत

**सिरौलीगौसपुर।** बदोसराय कोटवाधाम मार्ग पर मोहद्दीनपुर गांव के पास विक्की से जा रहे दम्पति को पिकप रौंदते हुए निकल गई जिससे पीछे बैठी महिला की मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली बदोसराय के ग्राम मोहद्दीनपुर शराब ठेके के निकट टिकैतनगर थानाक्षेत्र के अरूआ हसौर के अनवर अपनी पत्नी गुलशन के साथ गुरुवार को दोपहर बाद अपनी ससुराल बरोलिया आ रहे थे बरौलिया से एक किलोमीटर पहले ही अज्ञात पिकप ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे महिला सड़क पर गिर गयी और उसे पिकअप रौंदते हुए निकल गई।घटना देख भीड इक्ट्ठा हो गई एम्बुलेंस से घायल महिला को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर पहुंचाया गया। जहां मौजूद डाक्टर आरिफ सिद्दीकी ने घायल महिला को मृत घोषित कर दिया। जबकि अनवर बाल बाल बच गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराने का लिखित प्रार्थनापत्र देकर शव को लेकर चले गए।

### चोरों ने हजारों का किया सामान चोरी

**जैदपुर, बाराबंकी।** बीती रात अज्ञात चोरो ने टारपुरवा मे स्थित एक बाड़े की छत पर चढ़कर दीवार काटकर सरसो, रामदाना,धनिया सहित अन्य समान चुरा ले गये।जिसकी जानकारी सुबह बाडा खोलने पर पीड़ित को हुई।जिसकी जानकारी पुलिस को देने पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा जांच पड़ताल जारी है। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत टाडपुरवा का है जहां मीनापुर निवासी गुड्डू पुत्र सहजराम का बाड़ा चलता है। बीती रात पीड़ित बाड़ा बन्द कर घर गया था। रात मे अज्ञात चोरो ने छत पर चढ़ दीवार काटकर दस बोरी सरसों,पांच बोरी रामदाना,पांच बोरी धनियां चुरा ले गये।सुबह बाड़ा खोलते ही जब पीड़ित ने ये माजरा देखा तो दंग रह गया। जिसकी जानकारी पुलिस को देने पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा जांच पड़ताल जारी है।

### उड़नदस्ता टीमें कर रही छापेमारी, 66998 वाहनों की हुई जांच

**बाराबंकी।** जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया के अन्तर्गत बाराबंकी जनपद में कुल 21 चेक पोस्ट स्थापित किये गये हैं। प्रत्येक चेक पोस्ट पर 8-8 घंटे हेतु 01-01 स्थाई निगरानी टीम प्रभारी तैनात किये गये हैं। इस प्रकार प्रत्येक चेक पोस्ट पर 03 प्रभारी तैनात है अर्थात कुल 63 स्थाई निगरानी टीम प्रभारी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा चेक पोस्ट पर तैनात किये गये हैं। प्रभारी उड़न दस्ता/ स्थायी निगरानी टीम, जिला वन अधिकारी आकाश दीप वधावन ने बताया कि इसी प्रकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 09 उड़नदस्ता टीमें गठित हैं। इस प्रकार 06 विधानसभा क्षेत्र में कुल 54 उड़नदस्ता टीम गठित हैं। प्रत्येक विधानसभा में एक समय पर तीन उड़नदस्ता टीमें जॉच कार्य करती हैं। उन्होंने बताया कि आज सोलह मई को 21 चेक पोस्ट पर कुल 4484 वाहनों की जांच स्थाई निगरानी टीम प्रभारियों द्वारा की गयी। जांच के समय किसी प्रकार की नकदी व सामग्री नहीं पायी गयी। उनके अनुसार 26 अप्रैल से 16 मई तक कुल 66998 वाहनों की जांच चेक पोस्ट पर की गयी है। उन्होंने बताया कि आज उड़नदस्ता टीम द्वारा वाहनों के जांच के दौरान वाहनों में किसी प्रकार की नकदी व सामग्री नहीं पायी गयी।

### मवेशी का बाघ ने किया शिकार



**मितौली खीरी।** आंवला जंगल से सटे गांवो में बाघ की चहलकदमी लगातार के साथ बाघ लगातार शिकार कर रहा है। आंवला जंगल से सटे गांव विशोखर निवासी युवक अपनी छः छोटी बड़ी भैस को चराते चराते खेतों से जंगल पहुंच गया पर झाड़ियों में बैठे बाघ ने हमला कर दिया। चरवाहा व अन्य भैंस भागने लगी। गांव पहुंच कर ग्रामीण ने बाघ की सूचना दी। ग्रामीण व वन विभाग आंवला की टीम ने बाघ की पुष्टि की है। जानकारी अनुसार विशोखर निवासी विकेश कुमार अपनी 6 छोटी बढ़ी भैंस को चराने के लिए गांव के दक्षिण आंवला जंगल के पास गया था। भैंस घांस चरते हुए आंवला जंगल में पहुंच गई। जंगल में खजुर की झाड़ियों में बैठे बाघ ने अचानक हमला कर दिया। बाघ देखकर भैंस भागने लगी। बाघ ने छलांग लगाकर एक छोटी भैंस का शिकार कर दिया। बाघ देखकर विकेश ने शोर मचाया तभी पास ही काम कर रही महिला मिना देवी पर पत्नी विद्याप्रकाश ने शोर मचाते हुए ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों व आंवला वन विभाग की टीम को आंवला जंगल में भैंस के अवशेष मिले। ग्रामीणों को जंगल में आपने पालतू जानवर व स्वयं न जाने और सतर्कता से समूह रहकर खेतों में कार्य करने की अपील की है।

# चोरों ने ताला तोड़कर नकदी व गहने किए पार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



लखीमपुर खीरी के फरधान थाना क्षेत्र में चोरों ने ताला तोड़कर सत्तर हजार रुपये की नकदी व लाखों के गहने पार कर दिए। गृहस्वामी को इसकी जानकारी सुबह सोकर उठने के बाद हुई।

गांव में सूचना फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना क्षेत्र के गनेशपुर रहीश अहमद के घर की पीछे की दीवार से घुसे। इसके बाद अंदर घुसे चोरों ने घर में रखे सत्तर हजार रुपये की नकदी और करीब तीन लाख के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। गृहस्वामी रहीश अपनी पत्नी सहित घर की छत पर सो रहे थे। चोरों ने पीछे की पक्की दीवार से किसी तरह घर में प्रवेश किया। रहीश अहमद जब सुबह सोकर उठने के बाद नीचे आये तो कमरे का ताला टूटा पाया। कमरे के अंदर गए तो सारा सामान बिखरा हुआ था। इस पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। इससे गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठी हो गई। पीड़ित ने बताया कि घर में वह पति पत्नी ही रहते है।मस्जिद के लिए वसूल की जाने वाली धनराशि समेत घरेलू खर्च के लिए लगभग सत्तर हजारों रूपये की नगदी रखी जाती थी। नगदी समेत लगभग तीन लाख के सोने चांदी के जेवर चोरी हो गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। एसओ ने कहा घटना संदिग्ध लग रही है। फिर भी पुलिस टीम जांच करने में जुटी है।

# लगातार चोरियों पर नियंत्रण करने में पुलिस असमर्थ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शहर के फरधान थाना क्षेत्र के गांवो में लगातार चोरियाँ हो रही है पुलिस चोरी तो नहीं रोक पा रही है लेकिन चोरी की घटनाओ की रिपोर्ट न दर्ज करके क्राइम कम करने की कोशिश में जुटी है। ओदरहना में मंगलवार की रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए एक घर से लाखों का माल पार कर के मामले पुलिस ने तहरीर मिलने के बावजूद रिपोर्ट दर्ज नहीं की है पीड़ित दो दिनों से थाने के चक्कर लगा रहा है। बता दे की ओदरहना गांव निवासी दिनेश कुमार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया था मंगलवार की रात चोरों ने मकान के पीछे से घुसकर मेरे और मेरे भाई मिथिलेश के कमरे में रखी 7000 रूपये नगदी समेत लाखों के जेवर चोरी कर ले गए। साथ ही साथ ही बारह बोर की पंद्रह कारतूस भी चोरी कर ले गए। जब उनको आहट मिली तो उन्होंने हल्ला मचाना शुरू किया जब तक घर के लोग इकट्ठा हुए तब तक चोर वही गाँव के शिवभगवान के मकान में चोरी करने की नियत से घुसे चोरो ने जैसे ही ताला तोड़ने का प्रयास किया तभी छत पर सो रहें शिवभगवान जाग गए और घर में चहल कदमी को सुनकर छत से नीचे मकान में गए तो देखा कि सात आठ लोग उसको देखकर भाग निकले। चोरी कि सूचना पर पहुँची फरधान पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए दोनों पीड़ित से घटनाक्रम के बारे में पूछा और पुलिस ने दोनों घरों का मौका मुआयना भी किया था।

# शिक्षामित्र पर पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज हुआ मुकदमा

**मैगलगंज खीरी।** संविलियन विद्यालय मैगलगंज की चार छात्राओं ने विद्यालय में तैनात शिक्षामित्र पर शिक्षण कार्य के दौरान छेड़छाड़ किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी शिक्षक के विरुद्ध पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार भी कर लिया है।

मैगलगंज कस्बा निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाते हुए कहा है कि उसकी 12 वर्षीय पुत्री कस्बे के ही संविलियन विद्यालय में कक्षा चार में पढ़ती है। गुरुवार को स्कूल से वह रोती हुई घर आई तो रोने का कारण पूछने पर उसने बताया कि विद्यालय में पढ़ाने वाले एक शिक्षामित्र उसे गलत तरीके से छूकर छेड़खानी करते हैं। जब इसकी सूचना लेकर प्रार्थी विद्यालय गया तो वहां अन्य कई लड़कियों ने शिक्षक पर इस तरह के आरोप लगाए। मामले की जानकारी मिलने के बाद कस्बा प्रभारी विनोद सिंह ने विद्यालय पहुंचकर छात्राओं से बातचीत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी शिक्षक के विरुद्ध छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है।



## तलीझाड़ सफाई का हुआ कार्य, नगर पालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बरसात से पूर्व नगर के सभी नालों की तली झाड सफाई करवाने के लिए सफाई नायकों को निर्देश दिया। डामर रोड मेला मैदान पर चल रहे नाले की सफाई का स्वयं जाकर निरीक्षण किया तथा नालों की विधिवत सफाई करने का आदेश दिया और कहा कि नगर में जलभराव की स्थिति न हो इसके लिए नगर वासियों से सहयोग की। अपील कर पॉलीथीन का कम से कम प्रयोग करने की बात कही। इस अवसर पर सभासद आशीष अवस्थी, रविन्द्र कटियार, लवकुश अवस्थी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षण संदीप वर्मा, सफाई नायक नरेश कुमार व सफाई कर्मी उपस्थिति रहे।

# हाई स्कूल परीक्षा के जिला चतुर्थ टॉपर सम्मानित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी के देवकली गांव के अहाद अमन पुत्र वारिस अली यूपी बोर्ड ने हाई स्कूल की परीक्षा मे चतुर्थ टॉपर रह कर परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया। गोला स्थिति सनशाइन हॉस्पिटल और ट्रॉमा सेंटर के डायरेक्टर व डॉक्टर कौशल वर्मा ने सम्मानित कर आशीर्वाद दिया।



देवकली में रहमत अली का सयुंक्त परिवार है जो कि ग्रामीण परिवेश में रहकर शिक्षा और व्यवसाय के क्षेत्र में अग्रणी है। अहाद अमन ने बताया कि आगे चल कर वह डॉक्टर बनना चाहता है। परिवार में पहले से ही परिवार की तीन लड़किया और उसकी माता मेडिकल क्षेत्र में कार्यरत है। डॉक्टर कौशल ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चो को आगे बढ़ाना कोई इस परिवार से सीखे। परिवार ने बच्चो को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढाकर क्षेत्रवासियों के मध्य मिसाल कायम की है। डॉ. कौशल वर्मा ने परिवार में जाकर बच्चे को आगे की शिक्षा के लिए मार्गदर्शन दिया, मिठाई खिलाकर बच्चे को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. कौशल वर्मा के साथ अनुज सिंह, मित्रपाल , सुमित वर्मा उपस्थित रहे।

## दो परिवार एक साथ रहने को हुए राजी

**बाराबंकी।** महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र के प्रयास से पारिवारिक मतभेद भुलाकर 02 दम्पति एक साथ हंसी-खुशी रहने हेतु हुए राजी हुए। पारिवारिक व वैचारिक मतभेदों से उत्पन्न विवादों सम्बन्धी प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनकी काउंसलिंग की जा रही है। गुरुवार को 02 प्रकरण में दम्पति द्वारा वैचारिक मतभेदों को भुलाकर आपसी सहमति से एक साथ हंसी-खुशी रहने हेतु राजी हुए। महिला थाना प्रभारी/ काउंसलरों द्वारा दम्पति को पुरानी बातों को भुलाकर अग्रिम जीवन की नये तरीके से शुरूआत करने की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि दोनों परस्पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देते हुए एक दूसरे का भावनात्मक स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे।

## सूचना

मैने अपने सबसे बड़े पुत्र जीतू उम्र लगभग 24 वर्ष व उसकी पत्नी प्रीती जो आये दिन मुझे अकारण परेशान करते हैं और मेरा कहा नहीं मानते तथा मनमानी करते हैं। उनके चाल चलन ठीक न होने एवं दुर्व्यवहार के कारण मैंने व मेरे परिवार ने उन्हें अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने समस्त संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। नन्हा उर्फ नन्हे पुत्र धनीराम निवासी ग्राम पहाड़खां पुरवा ओयल थाना व जिला खीरी।

# स्वास्थ्य जागरूकता के लिए निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था इनर व्हील क्लब आफ लखीमपुर नव दिशा की अध्यक्ष कुमकुम गुप्ता ने स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए लखनऊ मेदांता हॉस्पिटल के डॉक्टर्स के सहयोग से एक निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया। क्लब अध्यक्ष द्वारा डॉक्टर का स्वागत ,फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया।




डॉक्टर शैफ एन शाह( डायरेक्टर -ऑर्थोपेडिक्स ज्वाइंट रिप्लेसमेंट और आर्थोस्कॉपी सर्जन) डॉक्टर रुचिता शर्मा( सीनियर कंसलटेंट इंटरनल मेडिसिन) ने सभी को अपने शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए व हड्डियों को मजबूत करने के लिए क्या करना चाहिए इसके बारे में बताया और अपने सही खान-पान , योग व टहलने से संबंधित महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी और यह भी बताया कि हमें छोटे-छोटे रोगों के लिए दवाईयों का सहारा , बिना डॉक्टर के परामर्श के नहीं लेना चाहिए। डॉक्टर की टीम के द्वारा वहां मौजूद लोगों द्वारा अपना ब्लड शुगर , ईसीजी, बीपी , एस पी ओ 2,वजन बीएमआई आदि का जांच करवाया गया और उसी के आधार पर डॉक्टर साहब के द्वारा हेल्थ से संबंधित परामर्श दिया गया। दोनों डॉक्टर ने सभी को उचित परामर्श दिया। इसके साथ ही आजकल तेजी से बढ़ने वाले बेस्ट कैंसर रोग व फीमेल ब्लड स्टिमुलेशन के बारे में लोगों को जागरूक किया। डॉक्टर ने मुख्य रूप से महिलाओं को समझाया कि अपने दैनिक कार्यों के करने में व्यस्त महिलाएं अपना ध्यान नहीं रख पाती इसलिए उन्हें अपने शरीर का ख्याल रखना चाहिए।

डॉक्टर्स ने यह भी बताया कि हमें अपना रूटीन चेकअप जरूर करवाना चाहिए जिससे हमारे शरीर में आने वाली बीमारी का पहले से ही पता चल जाए। लखीमपुर वासियों को स्वास्थ्य के लिए जागरूक करने के लिए और इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डॉक्टर्स को क्लब अध्यक्ष द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और धन्यवाद दिया गया।

रोगन अल्सरीन
शरीर में कहीं भी जलन हो, रक्त स्राव हो रहा हो स्तन के फोड़े में घाव हो गया हो, पुराना सिर दर्द हो, बवासीर हो।
मुंह के छाले से लेकर ऑंत और अमाशय के व्रण तक इसे जल में मिलाकर पीते रहना चाहिए।
सौजन्य से-वैध सम्राट सवर्ण पदक प्राप्त
बाबू गोपाल शरण गर्ग जी
विजयगढ़, अलीगढ़ (उ. प्र.)
सही दवा मिलने का पता- 9120747293
अन्सारी औषधि भण्डार जरवल रोड, बहराइच (उ.प्र.)


# भारतीय जनता पार्टी की चल रही लहर : केशव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

- चार चरणों में ही टूट चुका है अखिलेश यादव और राहुल गांधी का भ्रम
- 4 जून को 4 बजे 400 पार होते ही देश के 80 करोड़ लोगों को 5 वर्ष तक नि:शुल्क राशन मिलता रहेगा और तीन करोड़ गरीबों को आवास आवास



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रायबरेली के ऊंचाहार में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के चार चरणों में ही अखिलेश यादव और राहुल गांधी का भ्रम टूट चुका है।

श्री मौर्य ने कहा कि कांग्रेस व सपा का इंडी गठबंधन चार चरणों में ही पूरी तरह से पस्त व ध्वस्त हो चुका है और कमल खिल चुका है।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गांधी परिवार के लोग दिल्ली से रायबरेली चुनाव लड़ने आते है। वोट लेकर चले जाते है फिर पांच साल तक पीछे मुड़कर नहीं देखते है। उन्होंने कहा कि 2019 में राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हारे और अब रायबरेली लड़ने आए है। पिछली बार अमेठी की जनता ने राहुल गांधी को बता दिया था जो हमारे सुख, दुख में साथ नहीं हम उसके साथ नही और अब रायबरेली की जनता भी राहुल गांधी को यही बताने जा रही है।श्री मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की पूरे देश में लहर चल रही है। गरीबों का विकास, किसानों की आर्थिक मजबूती, नौजवानों को रोजगार तथा महिलाओं का सशक्तिकरण ही मोदी जी का संकल्प है। उन्होंने कहा कि 4 जून को 4 बजे 400 पार होते ही देश के 80 करोड़ लोगों को 5 वर्ष तक नि:शुल्क राशन मिलता रहेगा और तीन करोड़ गरीबों को आवास मिलेगा। नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के साथ देश विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ेगा।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जब गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बना तो सरकार की सारी योजनाओं को गरीबों के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि गरीब के हक का 85 फीसदी दलाली एवं कमीशन में हजम करने की कांग्रेसी परम्परा है। मोदी ने भ्रष्टाचार दलाली व कमीशनखोरी बन्द करके गरीब का हक गरीब तक पहुंचाने का काम किया है। सपा, कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन के घटक दल कमीशन, भ्रष्टाचार व दलाली बन्द होने से बौखला गए है और झूठ व भ्रम फैला रहे है।

# स्वाति मालीवाल की मारपीट के मुख्य आरोपी को केजरीवाल का संरक्षण : प्रेम शुक्ल

- आम आदमी पार्टी का महिला उत्पीड़न का पुराना रिकार्ड

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों के साथ चर्चा करते हुए राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल की मारपीट के मुख्य आरोपी को संरक्षण देने पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल पर जोरदार हमला किया।

श्री शुक्ल ने कहा कि राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के ऊपर आपराधिक हमला करने वाले विभव कुमार को दिल्ली शराब कांड के मुख्य षडयंत्रकारी तथा भ्रष्टाचार शिरोमणि अरविन्द केजरीवाल के लखनऊ आगमन पर साये की तरह उनके साथ देखा गया। राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल ने कहा कि स्वाति मालीवाल ने पुलिस को कॉल की थी, जिस कॉल के आधार पर पुलिस कंट्रोलरूम में दर्ज शिकायत में लिखा है कि 'महिला कॉल कर रही है कि मैं सीएम आवास पर हूं और उन्होने अपने पीए विभव कुमार से पिटवाया है।' इससे स्पष्ट है कि स्वाति मालीवाल की पिटाई मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के कहने पर विभव कुमार द्वारा की गई। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने प्रेसवार्ता करके स्वाति मालीवाल के साथ हुई हिंसक घटना की पुष्टि की और आश्वस्त किया कि विभव कुमार पर कार्रवाई की जाएगी। प्रेम शुक्ल ने कहा कि विभव कुमार आज विशेष विमान में केजरीवाल के हमसाया बनकर लखनऊ की धरती पर अवतरित हुए और उनका स्वागत करने के लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव पलक पाँवड़े बिछाए हुए थे।

## खबरें एक नजर में

### वन अप मोटर्स ने लांच की एपिक न्यू स्विफ्ट



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। वन अप मोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एरिना के शोरूम बाला गंज पर मारुति सुजुकी की एपिक न्यू स्विफ्ट लांचिंग मुख्य अतिथि विनोद साही अपर महाअधिवक्ता गवर्मेंट ऑफ उत्तर प्रदेश वन अप ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर यशवर्धन अग्रवाल, सूर्यवर्धन अग्रवाल,अभिमन्यु मंगलम द्वारा की गई। वन अप मोटर्स ग्रुप के प्रेसीडेंट प्रशांत त्रिपाठी ,वाइस प्रेसिडेंट मयंक साही एवं वन अप मोटर्स ग्रुप के मैंनेजर सौरभ सिंह द्वारा बताया गया कि यह गाड़ी चौथी पीढ़ी की प्रीमियम हैचबैक है। इसमें जेड सीरीज 1.2 ली. इंजन, छह एयरबैग, ईएसपी, ईवीडी के साथ एबीएस हिल होल्ड अतिरिक्त कई सुरक्षा सुविधाओं से युक्त है। इसके अलावा आधुनिक पचास नए फीचर्स के साथ नौ नए कलर के साथ उतारा गया है। एपिक न्यू स्विफ्ट का माइलेज 25.75 प्रति लीटर का दावा है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर स्कूटी सवार की मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधनी लखनऊ में स्कूटी सवार व्यक्ति को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे वह उछलकर दूर जा गिरा। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र के अहीमा मऊ गांव के पास की है। पुलिस ने बताया, मृतक की पहचान हितेश कुमार सिंह (45) निवासी अहिमामऊ के तौर पर हुई है। वह माली का काम करता था। बीती रात करीब 10 बजकर 30 मिनट पर वह स्कूटी से दवा लेने के लिए जा रहा था। जैसे ही वह सुशांत गोल्फसिटी के चिन्मय रिसॉर्ट के पास पहुंचा, तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने से वह गंभीर घायल हो गया और पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां, इलाज चल रहा था, लेकिन गुरुवार सुबह हितेश ने दम तोड़ दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और ट्रक को भी कब्जे में ले लिया गया। ट्रक चालक पुलिस की हिरासत में है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### सपा के पूर्व विधायक पर एफआईआर दर्ज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी के गोमतीनगर थाने में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक आशुतोष उपाध्याय समेत तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इन पर एक मैकेनिक के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक गोमती नगर इलाके में एक मोटर वर्कशॉप पर पहुंचे जहाँ किसी बात को लेकर उनका मैकेनिक से विवाद हो गया। आरोप है कि विधायक और उनके सरकारी गनर ने मैकेनिक को पीटना शुरू कर दिया। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। लखनऊ पुलिस को दी गई तहरीर में मैकेनिक लाल जी ने आरोप लगाया है कि पूर्व विधायक, उनके सरकारी गनर और ड्राइवर ने उसे जाति सूचक गालियां दीं और अचानक डंडे से हमला कर दिया। जब वो जान बचाने के लिये भागा तो विधायक और उनके गनर ने उसे सड़क पर दौड़ाकर पकड़ लिया और लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। पूर्व विधायक ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही हमला करने, चोट पहुंचाने और धमकी देने की धाराओं के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

### लोहिया संस्थान के कर्मचारी की मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में कार्यरत एक कर्मचारी की मौत हो गई है। हालांकि मौत की वजह अभी साफनहीं हो पाई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक लोहिया संस्थान में कार्यरत कर्मचारी अपने आवास पर सोने गया था, लेकिन सुबह सोकर नहीं उठा। सोते-सोते कर्मचारी की मौत हो गई है। कर्मचारी लोहिया संस्थान के पास स्थित रिसहापुरवा में रहा रहा था। बताया जा रहा कर्मचारी हरदोई का रहने वाला था और लखनऊ के लोहिया संस्थान स्थित न्यूरो सर्जरी विभाग में आउटसोर्सिंग पर तैनात था। वहीं साथ में काम करने वाले कर्मचारियो ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है। जबकि संस्थान प्रशासन ने अभी इस तरह की किसी घटना की जानकारी होने से इंकार किया है।

### बिजली कर्मचारी ट्रेन के आगे कूदा, मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में बिजली विभाग का कर्मचारी गुलाब (38) ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। वह काफी समय से अधिकारियों से परेशान था। बड़ी संख्या में गांव वालों ने बक्शी का तालाब स्थित कठवारा बिजली विभाग कार्यालय को घेर लिया है। महिलाएं कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठी हैं। हंगामे के चलते मौके पर पुलिस पहुंच गई है। क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला भी मौजूद हैं। गांव के लोगों को समझाया जा रहा है। वहीं, मृतक की पत्नी बेहोश है। सुसाइड की घटना सुबह 10.30 बजे की बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि गुलाब बाइक से क्रॉसिंग के पास पहुंचा था। यहां बाइक खड़ी किया फिर पैसेंजर ट्रेन के आगे कूद गया। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर लिया है। परिजनों का कहना है कि, बुधवार शाम को जूनियर इंजीनियर अजय कुमार और एसएसओ के साथ कई अधिकारियों ने घर पर छापा मारा था। इसी बात से गुलाब परेशान था।

# पीएम मोदी सिर्फ झूठ बोलते हैं : पवन खेड़ा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

- सिर्फ लड़ाने का काम करती है बीजेपी
- सरल सुलभ, सहज व्यक्ति को गांधी परिवार ने अमेठी के लिए चुना



कांग्रेस लीडर पवन खेड़ा ने गौरीगंज में केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस माटी से निकले राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री बनकर सूचना संचार क्रांति लाए। हम इस माटी को धन्यवाद देते हैं और कृतज्ञ हैं।

पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा सिर्फ लड़ाने का काम करती है। नकारात्मक राजनीति करती है, पिछले 10 साल में जो स्थिति इस देश के नौजवानों की हुई, इस देश के किसानों की हुई, वह सब आपके सामने है देश के छोटे उद्योग धंधे बंद हो गए, सेना का जवान 4 साल में रिटायर किया जाएगा, जबकि प्रधानमंत्री 75 साल में मौका मांग रहे हैं, 80 में भी मांग सकते हैं, 90 में भी मांग सकते हैं, वह दीर्घायु हों अच्छा है लेकिन देश के नौजवानों के हक को आखिर क्यों छीना जा रहा है। 2014 के बाद क्या हुआ? इन दस सालों में बीजेपी ने देश को कहां पहुंचा दिया, 2024 के बीच में क्या हैडलाइन बनती है आपको देखकर शर्म आ जायेगी, कभी किसी सवाल पर, किसी मामले में किसी और के साथ विवाद, जो पूर्वज हमारे पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल जिन्होंने पूरा जीवन इस देश के लिए त्याग कर दिया, बलिदान कर दिया उन्हें मरणोपरांत उनके बीच विवाद की हेडलाइन बनाई जा रही, यह ऐसे लोग हैं जो समाज में बांटने काम करते हैं। जो है नहीं उनको भी विवाद में दिखाने बांटने की कोशिश करते हैं ऐसे लोगों को सत्ता से बाहर करना हम लोगों का परम कर्तव्य है।

पवन खेड़ा ने केएल शर्मा को जिताने की अपील करते हुए कहा कि किशोरी लाल से मेरा 25 साल का संबंध है, जब मैं दिल्ली में सरकार में था, केंद्र में भाजपा सरकार थी 2003 से पहले, तो फोन करके मुझे डांट दिया करते थे, मैं शीलाजी के साथ काम करता था। किशोरी लाल शर्मा डांट कर मुझे कहते थे कि मैं इन लोगों को भेज रहा हूं अमेठी के लोगों को, इनका इलाज होना चाहिए, इनका काम होना चाहिए, किसी का भी काम रुकना नहीं चाहिए। हमने किशोरी लाल से काम कैसे किया जाए यह सीखा है, किशोरी लाल के दरवाजे से कोई अभी तक खाली हाथ नहीं गया, ऐसा व्यक्ति आपका प्रतिनिधित्व करेगा तो यह निश्चित तौर पर यह गर्व की बात होगी। भारतीय जनता पार्टी ने यहां के लोगो, अमेठी के लोगों से झूठ बोला, अमेठी के लोग जो गांधी परिवार से पारिवारिक रिश्ता रखते हैं, देश के प्रधानमंत्री अमेठी के अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों को सम्मान देते थे उनकी बात सुनते थे, लेकिन आज क्या हो रहा आज अमेठी के लोगों को डराया जाता है, धमकाया जाता है।

# गरीबों को थोड़ा राशन देकर भाजपा के लोग चुनावी लाभ लेने पर तुले : मायावती

- थोड़ा मुफ्त राशन भाजपा सरकार का उपकार नहीं, बल्कि लोगों द्वारा सरकार को दिया गया टैक्स का ही धन है



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को राशन को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गरीबों को थोड़ा राशन देकर भाजपा के लोग चुनाव में भुनाने पर तुले हैं। मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि देश के लोगों को बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन आदि के अभिशाप से मुक्त करना तो दूर उन्हें रोक पाने में विफलता के कारण गरीबों को थोड़ा राशन देने को भी भाजपा एंड कम्पनी के लोग चुनाव में भुनाने पर तुले हैं, जो उचित नहीं है क्योंकि यह मेहरबानी नहीं है। उन्होंने आगे लिखा कि लोगों को यह थोड़ा मुफ्त राशन भाजपा, सरकार का उपकार नहीं, बल्कि लोगों द्वारा सरकार को दिया गया टैक्स का ही धन है। अतः इसके बदले वोट मांगकर गरीबों का मजाक उड़ाना अशोभनीय। यह बात मैं हर जनसभा में कहती हूं फिर भी भाजपा द्वारा प्रचारित ऐसे फेक वीडियो पर लोग ध्यान न दें।





### सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो

मलिहाबाद लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र अंतर्गत सफा पब्लिक स्कूल की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। हमारा पेट्रोल पंप माल रोड पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अदीबा नदीम ख़ान ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया सफा पब्लिक स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने हाथों में तिरंगा और स्लोगन लिखी तख्तियां वोट डालने बूथ पर जाएं, लोकतंत्र का पर्व मनाएं, बनों देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता, करे राष्ट्र का जो उत्थान, करें उसी को हम मतदान, लोकतंत्र में हिस्सेदारी, हम सबकी है जिम्मेदारी, बच्चा-बच्चा करे पुकार, वोट डालना अबकी बार जैसे नारे लगाते हुए मलिहाबाद चौराहा पार करते हुए मलिहाबाद तहसील तक रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। मलिहाबाद के लोगों ने भी इस रैली का भरपूर समर्थन किया।

# भारत जोड़ो यात्रा से सीख लेकर की गरीबों की मदद : शिवकुमार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।





कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने गुरुवार को कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों के चलते महंगाई और बेरोजगारी ने आज सुरसा का रुप ले लिया है जिससे निपटने के लिये उनकी सरकार कर्नाटक में हर माह दस किलो अनाज गरीब परिवारों को दे रही है।

कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जिन लोगों से राहुल गांधी मिले उन्होंने देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी, महंगाई ,देश में पनप रही नफरत बताया। किसानों ने अपनी दुर्दशा बताई। उस भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ही हमने मन बना लिया था कि हमें देश की जनता की मदद करनी है। इसीलिये कर्नाटक सरकार एक करोड़ 20 लाख महिलाओं को 2000 रुपया प्रति महीना गृह लक्ष्मी योजना के अंतर्गत दे रही है, एक करोड़ 50 लाख परिवारों को हम 200 यूनिट फ्री बिजली गृह ज्योति योजना के तहत दे रहे हैं। प्रदेश के बेरोजगारों को 3000 रूपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता दे रहे हैं। हमने शक्ति योजना का वादा किया था जिसमें हम पूरे प्रदेश की महिलाओं को मुफ्त में बस यात्रा उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रियंका गांधी ने हमसे और सिद्धारमैया जी से कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी गरीबों से किसानों से युवाओं से झूठे वादे कर रही है जिससे लोगों में राजनीतिक दलों के प्रति उदासीनता पनप रही है और उन्होंने मुझे और सिद्धारमैया जी से कर्नाटक की जनता के हित में गारंटी देने का वादा लिया और हमसे उस गारंटी पर साइन करवाया। कर्नाटक के विधानसभा चुनाव के दौरान हमने उस हस्ताक्षर किए हुए गारंटी कार्ड को घर-घर में बांटने का काम किया और हमने जनता से वादा किया कि हम सौगंध खाते हैं कि हम जो वादे इस गारंटी कार्ड में आपसे कर रहे हैं उन्हें पूरा करके दिखाएंगे और हमें आपको बताते हुए बहुत प्रसन्नता और संतुष्टि है कि आज लगभग 1 साल कर्नाटक सरकार को हो गया है और हमने लगभग सभी गारंटियों को पूरा कर लिया है।

### सुमित सिंह बने रालोद कार्यकारिणी सदस्य

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. जयंत सिंह के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी के अनुमोदनोंपरान्त राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने लखनऊ के सुमित सिंह को उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य मनोनीत किया है और आशा है कि इस गहन दायित्व का निर्वहन करते हुए चौ चरण सिंह एवं अजित सिंह की विचारधारा-रालोद की रीति-नीति में आस्था रखते हुए राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

# अखिलेश 19 को पड़िला एवं मुंगारी में करेंगे जनसभा

लखनऊ/प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।



- सभा की तैयारियां शुरू होते ही गठबंधन में खींचतान आया सामने

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की 19 मई को जिले के पड़िला एवं मुंगारी में जनसभा होगी। पार्टी की ओर से कार्यक्रम जारी हो गया है। सूचना मिलने के बाद पार्टी के नेताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

यह जानकारी सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि जनसभा को सफल बनाने के लिए शुक्रवार 17 मई को पार्टी के जार्जटाउन कार्यालय में गठबंधन दल के पदाधिकारियों की बैठक भी बुलाई गई है। सपा के जिला मिडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर के अनुसार प्रदेश कार्यालय से जारी कार्यक्रम के अनुसार अखिलेश यादव 19 मई को दोपहर 12 बजे प्राइवेट वायुयान से अमौसी एयरपोर्ट लखनऊ से चलकर अपराह्न 12:40 बजे प्रयागराज एयरपोर्ट आएंगे। वहां से हेलीकाप्टर से चलकर दोपहर 1:05 पर पड़िला पहुंच कर जनसभा को सम्बोधित करेंगे। तत्पश्चात् 2:40 बजे मुंगारी के लिए प्रस्थान करेंगे। 5 बजे प्राइवेट वायुयान से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। सपा से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अखिलेश यादव एवं राहुल गांधी दोनों जनसभा में उपस्थित रहेंगे। सपा मीडिया प्रभारी ने अखिलेश यादव का कार्यक्रम जारी कर दिया। लेकिन राहुंल गांधी के बारे में कुछ नहीं कहा। इस बारे में मीडिया प्रभारी ने वार्ता करने पर बताया कि हम सपा से सम्बंधित हैं। राहुल गांधी के कार्यक्रम से हमें कोई मतलब नहीं है।

# भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर पार्टी कार्यकर्ताओं पर भड़के

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



मोहनलालगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वो पार्टी कार्यकर्ताओं से नाराज दिख रहे हैं। उन्हें डांटते नजर आ रहे हैं। भाजपा सांसद कौशल किशोर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे थे। उसी दौरान किसी कार्यकर्ता ने कहा कि गांव के लोग भाजपा को वोट न देने की बात कह रहे हैं। इतना सुनते ही कौशल किशोर पार्टी कार्यकर्तओं पर भड़क गए। उन्होंने कहा विरोध तो तमाम लोग किया करते हैं।

पहली बार जब मैं सिधौली विधानसभा से चुनाव लड़ा था तो 13 हजार वोट से हार गया था। इस बार भी ज्यादा से ज्यादा क्या होगा 25 हजार वोट से हार जाउंगा। इससे ज्यादा क्या होगा। भाजपा सांसद का यह वीडियो सामने के बाद विपक्ष के लोग इसे हार का डर बताने लगे हैं।

संगोष्ठी | पंचायती राज निदेशालय में कार्यशाला आयोजित

# अच्छा व्यक्ति बन सकता है बेहतर कर्मचारी के साथ कर्मयोगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



महानिदेशक उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी एल. वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में मिशन कर्मयोगी, कर्मयोग पर चर्चा हेतु संगोष्ठी,कार्यशाला का पंचायती राज निदेशालय ऑडिटोरियम में आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्घाटन एल. वेंकटेश्वर लू महानिदेशक उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अटल कुमार राय निदेशक, पंचायती राज, प्रिट द्वारा महानिदेशक, उपाम तथा उपस्थित अन्य अधिकारियों का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर महानिदेशक उपाम द्वारा अपने उद्बोधन में कर्मचारी से कर्मयोगी बनने की यात्रा के संबंध में विस्तृत व्याख्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि एक सहृदय उदार एवं अच्छा व्यक्ति ही बेहतर कर्मचारी के साथ-साथ कर्मयोगी एवं राष्ट्रभक्त बन सकता है। इस अवसर पर निदेशक, पंचायती राज ने मिशन कर्मयोगी के संबंध में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। उपनिदेशक उपाम द्वारा मिशन कर्मयोगी एवं कर्मयोग पर विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की गयी एवं बताया गया कि कोई कर्मचारी मिशन कर्मयोगी बनने के लिए भारत सरकार के संबंधित पोर्टल के माध्यम से विभिन्न उपलब्ध ऑनलाइन कोर्स करके अपनी क्षमता संवर्धन के साथ-साथ ई-प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर सकता है। अपर निदेशक प्रशा. पंचायती राज द्वारा मिशन कर्मयोगी के अन्तर्गत इथिक्स इन गवर्नेन्स विषय पर विस्तृत जानकारी दी गयी।

उद्घाटन अवसर पर अटल कुमार राय निदेशक पंचायती राज, प्रिट राज कुमार, अपर निदेशक प्रशा पंचायती राज, सन्त कुमार, उपनिदेशक उपाम, एसके सिंह, संयुक्त निदेशक पंचायती राज अमितोष श्रीवास्तव मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी पंचायती राज निदेशालय प्रवीणा चौधरी, संयुक्त निदेशक, प्रिट तथा एसएन सिंह, उपनिदेशक पं, पंचायती राज उपस्थित रहे।

### नर्सिंग संवर्ग की समस्याओं पर वार्ता कर सौंपा ज्ञापन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य डॉ. बृजेश राठौर से उनके कार्यालय में मुलाकात कर नर्सिंग संवर्ग की समस्याओं पर वार्ता कर ज्ञापन भी सौपा गया, जिसमें मुख्य मुद्दा जेष्ठयता को ध्यान में न रखकर कनिष्ठ कर्मी को कई चिकित्सालय में चार्ज दिया जा रहा है जिसका विरोध किया गया एवं झलकारी बाई चिकित्सालय, लखनऊ में बताया गया कि संविदा में तैनात कर्मी को एस एन सी यू का चार्ज दिया गया है, जबकि वहां पर स्थाई कर्मी तैनात है जिस पर महानिदेशक महोदय ने भी कहा यह तो गलत है इसके लिए हम जल्द से जल्द आदेश निर्गत करने की कार्यवाई करते हैं । इसी माह में एसीपी के लिए कमेटी गठित कर एसीपी के आदेश करते है। पदोन्नति के मामले में महानिदेशक महोदय से वार्ता हुई इस पर उन्होंने जून तक जल्द से जल्द सबकी ए सी आर मंगवा कर पदोन्नति करने के बात कही गई और साथ ही सभी को जो जहाँ नियुक्त है वही पदोन्नत कर समायोजित कर दिया जाएगा।

# किसानों की आय बढ़ाने में कृषि पर्यटन का हो सकता बड़ा योगदान: देवेश चतुर्वेदी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

- कृषि पर्यटन दिवस पर सेमिनार का आयोजन
- यूपी में हैं कृषि और ग्रामीण पर्यटन की असीम संभावनायें

उत्तर प्रदेश पर्यटन की ओर से 16 मई को विश्व कृषि पर्यटन दिवस पर कार्यशाला का आयोजन लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित किया गया। कार्यशाला में कृषि और ग्रामीण पर्यटन से जुड़े हित धारक और विशेषज्ञों ने अनुभव साझा किया। यूपी में इस क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं।

सरकार पहल कर रही है, लोगों को भी आगे आना चाहिए। मुख्य अतिथि देवेश चतुर्वेदी अपर मुख्य सचिव नियुक्ति, कार्मिक व, कृषि, कृषि शिक्षा और अनुसंधान एवं कृषि विपणन कृषि, विदेश व्यापार और निर्यात संवर्धन विभाग ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान है। यहां कृषि और ग्रामीण पर्यटन में असीमित अवसर हैं। किसानों की आय बढ़ाने में इस क्षेत्र का बहुत बड़ा योगदान हो सकता है।एससीएस कृषि और ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए तीन बिंदु सुझाए। उन्होने कहा कि पहला गांवों में चारपांच दिन या इससे ज्यादा ठहरने की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिये।

इससे लाभ यह होगा कि जो आर्थिक रूप से संपन्न लोग हैं वह भ्रमण व ठहरने के लिए आकर्षित होंगे। इस वर्ग केगांवों में रुख करने से किसानों की आय में अच्छी वृद्धि होगी। दूसरा पर्यटन विभाग को शिक्षा विभाग से वार्ता कर छात्र-छात्राओं के गांवों में भ्रमण की व्यवस्था बनानी चाहिए। इससे बड़ा लाभ यह होगा कि जो विद्यार्थी ग्रामीण परिवेश से दूर हो चुके हैं उन्हें ग्रामीण जीवन और वहां की खूबियों का व्यावहारिक ज्ञान होगा। इससे उनका सोचने समझने का दृष्टिकोण बदलेगा, साथ ही ग्रामीणों की आय बढ़ेगी। उन्होने कहा कि अयोध्या, प्रयागराज, मथुरा, आगरा समेत जो अन्य पर्यटन स्थल हैं वहां बड़ी संख्या में पर्यटक जाते हैं। यदि रास्ते में कृषि और ग्रामीण पर्यटन स्थल उपलब्ध हों तो लोग निश्चित रूप से पर्यटन न केवल जाएंगे बल्कि ठहरेंगे भी। यदि पर्यटक गांवों में जाएंगे तो जो लोग प्रत्यक्ष रूप से पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हैं उनको तो रोजगार मिलेगा हीसाथ में स्थानीय उत्पाद तैयार करने वालों की आय भी बढ़ेगी।

# डीएम ने जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ की बैठक

## डीएम ने ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया निर्देश क्षेत्र भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्र पर मूलभूत सुविधाओं का लेते रहे जायज़ा

**बहराइच। समृद्धि न्यूज**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 57-(आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज में समाहित जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर व कैसरगंज में 20 मई 2024 को होने वाले मतदान को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव, फील्ड अभियन्ता रमन गुप्ता व संदीप द्विवेदी, विजय द्विवेदी व कीर्ति श्रीवास्तव द्वारा ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को मतदान प्रतिशत संकलन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित किये गये एम.पी.एस. ऐप की लांगिंग कर पंजीकरण कराया गया। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने समस्त ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि सभी लोग एमपीएस ऐप के संचालन की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी कर लें ताकि आप बगैर किसी कठिनाई के पोलिंग पार्टियों की रवानगी के समय पीठासीन अधिकारी को ऐप डाउनलोड करा सकें। डीएम ने ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि 19 मई को पोलिंग पार्टी की रवानगी के समय कोई भी पीठासीन अधिकारी एमपीएस ऐप डाउनलोड किये बगैर प्रस्थान नहीं करेगा। डीएम ने कहा कि सभी ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करेंगे कि मतदान दिवस पर प्रत्येक 02 घण्टे के अन्तराल पर मतदान प्रतिशत का प्रेषण एमपीएस ऐप के माध्यम से करना सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्र पर मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लेते समय विद्युत व नेटवर्क की उपलब्धता के बारे में अवश्य जानकारी प्राप्त कर लें ताकि आयोग के निर्देशानुसार 50 प्रतिशत बूथों की वेबकास्टिंग कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न होंने पाये।

डीएम ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर में 210 तथा कैसरगंज में 197 बूथों की वेबकास्टिंग होनी है। सभी ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को यह भी निर्देश दिया गया कि मतदान केन्द्र के निरीक्षण के दौरान बूथ लेबिल अधिकारी से मतदाता पर्ची वितरण कार्य के बारे में अनिवार्य रूप से जानकारी प्राप्त करें तथा यह सुनिश्चित कराएं कि शत-प्रतिशत पर्ची का वितरण हो जाय।डीएम मोनिका ने कहा कि सभी अधिकारी चुनाव के दौरान पूरी तरह से निपष्क्ष रहकर पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि आप सभी लोग अभी से अपने जोन व सेक्टर का भली भांति भ्रमण कर जोन व सेक्टर की वल्नरबिलिटी, संवेदनशिलता, मतदान केन्द्र आदि के अद्यतन स्थिति का जायज़ा ले लें। भ्रमण के दौरान गांव में भी जायें और लोगों से सम्पर्क कर मतदाता पहचान-पत्र आदि के बारे में भी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर लें। साथ हीं अपने जोन व सेक्टर के रूट चार्ट का भी परीक्षण कर लें ताकि पोलिंग पार्टियों के आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न आने पाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित नामित ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

# खेत की रखवाली करने गए वृद्ध का मिला शव



**बहराइच। समृद्धि न्यूज**

> शरीर पर चोट के निशान, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज जांच में जुटी

जिले के रुपईडीहा इलाके में स्थित एक ग्राम में बुधवार की देर रात खेत में लगी फसल की रखवाली करने गए वृद्ध का गुरुवार को शव मिला। मृतक के शरीर पर चोट व गहरे घाव होने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। रुपईडीहा थाने के पहलादपुर ग्राम के रहने वाले 90 वर्षीय वृद्ध फकीरे गांव के पश्चिम में स्थित खेत में लगी मकई की फसल की रखवाली करने के लिए बुधवार की देर रात गए थे। गुरुवार सुबह वह काफी देर तक वापस नहीं लौटे तो परिजन उनकी खोज में खेत पहुंचे जहां पर वृद्धि का शव को देख परिजनों में कोहराम मच गया। शव के चेहरे पर घाव के साथ हाथ में भी चोट के निशान थे। लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी जानकारी पर रुपईडीहा व फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचे जांच कर शव को कब्जे में ले लिया।

रूपईडीहा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि खेत की रखवाली करने गए वृद्ध का बृहस्पतिवार को शव मिला है शरीर पर चोट के निशान है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात कारणों से लगी आग थाना प्रभारी की टीम ने संभाला मोर्चा



**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम ठाकुरपुरवा में गुरुवार को दोपहर में अज्ञात कारणों से खेत में आग लग गई। सूचना पर पहुंची थाना विशेश्वरगंज की पुलिस टीम ने मोर्चा संभालते हुए आग बुझाना शुरू किया थाना प्रभारी नवीन सिंह पानी लाने में कड़ी मेहनत की। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने भी कड़ी मेहनत की जिससे आग पर काबू पाया गया। खेत में कटे गेंहू के सूखे डंठल को जलाते हुए आग पास में लगे हरे वृक्षों ,गन्ने की हरी फसल को नुकसान पहुंचाया। खेत में खड़े पंपसेट मशीन को भी आग ने अपने चपेट में ले लिया। कर्मचारियों के कड़ी मेहनत से आग को आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचने से रोक लिया गया, जिससे जन व धन हानि नहीं हो सकी। आग से दिलीप उपाध्याय,विनोद तिवारी,राम जियावन तथा अशोक तिवारी का नुकसान हुआ।

# पुलिस, पीएसी और एसएसबी के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कैसरगंज सुरक्षित सीट के चुनाव को लेकर पयागपुर और कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को पुलिस ने पीएसी जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया। पुलिस ने संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों का डोमिनेशन किया।कैसरगंज लोकसभा सीट के लिए 20 में को मतदान होना है। जिसमें बहराइच जिले की पयागपुर और कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र शामिल है। दोनों विधानसभा क्षेत्र में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर फखरपुर के अति संवेदनशील मतदान केदो का बुधवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र गौड़, प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय की अगुवाई में पीएससी जवानों ने भ्रमण किया। लोगों से वार्ता कर बिना भय के मतदान करने की बात कही।

# कार से 51 लाख बरामद, दो के खिलाफ केस दर्ज, वाहन सीज

> पुलिस और एसएसटी टीम को मिली बड़ी सफलता

**बहराइच। समृद्धि न्यूज**



पुलिस और एसएसटी टीम ने देर रात को जांच के दौरान आई 20 कार से 51 लाख 500 रुपये बरामद किया है। रुपए के बारे में सही कागजात न दिखाने पर पुलिस ने उसे सीज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत क्षेत्र में एसएसटी टीम मतदान के बाद भी रूपये बरामद करने का काम कर रही है।

कार्यपालक मजिस्ट्रेट कर्मवीर व उप निरीक्षक प्रकाश सरोज की टीम द्वारा नेपालगंज मार्ग पर राणा पेट्रोल पम्प बैरियर के पास कस्बा रूपईडीहा में चेकिंग अभियान चला रहे थे। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि बुधवार रात चेकिंग समय 11 बजे वाहन हुंडई आई 20 नं. यूपी 80 ईएच 6215 को चेकिंग के लिए रोका गया तो चालक रवि कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 दीपक कुमार निवासी काजी कटरा थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच व पास में बैठे धानाजी शिन्दे पुत्र उल्लाहास राव निवासी काजीपुरा थाना कोतवाली नगर की गाड़ी के पीछे की सीट के पास एक सफेद प्लासटिक की बोरी में 51 लाख रूपये बरामद हुआ। जिसमें 500 रुपये के 10000 नोट कुल 50,00,000.00 रुपये, 100 रुपये के 400 नोट कुल 40,000.00 रुपये, 500 के 81 नोट कुल 40500.00 रुपये, 200 के 90 नोट कुल 18000 रुपये तथा 500 के 4 नोट कुल 2000 रुपये मौजूद मिले।

क्षेत्राधिकारी पयागपुर हीरालाल कनौजिया तथा नायब तहसीलदार नानपारा शैलेश कुमार अवस्थी तथा प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह की मौजूदगी में बरामद धनराशि की वीडियोग्राफिंग करते हुए काउन्टिंग करायी गयी। इसके बाद रूपये के कागजात न दिखाने पर सीज कर दिया गया। बरामद धनराशि के संबंध में संबंधित विभाग/आयकर विभाग को सूचना दिया गया।

# दो बाईकों की भिड़ंत में चार घायल, दो रेफर

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**



कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कर्नलगंज- शाहपुर मार्ग स्थित बेलवा सम्मय टेपरा में गुरूवार को दिन में दो बाईकों में आमने सामने भिड़ंत हो गई जिसमे चार लोग गंभीर लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को गंभीर हालत में गोण्डा रेफर किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक घटना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र से जुड़ी है। कर्नलगंज- शाहपुर मार्ग स्थित बेलवा सम्मय टेपरा (सकरौरा ग्रामीण) में गुरूवार को दिन में दो बाईकों में आमने सामने भिड़ंत हो गई जिससे बाइक से जा रहे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी दौरान रास्ते से निकल रहे जिला पंचायत सदस्य विवेक सिंह, सत्यम सिंह,राघवेन्द्र प्रताप सिंह भोली तथा प्रखर सिंह ने दुर्घटना में घायल लोगों को देखकर गाड़ी रोकी और एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से अस्पताल भेजवाया। घायलों की पहचान घाघराघाट बहराइच निवासी ऊदल 25 वर्ष तथा शिवा 18 वर्ष तथा जनपद बाराबंकी के फतेहपुर के रहने वाले बाबूलाल तथा रामेंद्र के रूप में हुई है। जिनमें गंभीर घायल ऊदल तथा शिवा को गोण्डा रेफर कर दिया गया व बाबूलाल तथा रामेंद्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज चल रहा है।

# तमंचे के साथ रील बनाने वाला युवक गिरफ्तार

**बहराइच। समृद्धि न्यूज**



जिले के जूड़ा गांव निवासी एक युवक ने अवैध असलहा के साथ वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। इसके बाद दहशत फैलाने के लिए शेयर कर दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोतवाली नानपारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जूड़ा गांव निवासी एक युवक ने अवैध तमंचा के साथ रील बनाया। इसके बाद रील को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए वायरल कर दिया। साथ ही गांव के लोगों को वायरल वीडियो के द्वारा धमकी भी देने का आरोप है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो क्षेत्र के लोगों में चर्चा का विषय बन गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को संज्ञान लेते हुए कोतवाल आरके सिंह ने पुलिस टीम के साथ गांव में दबिश दी। कोतवाल ने बताया कि गांव निवासी संदीप कुमार पुत्र शिवकुमार निषाद को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बरामद कारतूस और तमंचा को सीज कर दिया गया है।

# आईसीपी का सुचारू रूप से करें संचालनः संयुक्त सचिव

> गृह मंत्रालय की संयुक्त सचिव ने सीमावर्ती क्षेत्र का किया निरीक्षण

**बहराइच। समृद्धि न्यूज**



गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव बुधवार शाम को भारत नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा पहुंची। उन्होंने भूमि पत्तन का संचालन सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए। इसके बाद संयुक्त सचिव ने सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों के साथ बैठक कर सीमा सुरक्षा के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।गृह मंत्रालय सीमा प्रबंधन की संयुक्त सचिव आईएएस पौसमी बसु बुधवार शाम भारत नेपाल सीमा का भ्रमण करने पहुंची। संयुक्त सचिव ने जांच चौकी रुपईडीहा, रंजीत बोझा, सीमा चौकी रंजीत बोझा एवं व्यापार और पारगमन का भ्रमण किया। उन्होंने आईसीपी (जांच चौकी) पर उपलब्ध संसाधनों का भ्रमण कर उसके बारे में जानकारी ली। इसके बाद संयुक्त सचिव ने एकीकृत जांच चौकी सभागार में बैठक कर सीमा सुरक्षा के बारे में जानकारी ली उन्होंने कहा कि आईसीपी को सुचारू रूप से संचालित किया जाए। सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने जांच चौकी में संसाधनों की कमी के बारे में जानकारी दी। संयुक्त सचिव ने सीमा पर अपराधों, अवैध गतिविधि, तस्करी के कारण, ड्रग्स इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के साथ ग्रामीणों से संबंध एवं उनके समस्याओं के साथ गांव के विकास के लिए सुझाव मांगे। इस दौरान जेएस विवेक कुमार, कामंडेंट दिनेश धमेजा, अशोक कुमार सिंह एसडीओ डॉक्टर प्रदीप कुमार वर्मा, जोशी मैनेजर आईसीपी, थानाध्यक्ष शमशेर बहादुर सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# संकट के दौर से गुजर रही पत्रकारिता

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



बाबू शीतला सिंह सच्चे पत्रकार थे, जिन्होंने जीवन में कभी झुकना नहीं सीखा और हमेशा बड़ी हिम्मत, ईमानदारी व निर्भीकता के साथ निष्पक्ष पत्रकारिता की।

आज जब पत्रकारिता की निष्पक्षता व विश्वसनीयता पर लोगों द्वारा सवाल उठाने शुरू कर दिए गए हैं, तब कल से ज्यादा आज वे प्रासंगिक हो गए हैं।

उक्त बातें समाजवादी विचारक एवं अधिवक्ता सगीर उस्मानी ने आज जिला मुख्यालय से सात किमी दूर हनुमंत नगर में पत्रकार मनु यादव के आवास पर हिंदी दैनिक जनमोर्चा के संस्थापक स्वर्गीय शीतला सिंह की पहली पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कही। उन्होंने कहा कि बाबू शीतला सिंह पत्रकारों के लिए प्रेरणाश्रोत थे। उनके बताए गए रास्ते पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नंद किशोर वर्मा एडवोकेट ने अपने जनमोर्चा से जुड़े संस्मरण सुनाते हुए स्व. शीतला सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि उनका कोई सानी नहीं है। वे बेवाक, ईमानदार व निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए बेमिसाल थे। पत्रकारों को उनसे प्रेरणा लेते हुए आत्मसात करना चाहिए। पत्रकार मनु यादव ने जनमोर्चा अखबार को लेकर बाबू शीतला सिंह के संघर्षों पर प्रकाश डाला। इस मौके मसीउज्जमा खान, सुखराम यादव, आदित्य यादव, शफकत भाई, शिव मूरत यादव, राजकुमार यादव आदि ने हिस्सा लिया। लोगों ने सबसे पहले बाबू शीतला सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अल्पसंख्यक संवाद में बोले बृजभूषण कोई कहे या न कहे, आप हमारा ही खून हो

## कैसरगंज से भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम में बृजभूषण बतौर मुख्य अतिथि हुए थे शामिल

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कटरा विधानसभा में आयोजित अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुसलमानों से कहा कि आप हमारे हैं। मेरा खून हैं। कोई माने या न माने, अगर डीएनए टेस्ट हो जाए तो पांच पीढ़ी पहले आप मेरा ही खून थे। जितना भी वोट यहां से जाएगा, 500 से 600 किलोमीटर दूर बैठे मेरे राजनीतिक जीवन और मेरे जीवन के समाप्त होने का तमाशा देखने वाले लोगों के गाल पर तमाचा होगा। उनका गाल लाल-लाल हो जाएगा। वो समझ जाएंगे कि किसी व्यक्ति से पाला पड़ा है। बृजभूषण ने यह भी कहा कि अगर बीज बोना है तो कमल का बीज बोइए, नहीं तो कोई बीज मत बोइए।

दरअसल, बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह अपने बेटे और कैसरगंज से भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के समर्थन में आयोजित अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। उन्होंने मुसलमानों को रिझाने की भरपूर कोशिश की। अपने संबोधन के दौरान वह भावुक हो गए। बृजभूषण शरण सिंह ने अल्पसंख्यक संवाद में कहा कि कोई कहे या न कहे। आप हमारा ही खून हो। अगर डीएनए टेस्ट कराया जाएगा तो 5 पीढ़ी पहले आप हमारा ही खून हो। हम और सब बातों पर नहीं जाना चाहते, इसलिए आपसे विनती है। आपके लिए हम बदनाम हैं और आप हमारे लिए बदनाम हैं। इसलिए आप लोग हमारे ही पक्ष में बीज बोइए, नहीं तो ना बोइए। कम से कम मेरा फायदा न हो तो नुकसान भी न करो। आप लोग हमारी मंशा को समझ गए होंगे? उन्होंने कहा कि मैं आपका एहसानमंद हूं, एहसानमंद रहूंगा। आपके सुख-दुःख में साथ खड़ा रहूंगा। वह लोग न आए हैं और न आएंगे, लेकिन हमारा-आपका आपसी भाईचारा बढ़ेगा। सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने जब भावुक होकर मुस्लिम समाज के लोगों से यह अपील की और वीडियो वायरल हुआ तो उनके इस बड़े बयान के राजनीतिक निहितार्थ तलाशे जाने लगे। बताते चलें कि कैसरगंज लोकसभा सीट पर इस बार समाजवादी पार्टी ने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता भगतराम मिश्रा को चुनावी रण में उतारा है जिससे करण भूषण सिंह को जबरदस्त टक्कर मिल रही है। ब्राह्मण बाहुल्य सीट होने के कारण सपा कैंडिडेट को मजबूत स्थिति में माना जा रहा है, क्योंकि समाजवादी पार्टी के मुस्लिम-यादव के साथ ही सजातीय ब्राह्मण मतदाताओं की एकजुटता बाहुबली के सारे समीकरण को दरकिनार कर इस बार कैसरगंज में साइकिल दौड़ा सकती है। कैसरगंज लोकसभा सीट का जातिगत गणित ब्राह्मण और मुस्लिम मतदाताओं के इर्द-गिर्द घूमता है। इस सीट पर 19 लाख से अधिक मतदाता हैं। इनमें ब्राह्मण करीब 4.5 लाख, मुस्लिम 3.5 लाख, दलित 3.25 लाख, यादव 2.25 लाख, कुर्मी 2.25 लाख और क्षत्रिय 1.5 लाख हैं।

# ट्रेन के कोच में आग लगने से यात्रियों में भगदड़

> रेल कर्मियों व आरपीएफ के सहयोग से आग पर पाया गया काबू

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



दिल्ली जा रही स्पेशल ट्रेन के एसी कोच में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे रेल यात्रियों में अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में ट्रेन को कचहरी रेलवे स्टेशन के पास रोका गया। ट्रेन रुकते ही यात्री ट्रेन से उतरकर इधर-उधर भागने लगे। रेल कर्मियों व आरपीएफ के सहयोग से आगू पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि कोई बड़ी घटना नहीं हुई। रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि गुरूवार की दोपहर 2:25 बजे छपरा से आनंद विहार की ओर जा रही (05251) स्पेशल ट्रेन गोंडा कचहरी स्टेशन पहुंची थी। तभी उस ट्रेन के एसी कोच नंबर एम-2/222286 व एम-2 कोच में पैनल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। धुआं फैलते ही यात्रियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए चेन पुलिंग करके ट्रेन रोक दी। कुछ ही पल में पूरे ट्रेन में घना धुआं फैल गया। ट्रेन रुकते ही यात्री इधर-उधर भागने लगे। ट्रेन में मौजूद कर्मियों और आरपीएफ स्टाफ विनायक सिंह ने अग्निशमन यंत्र के सहयोग से बुझाने में जुट गए। कुछ ही देर में उपकरण में लगी आग बुझा दी गई। साथ ही प्रभावित कोच के यात्रियों को बगल वाले कोच में शिफ्ट कराया गया। इस कारण ट्रेन को 50 मिनट तक रोका गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया है।



# जानकी नगर कालोनी में भाजपा की हुई बैठक

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** भाजपा की बैठक चित्रांश शिक्षा निकेतन जानकी नगर कॉलोनी गोंडा में बैठक हुई मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष श्री धीरेंद्र प्रताप पांडे जी कार्यक्रम की अध्यक्षता दीप नारायण श्रीवास्तव एडवोकेट (विद्यालय प्रबंधक) ने की विशिष्ट अतिथि श्री राम सेवक मिश्रा तथा केडी मिश्रा थे कार्यक्रम की शुरुआत पवन कस्यप् ने स्वरचित देश गीत से किया, कार्यक्रम का संचालन चंद्रभूषण मिश्रा ने किया मुख्य अतिथि ने भाजपा सरकार केंद्र व राज्य की उपलब्धियां गिनाते हुए सभी श्रोतागण से वोट और सपोर्ट की याचना की पवन जी ने चुनावी माहौल पर शेर वह गीत पढ़ा मैं भारत हूं ऋषि मुनि सूफी के दिलों की इमारत हूं राजसेवक मिश्रा ने कहा कि चुनाव में काम छोड़कर सबसे पहले वोट डालने जाए वोट उन्हीं को दें जिन्होंने अपने देश को विश्व गुरु कहलाने लायक बना दिया।

# मेरा गोंडा मेरी शान 20 मई को करो मतदान

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**




बुधवार को श्री राम पब्लिक स्कूल पटेल नगर गोंडा की तरफ से मतदान जागरूकता अभियान की रैली निकाली गई। इस रैली में विद्यालय के प्रबंधक रवि रस्तोगी ,निर्देशिका श्रीमती पुष्पांजलि रस्तोगी, प्रधानाध्यापक अमरीश श्रीवास्तव , कोऑर्डिनेटर श्रीमती मोनिका दुबे , श्रीमती मंजू श्रीवास्तव, मुनीर खान ,चंद्रशेखर शुक्ल, एसपी पांडेय, विजय दिवाकर ,सुनील दुबे शिक्षिका रीता गुप्ता, शेफाली श्रीवास्तव ,किरण निषाद , सना,विमलेश ,सुधा श्रीवास्तव ,वैजयंती श्रीवास्तव ,ज्योति सिंह, चांदनी छाबड़ा तथा समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।यह रैली एल.बी.एस चौराहे से चलकर डीएम आवास तक गई ।वहां पर डी.एम नेहा शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि अपने माता-पिता तथा बड़े भाई -बहन को मतदान करने के लिए अवश्य कहना कि मतदान जरूर करें।मतदान करना एक पवित्र कार्य है ।मतदान करना हम सभी देश की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

**पहले मतदान ,फिर जलपानः** सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो मेरा गोंडा मेरी शान 20 मई को करो मतदान, के बैनर देखने को मिल रहे थे। इस कार्यक्रम की डी.एम नेहा शर्मा ने खूब सराहना की तथा छात्र-छात्राओं का मतदान रैली पर उत्साह वर्धन किया।

# भाजपा प्रत्याशी का काम जनता को प्रताड़ित कर जमीनें हड़पना है

**लालगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव प्रियंका गांधी ने बृहस्पतिवार को सरेनी विधानसभा क्षेत्र के दोसड़का, भोजपुर सहित अन्य जगहो पर जनसभाओं को संबोधित किया इस दौरान उन्होंने कहा कि आपके यहां भाजपा के प्रत्याशी हैं जिनका काम है सिर्फ जनता को प्रताड़ित करना, जमीनें हड़पना, कोटेदारों और प्रधानों को डराना धमकाना, आतंक फैला रखा है। उनके पांच भाई यही कर रहे हैं क्षेत्र में आतंक फैला रखा है। मेरे पिताजी पंचायती राज लाए थे। सोच ये थी कि विकास को लेकर गांवों के लोग खुद निर्णय लें। पैसा सीधा ग्राम प्रधान के पास जाना चाहिये। गांव के लोग प्रधानों के साथ मिलकर फैसला लेंगे कि क्या विकास कार्य होना चाहिए। आज ये चाहते हैं कि सारे निर्णय ये खुद करें। उस समय बच्ची थी। पिता जी को कई लोगों ने कहा यह गलत है। अगर पैसा सीधा भेज दोगे तो केंद्र निगरानी कैसे रखेगा। पैसा गांव में चला गया तो वहां भ्रष्टाचार होगा। तब पिता जी ने कहा था कि यदि गाँव में भ्रष्टाचार होगा तो गाँव के लोग खुद उस प्रधान को निपटा देंगे। उनकी सोच की थी अगर गाँव मजबूत होंगे तो लोकतंत्र भी मजबूत होगा।

**बीजेपी सरकार मे नही मिल रहा मनरेगा का पैसा - प्रियंका**

मनरेगा आया तो कांग्रेसी सरकार थी उससे आपको सुविधा मिली हमारी सरकार में मनरेगा में पैसा मिलता था। आज मोदी जी की सरकार में मनरेगा में आपको पैसा नहीं मिल पा रहा। मोदी जी इस योजना को बंद करना चाह रहे थे। इसके बारे में उन्होंने भाषण भी दिया था और तब उन्हें मालूम चला कि अगर मनरेगा बंद करेंगे तो बहुत विरोध होगा। जनता नाराज हो जाएगी। धीरे-धीरे उन्होंने इसे कमजोर करने का काम किया है। क्योंकि यहां के जो प्रत्याशी है वह कोटेदार व प्रधानों को प्रताड़ित क्यों करते हैं। क्योंकि यह चाहते हैं कि यह सारे निर्णय खुद करें। इन्हीं की तरह मोदी जी केंद्र में खुद निर्णय वह स्वयं करना चाहते हैं। उनकी और हमारी विचार धारा में यही अंतर है।



प्रियंका का जनसंपर्क अभियान जारी

**परीक्षा फार्म और शिक्षा का कर्ज होगा माफ - प्रियंका गांधी**

प्रियंका ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि नौकरियों और परीक्षाओं के लिए आप जो फॉर्म भरते हैं, उसकी फीस हम माफ करेंगे और अगर आपने शिक्षा के लिए कर्ज लिया है तो उसे भी माफ करेंगे।

**धर्म के नाम पर वोट मांगने वालो से रहना होगा सावधान**

इंदिरा जी जैसी महान हस्ती आपकी सांसद रहीं। वे वोट मांगने के लिए आपके पास आती थीं तो अपने काम के आधार पर वोट मांगती थीं। बहुत धार्मिक थीं। रोज पूजा करती थीं। हर मंदिर जाती थीं, धर्म का आदर करती थीं लेकिन आपसे धर्म के नाम पर आपसे वोट नहीं मांगती थीं। आपको सावधान होना पड़ेगा।

## राजेएपीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक सिंह रघुवंशी ने थामा कांग्रेस का दामन



**रायबरेली।** राष्ट्रीय जन अधिकारी पार्टी यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक सिंह रघुवंशी ने अपने सैकड़ो समर्थको के साथ प्रियंका गांधी के की उमरन में आयोजित जनसभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजा कुँ. अजयपाल सिंह, ऊँचाहार विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह की उपस्थिति में कांग्रेस का दामन थामा और रायबरेली व अमेठी में कांग्रेस की जीत का हुंकार भरा। बुधवार को राष्ट्रीय जन अधिकारी पार्टी यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक सिंह रघुवंशी ने अपने समर्थको प्रदेश अध्यक्ष अजय बाजपेयी, कोषाध्यक्ष सुशील निषाद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सिब्बू, प्रदेश उपाध्यक्ष जैद आदि सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थामा। राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक सिंह रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि 102 छोटी पार्टीयों का गठबन्धन 2019 के लोकसभा में बनाया गया था। उस गठबन्धन की सभी पार्टीयों ने राहुल गांधी को अपना-अपना समर्थन दिया है। इस अवसर पर प्रियंका गांधी ने कांग्रेस को समर्थन देने वाली सभी पार्टीयों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप लोगों के आने से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी।

# सपा के मनोज पांडे की जनसभा में आज रायबरेली पहुंचेंगे अमित शाह

- भाजपा में शामिल हो सकते हैं मनोज पांडेय

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

ऊंचाहार में सपा विधायक मनोज पांडे की आयोजित की जा रही जनसभा में गृहमंत्री अमित शाह को आना है। रायबरेली में शुक्रवार को होने वाली जनसभा जगतपुर में होगी।

इसको लेकर मनोज पांडे लगातार दौरा करके तैयारियों का जायजा ले रहे हैं. सूत्रों के अनुसार इसी मौके पर मनोज पांडे भाजपा में शामिल हो सकते हैं मीडिया से बातचीत में मनोज पांडे ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह केवल भारतीय जनता पार्टी के नेता नहीं हैं भारत के गृहमंत्री भारत के लौह पुरुष हैं. जिन्होंने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एकजुटता लाने का कार्य किया है। यह वह व्यक्ति हैं, जिन्होंने नक्सलाइट को कंट्रोल किया। पंजाब और कश्मीर में आतंकवाद की समस्या को दूर किया. कश्मीर में तमाम घटनाएं होती थीं, उसे खत्म किया है.मनोज पांडे ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री के निर्देशन में धारा 370 को गृहमंत्री ने कश्मीर से हटाने का काम किया है। मैंने 6 महीने पहले भी कहा था जो राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं. फिलवक्त देश में दो विचारधारा की लड़ाई शुरू हो चुकी है. कुछ लोग हैं जो राम को गाली, राम का अनादर, किसान, दलित का अनादर करना चाहते हैं। कुछ लोग भारत के संविधान की बात करते हैं।

# मोदी सरकार जुमलेबाजी के लिए जानी जाती है: सुख्खू

- राहुल को सांसद बनाएं रायबरेली विकास के पथ पर दौड़ेगा
- हिमाचल के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन

**महराजगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



कांग्रेस के मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक राहुल गांधी को जीताने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं इसी कड़ी में अमावा कस्बे पहुंचे सुखबीर सिंह सुख्खू मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश का मौजूद किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमाकांत सिंह पीसीसी मेंबर डॉक्टर जाहिदा खान (बेंगलुरु) एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। हिमाचल के मुख्यमंत्री ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार में आज जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

आप सभी राहुल गांधी को समर्थन दीजिए जिससे कि रायबरेली विकास की पथ पर दौड़ते हुए नए आयाम स्थापित करें ।सुखबीर सिंह सुक्खू ने हिमाचल की योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि मोदी सरकार जहां कह रही है कि हम किसानों को 6000 दे रहे हैं वहीं हम हिमाचल प्रदेश में आज 18000 रुपए सालाना देने का कार्य कर रहे हैं। महिलाओं को मरणोपरांत तक उनके बच्चों को पढ़ाई से लेकर शादी तक यहां तक की घर बनाने के लिए तीन-तीन लाख रुपए का सहयोग गरीबों के लिए हमारी सरकार कर रही है। मोदी सरकार में केवल जुमलेबाजी चलती है कि आप जितना अधिक झूठ बोले उतना ही अधिक भाजपा में आपकी पहुंच रहेगी हिमाचल के मुख्यमंत्री ने मोदी सरकार पर जमकर आरोप लगाते हुए कहा कि 10 साल में देश रसातल में चला गया जबकि कांग्रेस की सरकार में देश के सारे उपक्रम सुरक्षित थे आज मोदी सरकार निजीकरण कर देश की संपत्ति को बेचने का कार्य कर रही है अगर कांग्रेस की सरकार बनती है तो राहुल गांधी रायबरेली को विकास के नए पथ पर दौड़ने का कार्य करेंगे अतः आप सभी राहुल गांधी को समर्थन करते हुए रायबरेली से सांसद बनाएं।इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख भगौती सिंह रामखेलावन सोनी कमल सिंह रमेश सिंह सुशील सिंह गणेश सिंह माथुर अरुण सिंह सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# जिलाध्यक्ष नकुल सिंह ने दिनेश सिंह के लिए मांगे वोट

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



भाजपा प्रत्याशी दिनेश सिंह की जीत दिलाने के लिए पार्टी के पदाधिकारियों ने कमर कस ली है। इसी क्रम में मिशन मोदी अगेन पीएम के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ़ नकुल सिंह एवं गुजरात से आए हुए विधायक महेश सिंह कुशवाहा व उनकी टीम ने संयुक्त रूप से रायबरेली से चलकर अलग-अलग ग्राम सभाओं में सम्पर्क व सभाएं किन। जिसमें ग्राम सभा पुराई, गुरबक्श गंज चौराहा, ग्राम सभा दशामऊ एवं बैजनाथ खेड़ा मे संयुक्त रूप से दोनों टीमों ने मिलकर रायबरेली लोक सभा सीट से भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के लिए वोट मांगा एवं जनमानस को यह बताया गया कि यह चुनाव हमारे प्रधानमंत्री लड़ रहे हैं आप लोग अपना एक-एक वोट अयोध्या में बने हुए राम मंदिर एवं राम लला के लिए दीजिए।

जिससे देश को मजबूती मिलेगी इसलिए सभी लोगों से निवेदन किया कि आप लोग जात-पात का भेदभाव छोड़कर अपना अपना अमूल वोट कमल के फूल को दे। इस मौके पर मुन्ना सिंह,हरेंद्र बहादुर सिंह, भोला सिंह एवं गुजरात से आए हुए विशेष लोग उपस्थित रहे।

# प्रा. विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने निकाली रैली

- ग्रामीणों को किया जागरूक पहले मतदान फिर जलपान

**महराजगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



प्राथमिक विद्यालय वशालत नगर मंज़रे अशर्फाबाद विकासखंड अमावा में प्रधानाध्यापक शिक्षिकाओं एवं बच्चों द्वारा अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए जागरूकता अभियान के तहत एक रैली निकाली गई। और ग्राम वासियों को जागरूक किया गया कि आप सभी 20 मई को शत प्रतिशत मतदान करें।

पहले करें मतदान फिर कर करें जलपान का नारा लगाते हुए अध्यापकों और बच्चों ने लोगों को जागरूक किया। प्रधानाध्यापक महताब खान ने कहा मतदान करना हमारा अधिकार है मतदान करने से देश मजबूत होता है मतदान से सरकार मजबूत होती है अतः सभी नागरिकों को अनिवार्य रूप से मतदान करना अति आवश्यक है अगर आप मतदान नहीं करेंगे तो इससे लोकतंत्र को ही नुकसान होगा लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी को मतदान करना अति आवश्यक है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक महताब खान सहायक अध्यापिका सरिता सोनकर सहित बच्चे मौजूद रहे।

## 16 मई से 10 जून तक जिले में धारा 144 लागू

**रायबरेली।** जनपद में बुद्धपूर्णिमा 23 मई 2024 का त्यौहार/पर्व एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान/ मतगणना का कार्य सम्पन्न होना है, बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र-2024-26 के प्रवेश हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 09 जून 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने, इसके अतिरिक्त संक्रामक बीमारियों के संक्रमण के रोकथाम हेतु प्रभावी रूप से नियत्रित किये जाने के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन एवं जनपद में लोक परिशान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू की गई है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया है कि 16 मई से दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा जारी कर गई है।

# निवर्तमान मुख्यमंत्री ने नुक्कड़ सभाओं को किया संबोधित

**बछरावां,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



छत्तीसगढ़ के निवर्तमान मुख्यमंत्री एवं रायबरेली लोकसभा सीट के प्रभारी भूपेश बघेल ने क्षेत्र में रायबरेली से कांग्रेस के प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में लगभग आधा दर्जन से अधिक नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।

लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन : भूपेश बघेल

यह नुक्कड सभाये क्षेत्र के बिशनपुर, इशिया, हसनगंज, बछरावां नगर एवं सेंहगो तमनपुर सहित कई अन्य गाँवो में आयोजित हुईद्य नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए श्री बघेल ने अमेठी से चुनाव लड़ रही भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी पर तंज कसते हुए कहा कि अबकी बार केवल स्मृति ईरानी की स्मृति यानी याद अमेठी में रह जाएगी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि वह अपने आप को बुलडोजर बाबा की सरकार बताते हैं अगर वास्तव में उनकी सरकार बुलडोजर बाबा की सरकार है तो पेपर लीक करने वालों के ऊपर बुलडोजर क्यों नहीं चला। साथ ही साथ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी तंज कसा और कहा कि वह बड़ी-बड़ी बातें करने ने माहिर है और साथ-साथ झूठ भी बोलते हैं, एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र बताते हैं।

इसी कड़ी में उन्होंने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होती है, भारत एक लोकतांत्रिक देश है, और 400 सीटें लाकर भी कोई संविधान के साथ छेड़छाड़ नहीं कर सकताद्य इस मौके पर कांग्रेस के छत्तीसगढ़ के विधायक संदीप साहू, सुशील पासी, नगर पंचायत बछरावां कांग्रेस प्रत्याशी नीरज साहू सहित भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं आम जनमानस मौजूद रहा।

# गुरुकुल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

**महराजगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

- उपाध्यक्षा पूजा मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम मे गुरुकुल पब्लिक स्कूल पुरासी का एक बार फिर से बजा डंका। हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट में छात्र-छात्राओं ने विद्यालय का लहराया परचम वहीं छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर गुरुकुल महाविद्यालय की उपाध्यक्षा पूजा मिश्रा रही पूजा मिश्रा ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया उसके उपरांत दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की उपाध्यक्षा द्वारा जिन छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया उनको 5100 एवं 2100 की चेक राशि प्रदान की गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके अभिभावकों से कहा गया कि ये छात्र आगे जो भी तैयारी करेंगे उसमें गुरुकुल परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा।



अच्छे अंक पाने वाले छात्र-छात्राएं मानसी सिंह 91. 20 प्रतिशत इंटरमीडिएट खुशी पांडे 90.40 प्रतिशत अन्तिमा अवस्थी 86.8 प्रतिशत आकर्ष शुक्ला 85. 80 प्रतिशत रिया पांडे 85.6 प्रतिशत सलोनी मौर्य 78.4 प्रतिशत सुहानी 76.6 प्रतिशत अनामिका मिश्रा 70.8 प्रतिशत हाई स्कूल शालू यादव 76.4 प्रतिशत अंशिका 72 प्रतिशत रौनक सिंह 85.6 प्रतिशत आदर्श त्रिवेदी 81.6 प्रतिशत छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिक्षक शिक्षिकाओं सहित अभिभावकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

# ट्रक की चपेट में आने से मजदूर की मौत

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

मौरंग अनलोडिंग के बाद साथी मजदूरों की लापरवाही से एक श्रमिक की मौत हो गई। ट्रक का डाला बंद करते समय ट्रक में सवार मजदूरों ने डाला छोड़ दिया, जिसकी चपेट में आकर एक मजदूर की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। यह हादसा गुरुवार की दोपहर क्षेत्र के गांव हरिहरपुर में हुआ है।

गांव में एक ट्रक मौरंग उतारने आया हुआ था, जिसमें प्रतापगढ़ जनपद के थाना नवाबगंज के गांव



शेखू का पुरवा निवासी मजदूर सुनील कुमार ( 23 वर्ष ) पुत्र स्व . रामकुमार आया हुआ था। बताते हैं कि मौरंग अनलोडिंग के बाद मजदूर ट्रक का पिछला डाला बंद कर रहे थे। जिसमें सुनील नीचे से डाला उठाए हुए था। बताया जाता है कि डाला बंद नहीं हुआ था तभी ट्रक में ऊपर सवार मजदूरों ने डाला छोड़ दिया। जिससे जब डाला खुला तो सुनील के सिर पर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। इससे वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। तत्काल उसको लेकर सभी लोग ऊंचाहार सीएचसी पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया उसके बाद अस्पताल मेमो द्वारा कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई सूचना पाकर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# कांग्रेसी कार्यकर्ता राहुल के पक्ष में मांग रहे समर्थन

**महराजगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रायबरेली लोकसभा क्षेत्र में झोंक रखी है ताकत और लगातार डोर टू डोर जनता के बीच में पहुंचकर राहुल गांधी के पक्ष में मांग रहे हैं समर्थन। प्रदेश युवक कांग्रेस सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक प्रिंसू वैश्य आज महराजगंज ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत पोखरनी पहुंचे।

वहां पर एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया प्रिंसू वैश्य ने बीजेपी पार्टी पर हमलावर होकर कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने केवल देश को बेचने का कार्य ही किया है हमारे जननायक राहुल गांधी कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की यात्रा करके गरीबों शोषित वंचितों को यह



एहसास दिलाया की आप सभी को जब भी राहुल गांधी की जरूरत पड़ेगी राहुल गांधी आपके लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे ।बीजेपी सरकार पर कांग्रेसी नेता ने आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी की कथनी और करनी में बड़ा फर्क है अतः आप सभी जनता जनार्दन राहुल गांधी के पक्ष में मतदान करे क्योंकि आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार बन रही है और अगर राहुल गांधी आपके सांसद होंगे तो रायबरेली का विकास बहुत ही तेज रफ्तार से होगा। इस मौके पर कांग्रेसी पदाधिकारी सहित पोखरनी ग्राम पंचायत की जनता मौजूद रही।

**कार्यवाही** | **खंड शिक्षा अधिकारी बोले, अध्यापकों पर होगी कार्यवाही**

# विभागीय आदेशों को तार-तार कर रहे हैं शिक्षक एवं शिक्षिकाएं

**बछरावां,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

अनवरत अपने अधिकारियों, शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के कारनामों से चर्चा में बना रहने वाला क्षेत्र का बेसिक शिक्षा विभाग एक बार फिर सुर्खियां बटोर रहा है।

जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि पूरा मामला बछरावा विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय बन्नावा का है, जहां विभागीय आदेशों एवं निर्देशों को विद्यालय में नियुक्त शिक्षक एवं शिक्षकाओ के द्वारा ताख पर रखकर तार तार किया जा रहा है। विद्यालय में तैनात स्टाफ इस कदर बेपरवाह हो गया है कि उसे विद्यालय



के समय का भी ध्यान नहीं है। अनवरत विद्यालय की मिल रही शिकायतों को लेकर जब संवाददाता ने गुरुवार सुबह कंपोजिट विद्यालय बन्नावा का निरीक्षण किया तो सुबह 7:36 बजे विद्यालय का पूरा स्टाफ नदारत मिला जबकि बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा विद्यालयों का समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:00 तक का निर्धारित किया गया है। विद्यालय में मौजूद छात्र छात्राओं से जब संवाददाता ने पूछा कि विद्यालय में कोई मैडम या सर आए हैं तो बच्चों ने कहा अभी कोई नहीं आया है इस संबंध में जब संवाददाता ने कंपोजिट विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका सुनीता देवी से दूरभाष के माध्यम से बात की तो वह संवाददाता के प्रश्नों का स्पष्ट उत्तर देने में पूर्ण रूप से नाकाम दिखी और इधर-उधर की बातें करते हुए मुख्य प्रश्नों से संवाददाता को भटकाने लगी। वही इस संबंध में जब संवाददाता ने दूरभाष के माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा से बातचीत की तो उन्होंने अपना वही पुराना अलाप फिर से बया कर दिया कि अगर ऐसा हुआ है तो उन शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के ऊपर उचित कार्यवाही की जाएगी।

परंतु सोचने वाली बात यह है की अनवरत क्षेत्र के बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक एवं अध्यापिकाएं विद्यालय के समय पर अनुपस्थित रहते हैं, परंतु खंड शिक्षा अधिकारी महोदय उन पर कोई कार्यवाही न करते हुए अपना वही पुराना अलाप बया करते हुए नजर आते हैं, जो कहीं न कहीं शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की बेपरवाह लापरवाही में विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता को पूर्ण रूप से दर्शा रही है।

# लोकतंत्र के हित में नहीं उदासीनता

राजनीतिक दलों और लोकतंत्र के अनुरागियों के लिये यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए कि आखिर चरण-दर-चरण मतदान में कमी क्यों देखी जाती रही है। निश्चित रूप से मतदान प्रतिशत में कमी चुनाव आयोग के लिये भी मंथन का विषय होना चाहिए। अब तक हुए चार चरणों में हुए मतदान के प्रतिशत में पिछले आम चुनाव के मुकाबले कमी देखी गई है। इस कमी के रुझान ने सत्ता के आकांक्षी राजनीतिक दलों की नींद उड़ायी है। हालांकि, सत्ता पक्ष व विपक्ष मतदान में कमी की अपनी सुविधा से व्याख्या कर रहे हैं। सत्ता पक्ष के नेता कह रहे हैं कि वोट विपक्षी दलों के घटे हैं। वहीं विपक्ष इसकी व्याख्या सत्ता पक्ष से मोहभंग के रूप में कर रहा है। कुछ लोग मतदान में कमी की वजह गर्मी व प्रतिकूल मौसम को बता रहे हैं। तो कुछ लोग कह रहे हैं, जब पहले ही कहा जा रहा था कि अबकी बार फ्लां आंकड़ा पार तो फिर ज्यादा मतदान की क्या आवश्यकता है। बहरहाल, मतदान में कमी को राजनेताओं के प्रति घटते विश्वास के रूप में भी देखा जाना चाहिए। दरअसल, कथनी-करनी के फर्क से जनता राजनेताओं से इतनी खिन्न हो चुकी है कि वह नेताओं के वायदों-इरादों पर विश्वास करने से गुरेज करती है। बार-बार छलने से उसका राजनेताओं से मोहभंग होता जा रहा है। दरअसल, सत्ता केंद्रित राजनीति के चलते सत्ता के दंभ से लेकर दल-बदल और सरकारें बनाने-गिराने के खेल से देश का जनमानस व्यथित है। आये दिन लगने वाले आरोप-प्रत्यारोप व नकारात्मक राजनीतिक हथकंडों ने बार-बार जनता का मोह भंग ही किया है। उसे लगता है कि क्या मेरे मतदान कुछ बदलेगा भी? एक राजनेता एक बार किसी दल से चुनाव लड़ता है और फिर पाला बदलकर दूसरे दल में चला जाता है, उससे क्या लोकतंत्र का भला होगा? ऐसे ही कई सवाल मतदाता को आये दिन हैरान-परेशान करते रहते हैं। जिसका असर कालांतर मतदान प्रतिशत पर भी पड़ता है। बहरहाल, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए पहले मतदान में प्रतिशत का अधिक रहना सुखद ही है। जो घाटी के लोगों के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास बढ़ने को दर्शाता है। कालांतर ये इस केंद्रशासित प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाने और यथाशीघ्र विधानसभा चुनाव करवाने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। बहरहाल, पूरे देश में चुनाव प्रतिशत में कमी के रुझान पर चुनाव आयोग को भी गंभीर मंथन करना चाहिए कि मतदान बढ़ाने के लिये देशव्यापी अभियान चलाने के बावजूद वोटिंग अपेक्षाओं के अनुरूप क्यों नहीं हो पायी। वहीं राजनीतिक दलों को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि मतदाता के मोहभंग की वास्तविक वजह क्या है। उन्हें अपनी रीतियों-नीतियों तथा घोषणापत्रों की हकीकत को महसूस करना होगा। यह भी कि जनता में यह धारणा क्यों बन रही है कि वायदे सिर्फ वायदे बनकर ही रह जाते हैं।

# अटेंशन प्लीज़! ब्लैकमेल,जबरन वसूली व डिजिटल अरेस्ट के शिकार हो सकते हैं

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**




**गृह मंत्रालय के मुताबिक, सीमा पार बैठे आपराधी इस सिंडिकेट को संचालित कर रहे हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन आपराधियों के कारण देश भर में कई पीड़ितों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। यह संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध है और ऐसा पता चला है कि सीमा पार बैठे अपराधी गिरोह द्वारा संचालित किया जा रहा है।अब गृह मंत्रालय ने नागरिकों से इस प्रकार की धोखाधड़ी के बारे में सतर्क रहने और जागरूकता फैलाने की अपील की है। बयान में कहा गया है कि फ्रॉड कॉल आने पर नागरिकों को तुरंत सहायता के लिए साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या मेल पर घटना की सूचना देनी चाहिए । ये धोखेबाज आमतौर पर संभावित पीड़ित को कॉल करते हैं और कहते हैं कि पीड़ित ने कोई पार्सल भेजा है या प्राप्त किया है जिसमें अवैध सामान, ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या कोई अन्य प्रतिबंधित वस्तु है। कभी कभी, वे यह भी सूचित करते हैं कि पीड़ित का कोई करीबी या प्रिय व्यक्ति किसी अपराध या दुर्घटना में शामिल पाया गया है।**

वैश्विक स्तरपर जैसे- जैसे प्रौद्योगिकी विज्ञान दूरसंचार तकनीकी व टेक्निकल कनेक्टिविटी सुविधाओं में हवा से भी तेज गति से वृद्धि हो रही है, तो स्वाभाविक ही है कि मानवीय हस्तक्षेप वह क्रिएटिविटी में कमी होगी क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी के आधार पर पूरा मानवीय कार्य कर सकनें में अब प्रौद्योगिकी सक्षम हो चुकी है, जिसमें बैठे बिठाये सभी काम संबंधित व्यक्तित्व के हो जाते हैं। परंतु भारत में बड़े बुजुर्गों की कहावत है कि जितना सुख ढूंढोगे उतना दुख भी तुम्हें ढूंढेगा, दुख विकसित सुख माही यानें यदि हम सुख सुविधा चाहते हैं तो वहीं से दुखों का भी विकास होता है, यही बात हमारे प्रौद्योगिकी व दूरसंचार तकनीकियों की सुख सुविधा प्राप्त होने से हो रही है। यानें हर बार हम साइबर अपराध के नए-नए फंडों से हम फंसते हुए देखते आ रहे हैं।कुछ सैकड़ो में ही लाखों करोड़ों बैंक से उड़ जाते हैं। दिनांक 14 मई 2024 को हमारे एक व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन रिंकू मनोहर आसवानी ने कल ग्रुप में अलर्ट भी किया था कि कोई भी एप्लीकेशन व्हाट्सएप पर आए तो उसे डाउनलोड नहीं करना है, मोबाइल हैंग होकर ओटीपी जनरेट होकर उसके आधार पर बैंक से पैसे कटते जा रहे हैं। हम किसी ठगी का शिकार हो जाते हैं कोई लिंक आई उसे टच किया कि हमारी सीक्रेट्स उनके पास पहुंची और पक्का इसका दूरगामी दुरउपयोग हुआ समझो। परंतु अभी हाल ही में कुछ दिनों से एक नई साइबर क्राइम तकनीकी शायद सीमा पार बैठे साइबर अपराधियों द्वारा की जा रही है। ब्लैकमेल,जबरन वसूली व डिजिटल अरेस्ट जैसी धमकियों का शिकार अनेक लोग हो रहे हैं जिनकीशिकायतें साइबर क्राइम पोर्टल पर बढ़ती जा रही है क्योंकि दिनांक 14 मई 2024 को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा देश व्यापी अलर्ट जारी किया गया है। इसलिए आज हम मीडिया पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अटेंशन प्लीज! ब्लैकमेल जबरन वसुली व डिजिटल अरेस्ट के शिकार हो सकते हैं।

साथियों बात अगर हम एमएचए द्वारा 14 मई 2024 को जारी किए गए अलर्ट की करें तो, डिजिटल अरेस्ट को संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध बताया है और मंगलवार को ऐसे अपराध के खिलाफ देशव्यापी अलर्ट जारी किया है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, सीमा पार बैठे आपराधी इस सिंडिकेट को संचालित कर रहे हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन आपराधियों के कारण देश भर में कई पीड़ितों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। यह संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध है और ऐसा पता चला है कि सीमा पार बैठे अपराधी गिरोह द्वारा संचालित किया जा रहा है।अब गृह मंत्रालय ने नागरिकों से इस प्रकार की धोखाधड़ी के बारे में सतर्क रहने और जागरूकता फैलाने की अपील की है। बयान में कहा गया है कि फ्रॉड कॉल आने पर नागरिकों को तुरंत सहायता के लिए साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या मेल पर घटना की सूचना देनी चाहिए। ये धोखेबाज आमतौर पर संभावित पीड़ित को कॉल करते हैं और कहते हैं कि पीड़ित ने कोई पार्सल भेजा है या प्राप्त किया है जिसमें अवैध सामान, ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या कोई अन्य प्रतिबंधित वस्तु है। कभी कभी, वे यह भी सूचित करते हैं कि पीड़ित का कोई करीबी या प्रिय व्यक्ति किसी अपराध या दुर्घटना में शामिल पाया गया है और उनकी हिरासत में है। ऐसे कथित केस में समझौता करने के लिए पैसे की मांग की जाती है। कुछ मामलों में, पीड़ितों को डिजिटल अरेस्ट का सामना करना पड़ता है और उनकी मांग पूरी न होने तक पीड़ित को स्काइप या अन्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म पर धोखेबाजों के लिए उपलब्ध रहने पर मजबूर किया जाता है। ये जालसाज़ पुलिस स्टेशनों और सरकारी कार्यालयों की तर्ज पर बनाए गए स्टूडियो का उपयोग करने में माहिर होते हैं और असली दिखने के लिए वर्दी पहनते हैं। देशभर में कई पीड़ितों ने ऐसे अपराधियों के जाल में फंस कर बड़ी मात्रा में धन गंवाया है। यह एक संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध है और ऐसा माना जाता है कि इसे सीमापार आपराधिक सिंडिकेट द्वारा संचालित किया जाता है।देशभर में कई पीड़ितों ने ऐसे अपराधियों के जाल में फंस कर बड़ी मात्रा में धन गंवाया है। यह एक संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध है और ऐसा माना जाता है कि इसे सीमापार आपराधिक सिंडिकेट द्वारा संचालित किया जाता है। गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र , देश में साइबर अपराध से निपटने से संबंधित गतिविधियों का समन्वय करता है। गृह मंत्रालय इन साइबर अपराधों से निपटने के लिए अन्य मंत्रालयों और उनकी एजेंसियों, भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा है। आईफोरसी ऐसे मामलों की पहचान और जांच के लिए राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस अधिकारियों को इनपुट और तकनीकी सहायता भी प्रदान कर रहा है। आईफोरसी ने माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से ऐसी गतिविधियों में शामिल एक हज़ार से अधिक स्काइप आईडी को भी ब्लॉक कर दिया है। यह धोखेबाजों द्वारा उपयोग किए जाने वाले सिम कार्ड, मोबाइल उपकरणों और म्यूल खातों को ब्लॉक करने में भी मदद कर रहा है। आईफोरसी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म साइबरदोस्त पर इन्फोग्राफिक्स और वीडियो के माध्यम से विभिन्न अलर्ट भी जारी किए हैं, जैसे कि एक्स , फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स नागरिकों को इस प्रकार की जालसाज़ी से सावधान रहने और इनके बारे में जागरुकता फैलाने की सलाह दी जाती है। साथियों बात अगर हम नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल की करें तो, नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर साइबर अपराधियों द्वारा धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल अरेस्ट के संबंध में बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज कराई जा रही हैं। ये अपराधी खुद को पुलिस, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई),नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) प्रवर्तन निदेशालय और अन्य जांच एजेंसियों के अधिकारी बताते हैं और लोगों से जबरन वसूली करते हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि साइबर अपराधी आम तौर पर लोगों को फोन करते हैं और बताते हैं कि उसने पार्सल भेजा है या वह ऐसा पार्सल रिसीव किया है, जिसमें अवैध सामान, ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या कोई अन्य प्रतिबंधित वस्तु है। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर साइबर अपराधियों द्वारा पुलिस अधिकारियों, केंद्रीय जांच ब्यूरो, नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियां का रूप धारण कर धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल अरेस्ट जैसी वारदातों को अंजाम देने के संबंध में बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज की जा रही हैं।

## विचार

# चुनाव में जलवायु परिवर्तन

**कुलभूषण उपमन्यु**



**मुख्य 22 ग्लेशियरों में से 20 में भारी नकारात्मक बदलाव हुए हैं, यानि ग्लेशियरों के पिघलने की गति तेज हुई है। तापमान वृद्धि से समुद्र का जल भी ज्यादा गर्म हो रहा है जिसके कारण भारी बारिश और समुद्री तूफानों का खतरा बढ़ा है। पिछले चार दशकों में अरब सागर में समुद्री तूफानों की संख्या में डेढ़ गुना वृद्धि हुई है और तूफानों की घातकता भी बढ़ी है। जुलाई और अगस्त 2023 में हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण भूस्खलन से हुई तबाही का भी रिपोर्ट में जिक्र किया गया है।**

संयुक्त राष्ट्र संघ की विश्व मौसम विज्ञान संस्था ने एशिया में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें यह बात सामने आई है कि वैश्विक तापमान वृद्धि का प्रभाव एशिया में विश्व औसत से ज्यादा पड़ रहा है। इस क्षेत्र के कई देशों में आज तक का अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है, जिसके कारण इस महाद्वीप में 2023 में 90 लाख लोग बाढ़ों और तूफानों से प्रभावित हुए हैं, दो हजार लोग काल का ग्रास बने हैं। जलवायु परिवर्तन ने बाढ़, सूखे और तूफानों की घटनाओं को न केवल बढ़ाया है, बल्कि उनकी भयावहता को भी बढ़ाया है जिसका दुष्प्रभाव वहां के समाजों, अर्थ-व्यवस्थाओं, और मानव जीवन पर पड़ा है। जलवायु परिवर्तन के मुख्य सूचकों, जैसे - जमीनी तापमान में वृद्धि, ग्लेशियरों का पिघलना और समुद्र के जलस्तर के बढ़ने से बिगड़ती हुई स्थिति का पता चल रहा है। 1960-1990 के दौर के मुकाबले तापमान वृद्धि की दर लगभग दुगनी हो गई है। 2023 में जहां एक ओर सूखा पड़ा वहीं दूसरी ओर भयानक बाढ़ें आईं। लू के कारण 100 लोगों की मौत हो गई और सिक्किम का तीस्ता-3 बांध बाढ़ की चपेट में आकर ध्वस्त हो गया। इस दुर्घटना में 100 लोग अपनी जान गंवा बैठे। बढ़ते तापमान के कारण इस तरह की घटनाओं के बढ़ने की संभावना है। भारत और बांग्लादेश में लू की संभावनाओं में 30 गुणा वृद्धि की आशंका पैदा हो गई है। एशिया के तेज गति से बढ़ते तापमान के चलते इसके ग्लेशियर भी खतरे में पड़ गए हैं। मुख्य 22 ग्लेशियरों में से 20 में भारी नकारात्मक बदलाव हुए हैं, यानि ग्लेशियरों के पिघलने की गति तेज हुई है। तापमान वृद्धि से समुद्र का जल भी ज्यादा गर्म हो रहा है जिसके कारण भारी बारिश और समुद्री तूफानों का खतरा बढ़ा है। पिछले चार दशकों में अरब सागर में समुद्री तूफानों की संख्या में डेढ़ गुना वृद्धि हुई है और तूफानों की घातकता भी बढ़ी है। जुलाई और अगस्त 2023 में हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण भूस्खलन से हुई तबाही का भी रिपोर्ट में जिक्र किया गया है जिसको भारत सरकार ने आपात स्थिति घोषित किया था। इन स्थितियों से निपटने के लिए आपदा प्रबन्धन के विषय में भी काफी कुछ करने की जरूरत पर रिपोर्ट में प्रकाश डाला गया है। हालांकि भारत ने इस विषय में कुछ मानकों पर अच्छी प्रगति की है, फिर भी काफी कुछ किये जाने की जरूरत है। पूर्व-चेतावनी व्यवस्था में सुधार करके आपदाओं से होने वाली हानि को 30 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। रिपोर्ट में आर्थिक असमानता के चलते जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के और ज्यादा चिंताजनक होने की बात कही गई है। जाहिर है, बढ़ते तापमान का प्रत्यक्ष डंक उन गरीब लोगों को भुगतना पड़ता है जिनके पास आवास की व्यवस्था नहीं है या जिन्हें दैनिक मजदूरी पर निर्भर रहना पड़ता है या किसान, जिनकी फसल खुले में ईश्वर भरोसे रहती है। उनके लिए जलवायु-अनुकूलन व्यवस्था खड़ी करना भी संभव नहीं होता। बढ़ते तापमान से फसलों की उत्पादकता पर विपरीत प्रभाव पड़ने के कारण खाद्य सुरक्षा पर भी खतरा पैदा होने की संभावना बढ़ सकती है। इस दिशा में जलवायु की विपरीत स्थितियों को झेलने में सक्षम फसलों की किस्मों पर ज्यादा शोध और प्रचार-प्रसार की जरूरत है। इस दिशा में पुराने समय में प्रचलित फसलों कोदों, रामदाना, स्वांक, बाजरा आदि का प्रचार-प्रसार करके अच्छी पहल की जा रही है, किन्तु कार्बन उत्सर्जन करने वाली उर्जा उत्पादन तकनीकों और बड़े प्रोजेक्टों, खनन परियोजनाओं के कारण वनों के विनाश से कार्बन प्रदूषण की चुनौतियां यथावत बनी हैं और बढ़ भी रही हैं। पिछले 15 वर्षों में भारतवर्ष में 3 लाख हेक्टेयर वनभूमि का उपयोग इस तरह की बृहदाकार योजनाओं के लिए बदला जा चुका है और यह क्रम सतत जारी है। इतनी चिंताजनक स्थिति के बाबजूद वर्तमान चुनावों में यह मुद्दा जनता के बीच महत्वपूर्ण नहीं बन सका है। पर्यावरण से जुड़े दिवसों पर चेतना रैली निकालने, कुछ अच्छे-अच्छे नारे लगाने, भाषण प्रतियोगिता आयोजित करने या ज्यादा-से-ज्यादा चुनावी घोषणा-पत्रों में पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े वादे उछालने तक हम सीमित होते जा रहे हैं। राजनैतिक दल भी जन चेतना जगाने के इस मौके का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। आम मतदाता निजी आर्थिक लाभ से ज्यादा सोचने को तैयार नहीं है इसलिए राजनैतिक दल भी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेते हैं। हिमालय के नाजुक पारिस्थितिकी संतुलन की दृष्टि से यह मामला और भी ज्यादा संगीन हो जाता है, किन्तु हम प्राकृतिक आपदा का बहाना गढ़कर आत्म-संतुष्टि कर लेते हैं या खुद को धोखा देते रहते हैं, जबकि हम सब समझते हैं कि जलवायु परिवर्तन मानव निर्मित गलतियों का नतीजा है। फिर भी हम न तो आत्मसंयम से अनावश्यक वस्तुओं, पदार्थों के उपयोग से बचना चाहते हैं न ही सरकारों के सामने अपनी पर्यावरण विषयक चिंताओं को रखकर दबाव बनाकर नीतिगत बदलाव की मांग रखना चाहते हैं। सरकारें विकास को सकल घरेलू उत्पाद से नापकर आगे बढ़ती हैं, उन्हें पर्यावरण जैसे मुद्दे लुभावने नहीं लगते। दुनिया भर की सरकारें जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर टालमटोल करते हुए, शर्माते हुए थोड़ा-बहुत कार्य करती रहती हैं।

# पुरकायस्थ की रिहाई, आजाद खयाली को राहत

प्रसिद्ध न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक के संस्थापक व प्रधान सम्पादक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी और रिमांड को अमान्य करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें तुरन्त जमानत पर रिहा करने के आदेश दिये हैं। उन्हें पिछले साल 3 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम-यूएपीए के अंतर्गत गिरफ्तार किया था। उन्हें चीन की ओर से दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुए गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल का आरोप है कि पुरकायस्थ एवं न्यूजक्लिक के मानव संसाधन प्रमुख अमित चक्रवर्ती ने देश की सम्प्रभुता को बाधित करने एवं देश के खिलाफ असंतोष पैदा करने के लिये चीन से वित्तीय सहायता प्राप्त की थी, जिसे टेरर फंडिंग कहा जाता है। पुलिस के मुताबिक भारत की चुनावी प्रक्रिया में दखलंदाजी के उद्देश्य से न्यूजक्लिक ने पीपुल्स एलायंस फॉर डेमोक्रेसी एंड सेक्यूलरिज्म के साथ मिलकर कथित रूप से साजिश की थी। इस आरोप में इन दोनों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने इस मामले में 9000 पृष्ठों का आरोप पत्र एवं कई उपकरण साक्ष्य के रूप में पेश किये थे, जिनमें मोबाइल, कम्प्यूटर आदि शामिल थे। उल्लेखनीय है कि अमित चक्रवर्ती इस वर्ष की जनवरी में सरकारी गवाह बन गये थे जिसके कारण उन्हें 6 मई को जमानत मिल चुकी है। न्यूजक्लिक की ख्याति व्यवस्था के खिलाफमुखर होकर खबरें देने वाले पोर्टल की है। जस्टिस बीआर गवई एवं जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने उन्हें तुरंत रिहा करने का आदेश देते हुए कहा साफकिया कि पुरकायस्थ की गिरफ्तारी के पीछे के आरोप आधारहीन व अमान्य हैं क्योंकि गिरफ्तारी के समय उन्हें इस का आधार नहीं बताया गया था। वैसे इस मामले में दिल्ली पुलिस दोनों के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर चुकी है इसलिये पुरकायस्थ की रिहाई ट्रायल कोर्ट के जमानत नियमों के तहत हुई। उन्हें जमानत बॉन्ड भरने के लिये कहा गया है। उनके वकील अर्शदीप खुराना ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की जानकारी देते हुए कहा कि वे पहले से कहते आये हैं कि यह गिरफ्तारी अवैध है। पुरकायस्थ की रिहाई उन सभी लोगों एवं संगठनों के लिये राहत की बात है जो स्वतंत्र विचारों एवं अभिव्यक्ति की आजादी में भरोसा करते हैं। इनमें अनेक विचारक, लेखक, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वैसे तो यूएपीए का यह कानून 1967 में अस्तित्व में आया था जो केन्द्र सरकार को कठोर शक्तियां प्रदान करता है। इसमें 2008 में एक संशोधन लाकर यह नियम बनाया गया कि अगर मामला प्रथम दृष्टया सत्य महसूस होता है तो आरोपी को जमानत देने से इंकार किया जा सकता है। 2019 में केन्द्र सरकार ने इसमें एक और महत्वपूर्ण संशोधन लाकर इसे अधिक कठोर बना दिया है। इस कानून का इसलिये मानवाधिकार संगठन विरोध करते रहे हैं क्योंकि यह लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बाधित करता है। किसी के भी वक्तव्यों या कामों को देशविरोधी अथवा उकसाने वाली कार्रवाई बतलाकर उसकी गिरफ्तारी आसान है। जमानत मिलनी कठिन है जो न्याय के अधिकार का भी हनन है। इसका इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों से सम्बन्धित लोगों के खिलाफ भी किया जाता है। इतना ही नहीं, संगठनों के अलावा व्यक्तियों पर भी यूएपीए लागू करने का नियम बनाया गया। अभियोजन के मानकों का इसमें अभाव होने के कारण इसके दुरुपयोग की गुंजाइश बहुत ज्यादा हैय और वह जमकर हो भी रहा है। पीयूसीएल ने वर्ष 2022 में एक रिपोर्ट पेश की थी जिसके अनुसार इस नियम की सफलता की दर बहुत कम है। इसमें बताया गया था कि 2016 से 2020 के बीच हुई गिरफ्तारियों में 3 प्रतिशत से भी कम को सजा मिली थी। मौजूदा सरकार द्वारा यूएपीए का दुरुपयोग करने की भरपूर शिकायतें मिलती रही हैं। आजाद खयाल लोगों एवं संगठनों ने इस आधार पर भी इस कानून का विरोध किया है क्योंकि इसके जरिये सरकार अपने विरोधियों व आलोचकों की आवाज दबाती है। बड़ी संख्या में वकील, नेता, लेखक-पत्रकार, सामाजिक व मानवाधिकार कार्यकर्ता इसके तहत गिरफ्तार किये गये हैं। कई तो लम्बे समय से जमानत पाने के लिये संघर्षरत हैं। यह भी पाया गया है कि सरकार या सरकार में बैठे लोगों के विरूद्ध बोलने या पृथक विचार रखने वालों को लम्बे समय तक जेल की सलाखों के पीछे सड़ाया जाता है।



# राशिफल

**मेष:-** कोई छोटी बात भी परिवार कें तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**बृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क:-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक डंग से निर्वहन् करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाएं याद आएंगी।

**तुला:-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिक:-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय अपेक्षित है।।

# राहुल की राह पर राजनीति से उम्मीदें

**सर्वमित्रा सुरजन**



**भारत में उन्होंने नोटबंदी के फैसले के बाद एक तस्वीर में दिखाया था कि उनकी मां भी नोट बदलने के लिए कतार में खड़ी हुईं। जबकि वे प्रधानमंत्री की मां हैं, तो उन्हें आम लोगों की तरह कतार में लगने की कोई आवश्यकता नहीं थी। पर ऐसा हुआ, और इसकी बाकायदा तस्वीरें खींची गई, जिसका राजनीतिक मकसद अपने आप जाहिर हो गया। जब श्री मोदी की मां बीमार थी और अस्पताल में आईसीयू में थी, तब वे उनसे मिलने गए और वहां भी उनकी तस्वीरें खींची गईं। इस तरह माता और संतान के बीच के रिश्ते का राजनीतिकरण भी श्री मोदी ने मुमकिन कर दिखाया। तीन दिन पहले ही रविवार को जब दुनिया भर में मदर्स डे मनाया जा रहा था, तब नरेन्द्र मोदी प.बंगाल में एक सभा कर रहे थे और वहां उन्हें दो लोगों ने उनकी मां के साथ उनका एक चित्र उन्हें भेंट किया। जिस पर आभार प्रकट करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज दुनिया मदर्स डे मना रही है।**

देश की जानी-मानी सामाजिक कार्यकर्ता और मानवाधिकारों की पैरोकार शबनम हाशमी ने अपने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें राहुल गांधी, सोनिया गांधी के कंधे पर हाथ रखकर चल रहे हैं, उनके दूसरे हाथ में एक डलिया है और उन दोनों के साथ उनका पालतू कुत्ता भी घास पर टहल रहा है। इस तस्वीर में राहुल और सोनिया गांधी के बीच प्यार और ममत्व का वही जज्बा नजर आ रहा है, जो किसी भी मां-बेटे के बीच स्वाभाविक तौर पर होता है। शबनम हाशमी ने इस तस्वीर के साथ एक कैप्शन लिखा है, जो काबिले-गौर है। सुश्री हाशमी ने लिखा कि छप्पन इंच की नहीं एक ऐसी छाती चाहिए जिसमे मोहब्बत हो। जो अपनी मां से मोहब्बत करता है वह सब से मोहब्बत करने का जज्बा रखता है। यह बेहद ही खूबसूरत और नेचुरल फोटो है। और जिनको छप्पन इंच का शौक है उनकी फोटो देख कर लगता है जबरदस्ती माँ के साथ बैठा दिया है।

इस कैप्शन में 56 इंच की छाती और मां के साथ जबरदस्ती बिठाने वाला तंज किस पर किया गया है, इसके अलग से खुलासे की जरूरत भी नहीं है। क्योंकि अब तो भारत का बच्चा-बच्चा जानता है कि अपने प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में श्री मोदी ने कैसे जन्मदिन या अन्य अवसरों पर अपनी मां के साथ तस्वीरें खिंचाई हैं। कभी वो उनके पैरों में बैठे हैं, कभी उनके हाथ से प्रसाद खा रहे हैं। हिंदुस्तान हो या दुनिया का कोई भी घर, कुछेक अपवादों को छोड़कर मांएं अक्सर अपने बच्चों को ऐसे ही प्यार से दुलारती और खिलाती हैं। इस जज्बात को किसी प्रचार की आवश्यकता कभी नहीं रही। लेकिन नरेन्द्र मोदी अपनी राजनीति को चर्चा में बनाए रखने के लिए कई बार अपनी मां को बीच में ले आए। अमेरिका में उन्होंने इस बात पर आंसू बहाए थे कि उनकी मां को दूसरों के घर बर्तन मांजना पड़ता था। भारत में उन्होंने नोटबंदी के फैसले के बाद एक तस्वीर में दिखाया था कि उनकी मां भी नोट बदलने के लिए कतार में खड़ी हुई। जबकि वे प्रधानमंत्री की मां हैं, तो उन्हें आम लोगों की तरह कतार में लगने की कोई आवश्यकता नहीं थी। पर ऐसा हुआ, और इसकी बाकायदा तस्वीरें खींची गई, जिसका राजनीतिक मकसद अपने आप जाहिर हो गया। जब श्री मोदी की मां बीमार थी और अस्पताल में आईसीयू में थी, तब वे उनसे मिलने गए और वहां भी उनकी तस्वीरें खींची गई। इस तरह माता और संतान के बीच के रिश्ते का राजनीतिकरण भी श्री मोदी ने मुमकिन कर दिखाया। तीन दिन पहले ही रविवार को जब दुनिया भर में मदर्स डे मनाया जा रहा था, तब नरेन्द्र मोदी प.बंगाल में एक सभा कर रहे थे और वहां उन्हें दो लोगों ने उनकी मां के साथ उनका एक चित्र उन्हें भेंट किया। जिस पर आभार प्रकट करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज दुनिया मदर्स डे मना रही है, लेकिन भारत में तो हम 365 दिन मां की पूजा करते हैं। दुर्गा, काली और भारत मां की पूजा करते हैं। इसके बाद अपने भाषण में उन्होंने संदेशखाली की घटना का जिक्र छेड़कर टीएमसी पर हमला किया। इस पूरे चुनाव में कई बार नरेन्द्र मोदी नारी शक्ति का जिक्र कर चुके हैं। महिला उत्पीड़न पर विरोधियों को घेर चुके हैं। मगर मणिपुर पर वे कुछ नहीं बोल रहे हैं और बोलेंगे भी नहीं। क्योंकि उनकी अपनी मां हों या मातृ शक्ति, श्री मोदी के लिए वे राजनीति के औजार से अधिक कुछ नहीं हैं। मंगलवार को श्री मेदी ने वाराणसी से अपना नामांकन दाखिल किया। यहां भी 2014 में उन्होंने मां गंगा वाला जुमला उछाल कर लोगों की भावनाओं का दोहन किया था। इस बार उनके नामांकन के एक दिन पहले 13 मई को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर द प्रोटैगनिस्ट नाम के यूजर ने पोस्ट लिखी है कि उन्हें पता चला है कि उनकी मां को दो दिन के लिए पुलिस हिरासत में रखा गया है। क्योंकि नरेन्द्र मोदी वहां नामांकन के लिए आ रहे हैं। इस यूजर ने लिखा है कि मेरी 52 बरस की मां इस कायर के लिए खतरा हैं। बता दें कि इस यूजर को दो दिनों से अपनी मां के बारे में कुछ पता नहीं चल रहा था और इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस में दर्ज कराई थी, लेकिन उन्हें अब खबर मिली अपनी मां के हिरासत में होने की। इस पूरी घटना का कारण और उसका सच शायद कुछ दिनों में बाहर आए, लेकिन नरेन्द्र मोदी देवी शक्ति, मातृ शक्ति की बात क्यों करते हैं और किस तरह उन महिलाओं का अपमान करते हैं, जो उनके विरोध में हैं या विरोधी खेमे में हैं, यह सच अनेक अवसरों पर उनके बयानों से जाहिर हो चुका है। बहरहाल, शबनम हाशमी ने राहुल और सोनिया गांधी की तस्वीर में नजर आ रहे स्वाभाविक प्रेम और सुंदरता की तारीफ तो की ही है, लेकिन इसके आगे उन्होंने जो कुछ लिखा है, वह आज और प्रासंगिक हो जाता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# भाजपा शासन में बहू-बेटियां सुरक्षित: स्वतंत्रदेव

## भाजपा प्रत्याशी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के पक्ष में मांगे वोट बोले , चंदेल जैसा ईनामदार नेता हर बार क्षेत्र को नहीं मिलता

महोबा। समृद्धि न्यूज

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने भाजपा प्रत्याशी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के समर्थन में महोबकंठ के मेला ग्राउंड में रैली कर वोट मांगे। महोबकंठ के मेला ग्राउंड में दोपहर 2 बजे उड़नखटोला से पहुंचे जल शक्ति मंत्री ने सपा पर हमला बोलते हुए कहा की जब से प्रदेश और देश में भाजपा की सरकार आई है तबसे बहन बेटियां सुरक्षित हो गई है। स्वतंत्र देव सिंह ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। जल शक्ति मंत्री ने उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आवास योजना का लाभ गरीब लोगो को मिल रहा है। मोदी जी की तीसरी बार सरकार बनने पर चार लाख आवास बनवाए जायेंगे। देश में नरेंद्र मोदी की जब से सरकार आई है तब से आतंकी सीमा पार नहीं आ रहे है।

स्वतंत्र देव सिंह ने कहा की पुष्पेंद्र सिंह चंदेल जैसा ईनामदार नेता हर बार क्षेत्र को नही मिलता है। पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में जोश भराउन्होंने भाजपा को जिताने की अपील की।कहा कि इन 10 सालों में जो काम हुए वह किसी और सरकार में नहीं हुए।इस दौरान रैली में भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता,विधान परिषद सदस्य बाबूलाल तिवारी, जितेंद्र सिंह सेंगर,चरखारी विधायक ब्रजभूषण सिंह राजपूत, चक्रपाणि त्रिपाठी, श्रीप्रकाश अनुरागी आदि शामिल रहे। बता दें कि लोकसभा में जीत हासिल करने के लिए भाजपा दिग्गजों को चुनाव मैदान में उतार रही है। वहीं सपा व बसपा का कोई भी वीवीआईपी मैदान में नहीं आया है। बता दें कि गुरुवार 17 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुंदेलखंड की धरती पर गरजेंगे और चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में इसे लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।




## खेत से कल्टीवेटर चोरी युवक पर मुकदमा दर्ज

महोबा। खेत में रखा कल्टीवेटर चोरी हो गया। खेत स्वामी महिला ने एक युवक पर चोरी का आरोप लगाते हुए धारा 379 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पनवाड़ी कस्बे के अग्निहोत्री पुरा मुहाल निवासी शीला देवी तिवारी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि खेत में उसका कल्टीवेटर रखा रहता है। 7 मई की रात्रि उसे भूपेंद्र राजपूत निवासी ग्राम देवगनपुरा चुराकर ले गया। पता करने पर इसकी जानकारी हो सकी। काफी खोजबीन की गई पर कल्टीवेटर का कोई पता नहीं चल सका। पीड़िता ने इसकी जानकारी पनवाड़ी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी भूपेंद्र राजपूत के खिलाफ धारा 379 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# एसपी के निर्देशन में हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई

## लोकसभा चुनाव को लेकर अपराधियों के विरुद्ध चलाया गया अभियान

महोबा। समृद्धि न्यूज

आगामी 20 मई 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन की प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सकुशल सम्पन्न हों इसके लिये पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन, नेतृत्व में आदर्श आचार संहिता लगने के दिन 16 मार्च से अभी तक अपराधियों को चिंहित कर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई।

अवैध शराब में संलिप्त 274 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी है एवं 08 शराब की भट्ठियां पकड़ी गयी हैं, जिनसे भारी मात्रा में कुल 9628 लीटर अवैध शराब की बरामदगी की गयी। साथ ही अवैध गांजा की तस्करी/निष्कर्षण में संलिप्त 26 अभियुक्तो की गिरफ्तारी की गई है जिनके कब्जे से भारी मात्रा में कुल 89.19 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया है।

अवैध शस्त्र/शस्त्र फैक्ट्री के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 03 अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का भण्डाफोड किया गया है। अवैध शस्त्र के साथ 85 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 100 अदद तमंचे व 111 अदद कारतूस की बरामदगी की गई है। दण्ड प्रक्रिया संहिता की अन्तर्गत धारा 151/107/116 के तहत कुल 19784 व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए उनको भारी मुचलके से पाबन्द कराया गया है। सभी शस्त्र दुकानों का भौतिक सत्यापन कर आर्म्स डीलरों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन से अवगत कराया गया एवं उनका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। अपराधी प्रवृत्ति के अपराधियों पर लगाम लगाये जाने के दृष्टिगत 813 आरोपियों पर गुण्ड एक्ट के तहत तथा 43 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है।

लोकसभा निर्वाचन की प्रक्रिया सकुशल सम्पन्न हो इसके लिये जनपद के सभी हिस्ट्रीशीटरों का भौतिक सत्यापन करा लिया गया है, सभी हिस्ट्रीशीटरों को आगामी निर्वाचन के सम्बन्ध में किसी भी अपराधिक घटना में संलिप्त न रहने के सख्त निर्देश दिये गयें हैं, सभी हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधि पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही। चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के लिये जनपदीय पुलिस एवं प्रशासनिक टीम द्वारा उडनदस्ता/स्थैतिक निगरानी की 18-18 टीमों का गठन कर विभिन्न स्थलों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अब तक कुल 28 लाख 39 हजार रु. से अधिक की धनराशि को जब्त किया गया है।

अन्तर्राज्यीय/ अन्तर्जनपदीय बार्डर पर निरन्तर सतर्क दृष्टि रखते हुए विभिन्न संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है, इसके लिये जनपद की सीमा से सटे हुए सीमावर्ती राज्य मध्य प्रदेश पर 21 बार्डर चेक पोस्ट तथा सीमावर्ती जनपदों की सीमा पर 12 चेक पोस्ट बनाये गये हैं, जहां पर सीसीटीवी कैमरों का व्यवस्थापन सुनिश्चित कराते हुए निरंतर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। महोबा पुलिस ने अपील की है कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें, चुनाव के दौरान कोई व्यक्ति आपको मतदान करने से डराये, धमकाये या धन, वस्तु, शराब आदि का प्रलोभन दे अथवा आपके मताधिकार के प्रयोग से वंचित रखने के लिये किसी भी प्रकार का प्रयास करता है तो इसकी सूचना अपने नजदीकी पुलिस थाने को दें जिससे सम्बन्धित के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जा सके, महोबा पुलिस जनपद में शान्ति एवं सौहार्द बनाये रखते हुये निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष तथा शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये कटिबद्ध है।

## चुनाव आयोग ने आचार संहिता उल्लंघन के मामले की जांच कराने कि दिये आदेश

हमीरपुर। आचार संहित उल्लंघन करने व अन्य तीन मामले को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारी को जांच के आदेश दिये है। भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल सिंह ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को बताया कि सुमेरपुर ब्लाक में ग्राम विकास अधिकारी सोनाली सचान व मोहिनी तिवारी अपने पद पर योगदान के दिन से ही नियुक्त है। जब कि ब्लाक में तीन साल से अधिक नियुक्त नही होना चाहिये। मगर दोनो कर्मी पांच साल से अधिक नियुक्त है। भाजपा नेता का आरोप है कि दोनो कर्मी एक पार्टी विशेष को सहयोग कर रही है। जो आचार संहिता का खुला उल्लंघन है चुनाव के पहले दोनो का तबादला किया जाये ताकि जनता का विश्वास सरकार पर बना रहे। इसी प्रकार गढ़ा ग्राम निवासी ज्ञान सिंह ने सपा नेता रामनारायण निषाद की शिकायत की है कि आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है।,धर्मेंद्र सिंह ने वित लेखाधिकारी की शिकायत चुनाव आयोग से की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा है कि जांच कर नियमानुसार कार्यवाही कर चुनाव आयोग नई दिल्ली को रिपोर्ट भेजे।

# तेज धूप व लू से बचाव के लिए मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

- जिला प्रशासन ने लोगों को दी जरूरी सलाह, कैसे बरतें सावधानी

महोबा। समृद्धि न्यूज

मौसम विभाग ने महोबा सहित अन्य जिलों में 17 से 20 मई को अत्यधिक तापमान रहने और ऊष्ण लहर चलने की संभावना को देखते हुए चेतावनी जारी की है। जिला प्रशासन ने इससे लोगों का अवगत कराया। ऊष्ण लहर चलने से सामान्य लोगों के लिए गर्मी सहनीय रहेगी। लेकिन छोटे बच्चों, वृद्धों व गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। मजदूरों, किसानों एवं धूप में देर तक काम करने वाले लोगों में निर्जलीकरण एवं लू लगने की संभावना है। पशुधन एवं खड़ी कृषि, बागवानी पर मामूली प्रभाव पड़ेगा। इसके लिए मौसम विभाग ने लोगों को जरूरी सलाह भी दी है। लंबे समय तक धूप में रहने से बचें।

हल्के रंग के हल्के, ढीले एवं पूरे सूती कपड़े पहनें। निर्जलीकरण से बचने के लिए, पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन करें। ओआरएस, लस्सी, तोरानी, चावल का पानी, नींबू, छाछ आदि का उपयोग करें। खेतों में पर्याप्त नमी बनाए रखने के लिए शाम के समय बार-बार हल्की सिंचाई करें। दोपहर के समय जानवरों को चराने से बचें। उन्हें पर्याप्त तरल पदार्थ के सेवन के साथ छाया में रखेंजिला प्रशासन ने लू से बचाव के लिए जरूरी एहतियात बरतने की सलाह दी है।

# नशे के लती युवक ने पिता को मौत के घाट उतारा

- घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक हुआ फरार
- खरेला थाना क्षेत्र के पाठा गांव में हुई घटना

महोबा। समृद्धि न्यूज

खरेला थाना क्षेत्र के ग्राम पाठा निवासी 32 वर्षीय अखिलेश साहू पुत्र इंद्रपाल साहू नशे का आदी है। वह पिता से नशा करने के लिए रुपये लेता रहता था।

पिता खाना खाकर पशु बाड़े में सोने चले गए। इसके बाद पुत्र पशुबाड़े में गया और पिता को लाठी से वार कर जान से मार दिया और फरार हो गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि आरोपी नशा करता था। पत्नी कुछ सालों पहले चली गई थी और इस कारण उसका मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं रहता था। पुत्र ने पिता ने नशे के लिए रुपये मांगे पिता ने रुपये देने से मना कर दिया। जब पिता पशुबाड़े में सोने चले गए तब पुत्र गया और लाठी से पीटकर पिता को मार दिया और भाग गया। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व थानाध्यक्ष खरेला गोपाल चंद्र कनौजिया ने मौके का मुआयना कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव को पंचनामे के बाद पीएम को भेज दिया है। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। बहुत जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## खबरें एक नजर में

### दुकानदार को लाठियों से पीटकर किया घायल

महोबा। जिले के पनवाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भरवारा निवासी संतोष कुशवाहा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 15 मई की शाम करीब साढ़े 4 बजे वह बस स्टैंड के पास सब्जी की दुकान लगाए था। तभी चरन पुत्र मुछू कुशवाहा दुकान लगाने पर उससे विवाद करने लगा। उसकी मां व पत्नी भी वहां पर आ गई और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर इन लोगों ने लाठियों से उसकी पिटाई कर घायल कर दिया और इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित की सूचना पर आरोपी चरन, उसकी पत्नी सोनम व उसकी मां के खिलाफ धारा 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना से लोगों में खासा हड़कंप मचा रहा।

### समुदाय स्वास्थ्य केंद्र चरखारी में मनाया राष्ट्रीय डेंगू दिवस



चरखारी,महोबा। चरखारी के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा पीके सिंह राजपूत की उपस्थिति में डेंगू दिवस मनाया गया उन्होंने बताया 16 मई नेशनल डेंगू डे के रूप में मनाया जाता है इस दिन को मनाने का मकसद लोगों को डेंगू के बारे में बताना है डेंगू काफी गंभीर बीमारियों में से एक है हर साल इस बीमारी से लाखों करोड़ों लोग ग्रस्त रहते हैं वहीं कुछ लोगों के लिए समस्या जानलेवा भी साबित होती है खासतौर पर बारिश की शुरु आती दौर में डेंगू के मामले सब से ज्यादा देखे जाते हैं ऐसे में लोगों को इस बिमारी को लेकर जागरूक होना चाहिए।

### अतरौलिया गेट से गल्ला मंडी गेट तक मार्ग बंद

राठ। आज पीएम मोदी की जनसभा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अतरौलिया गेट से गल्ला मंडी गेट तक का मार्ग पूरी तरह बंद कर दिया है। इस रुट से वीवीआईपी की ही इंट्री होनी है। जनसभा स्थल के लिए कोतवाली के बगल से मल्हौवा मार्ग होते हुए नहर बाईपास से मैन गेट से जनता की इंट्री की गई है। इस मार्ग पर भी जगह जगह सुरक्षा कर्मी तैनात हैं।

### मदीना के लिए रवाना हुआ हज यात्रियों का जत्था

मौदहा,हमीरपुर। कस्बा सहित क्षेत्र के लगभग दो दर्जन से अधिक हज यात्रियों का जत्था मदीना के लिए रवाना हो गया है। जो आज लखनऊ से सऊदी अरब (मक्का-मदीना) पहुंच जाएंगे।गुरुवार को कस्बा सहित क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक हज यात्रियों का जत्था मदीन (सऊदी अरब) के लिए रवाना हो गया है। जो लगभग एक माह बाद वापस अपने वतन लौटेंगे। जिला हज ट्रेनर हाजी जहांगीर ने बताया की जनपद से कुल 46 हज यात्री है, जिसमें मौदहा कस्बा सहित क्षेत्र के 38 हज यात्री हज के लिए रवाना हुए हैं। जो आज लखनऊ हवाई जहाज से सऊदी पहुंचेंगे और हज की यात्रा पूरी करेंगे। हज को जाने वाले हाजियों को मोहाल के लोगों ने फूल मालाओं से विदा किया और गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। वहीं नगर के फत्तेपुर निवासी डॉ हसीब अहमद भी हज के लिए रवाना हुए हैं। जिनको मोहाल सहित सैकड़ों चाहने वालों ने फूल मालाओं से लादकर विदा किया है।

### प्रेमी के शादी करने से इंकार करने पर छात्रा ने लगायी फांसी, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



राठ, हमीरपुर समृद्धि न्यूज। प्रेमी द्वारा शादी करने से मना करने पर आहत हुई बीएड की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।पुलिस के मुताबिक राठ निवासी बद्री प्रसाद अहिरवार ने बताया कि उसकी पुत्री रेखा(31) का पड़ोस के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक 9 मई को अपने घर में ले गया था। अपने घर में कुछ घण्टे रखने के बाद अपने स्वजनों के साथ बदसलूकी करते हुए उसे घर पर भगा दिया था। जब वह घर लौटी तो उसकी पत्नी ने पूछा तो पुत्री ने बताया कि वह पड़ोस के एक युवक से प्रेम करती है। जब उसने शादी के लिए कहा तो युवक व उसके स्वजनों ने साफ इंकार कर दिया।

बताया कि शादी से मना करने से आहत होकर उसकी पुत्री ने कमरे में दुपट्टे के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।बताया कि उसकी पुत्री बीएड की छात्रा थी। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम की रैली को लेकर इंतजाम पूरे, राठ कस्बा बना छावनी



राठ, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।

आज होने वाली पीएम नरेंद्र मोदी की चुनावी जनसभा को लेकर बीएनबी इंटर कालेज और उसके आसपास एक किलोमीटर के दायरे में पुलिस छावनी में तब्दील हो गई है। जनसभा स्थल और हेलीपैड का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। पुलिस विभाग के आलाधिकारी बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। गुरुवार शाम से अतरौलिया गेट से मंडी तक का मार्ग बंद हो गया। इस दूरी पर चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी। भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के समर्थन में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनसभा को संबोधित करने आ रहे हैं। दोपहर बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित तीन हेलीकॉप्टर पीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा एसपीजी टीम के हवाले है। 5 दिन से एसपीजी के अधिकारियों ने डेरा डाल लिया था। हेलीपैड का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। जनसभा के लिए अभी काम तेजी से चल रहा है। एक बड़ा और दो छोटे पंडाल बनाए गए हैं। जनसभा पंडाल के आसपास छह तंबू नुमा झोपड़ियां बनाईं गई है। जनसभा स्थल को चारों ओर बैरीकेडिंग लगाई है। पंडाल में कुर्सियां कलर छाया की पूरी व्यवस्था की गई है। नहर बाईपास से सभा स्थल के लिए मुख्य द्वार बनाया गया है। जहां पर बैरीकेडिंग और सजावट का काम हो रहा है। डीआईजी व कमिश्नर गुरुवार को पहुंचे और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठकर हैलीपैड, जनसभा स्थल का निरीक्षण किया।

### निशुल्क एक हजार ई रिक्शे की व्यवस्था

राठ। मंडल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने बताया कि चरखारी रोड दादा गार्डन, उरई रोड नहर बाईपास, पनवाड़ी मार्ग गल्ला मंडी नहर पर बैरीकेडिंग की गई है। यहां से जनसभा स्थल के लिए निशुल्क एक हजार ई रिक्शे लगाए गए हैं। बताया कि कोई भी वाहन सभास्थल पर नहीं जाएगा।

### अतरौलिया गेट से गल्ला मंडी गेट तक मार्ग हुआ बंद

राठ। आज पीएम मोदी की जनसभा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अतरौलिया गेट से गल्ला मंडी गेट तक का मार्ग पूरी तरह बंद कर दिया है। इस रुट से वीवीआईपी की ही इंट्री होनी है। जनसभा स्थल के लिए कोतवाली के बगल से मल्हौवा मार्ग होते हुए नहर बाईपास से मैन गेट से जनता की इंट्री की गई है। इस मार्ग पर भी जगह जगह सुरक्षा कर्मी तैनात हैं।

# चुनावी ड्यूटी जाने को तैयार प्राचार्य की हुई मृत्यु

राठ, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।



प्राचार्य की फोटो

मतदान ड्यूटी जाने के लिए तैयार हो रहे प्रधानाचार्य की अचानक अस्पताल पहुंचते वक्त मृत्यु हो गयी। जरिया थाने के इटैलियाबाजा गांव निवासी रवि उर्फ राजेन्द्र सिंह ने बताया कि उसके पिता 50 वर्षीय जगदीश प्रसाद अनुरागी मंगरौठ गांव स्थित पंडित परमानंद इंटर कालेज के प्रधानाचार्य थे। सोमवार की रात उनकी ड्यूटी विकलांग मतदान के लिए डोर टू डोर हमीरपुर के गांव में लगी हुई थी। जहां सोमवार की रात ड्यूटी करने चले गए थे। मंगलवार रात जब घर लौटे तो हल्का बुखार से हालत बिगड़ी हुई थी। रात में इलाज करा दिया था। गुरुवार की सुबह करीब छह बजे ड्यूटी जाने के लिए अचानक हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉ नरेन्द्र सिंह ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्वजनों ने हार्ट अटैक से मौत होने की बात कही है।

# मतदान के लिए कवियों ने पेश की रचनाएं

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

कपिल मुनि योग एवं ध्यान केंद्र पल्हरी बाराबंकी में गत दिवस संस्कार भारती की ओर से प्रातः साढ़े पांच बजे योगाभ्यासी वरिष्ठ नागरिकों के साथ चाय की चुस्कियों के बीच मतदाता जागरूकता पर इकाई अध्यक्ष डॉ अम्बरीष अम्बर द्वारा चर्चा की गई तथा इसी स्थान पर सायंकाल प्रधानाचार्य श्री राम अभिलाष वर्मा जी के जन्मदिन को मतदाता जागरूकता उत्सव के रूप में मना कर लोकतंत्र के महापर्व को सफल एवं सार्थक बनाने के लिए, साहित्यकारों द्वारा अनुरोध किया गया कि अधिकाधिक मतदान करवाने में अपना सहयोग दें । सभी लोगों ने प्रधानाचार्य श्री वर्मा को जन्मोत्सव की बधाई दी। डॉ राम समुझ वर्मा के संचालन में डॉ अम्बरीष अंबर ने निवेदन किया मशीनी जिंदगी है वोट देना भूल मत जाना। हथौड़ा न्याय का है चोट देना भूल मत जाना। समझिए मूल्य वोटिंग का बड़ा शुभ लाभ है इसमें,समय के हाथ में अखरोट देना भूल मत जाना।। शिव कुमार व्यास ने कहा - लोकतंत्र के रक्षा हित करना है यह काम।बीस मई मतदान का फिर पांच साल आराम।। डॉ ओ पी वर्मा ओम ने पढ़ा- निर्भय होकर डालें वोट । न मन में रखिए कोई खोट । करें राष्ट्र का नव निर्माण ।।साहब नारायण शर्मा ने कहा -मतदान करो, मतदान करो ।अपने मत की महत्ता की पहचान करो।। सभा को राष्ट्रीय जागरण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव, गायत्री मिशन के ध्वज वाहक शर्मा जी, डॉ अनिल सिंह, डॉ राम सुरेश वर्मा, नींबू लाल गुप्ता, डॉ एस के अवस्थी तथा राम सेवक ने संबोधित किया।



# फर्जी ट्रक मालिक बताकर हड़पे रुपए पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

मौदहा, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।

पीड़ित युवक ने अपने मोहाल के एक युवक पर फर्जी ट्रक मालिक बताकर लाखों रुपए ठगने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज निवासी पीड़ित फरीद उद्दीन पुत्र अब्दुल गफ्फार ने पुलिस को बताया कि हुसैनगंज निवासी सरफराज अहमद उर्फ भम्भा ने उससे एक ट्रक जिसका नम्बर यूपी 71 टी 3736 का मालिक बताकर उक्त ट्रक पर साझेदार बनाने के लिए 3,50,000 रूपए चेक द्वारा मुझसे लिए है। जब प्रार्थी को पता लग की उक्त ट्रक का मालिक आरिफ़ पुत्र अब्बास निवासी दीवान सहीद बाबा के पास का है, जिसे उक्त सरफराज ने किराये पर लिया है। वहीं बताया की जब मैने उक्त सरफराज से अपने पैसे मांगे तो उसने 60,000 रूपए वापस किए हैं और बाकी 2,90,000 रुपए नहीं दे रहा है। मांगने पर विवाद पर अमादा हो गया है। जिसपर कारवाई की मांग करते हुए उक्त रुपए वापस दिलाने की पुलिस से गुहार लगाई है। मामले में सरफराज अहमद द्वारा बताया गया की ट्रक लेने के मामले में मैंने इनसे पैसे लिए थे और जिसमें 60,000 वापस कर दिए हैं उक्त बचे रूपए देने के लिए डेढ़ वर्ष का एग्रीमेंट हुआ था, हम दोनों पक्षों के बीच बीते माह राजीनामा भी हो चुका है जिसमें की मैं उक्त पैसा डेढ़ वर्ष के अंदर चुका दूंगा।

# सिविल जज ने कार्यभार संभाला



चरखारी,महोबा। न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन चरखारी में विगत सात माह से रिक्त पद पर विजय शंकर गौतम ने सिविल जज के रूप में पद भार ग्रहण किया। अधिवक्ताओं से औपचारिक मुलाकात की और कहा की न्यायालय को गति प्रदान करने के लिए सभी अधिवक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की स्वागत के दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह, दिनेश पाठक, महेंद्र सिंह यादव, मोहम्मद यूनुस खान, हरीश दिहुलिया,हरिहंद चौबे, प्रदीप खरे, आदित्य खरे,राहुल मिश्रा,कुलदीप सक्सेना, के के सक्सेना प्रमोद चौबे, देवेन्द्र कुमार यादव,आदि अधिवक्ता मौजूद रहे

# महाराणा प्रताप की जयंती के अवकाश घोषित कराने के लिए गोप के प्रति व्यक्त किया आभार

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

क्षत्रिय शिरोमणि महाराणा प्रताप संगठन के पदाधिकारियों ने आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप जी के सिविल लाइन आवास पर भेंट कर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी का महाराणा प्रताप जी की जयंती पर घोषित किए गए अवकाश के लिए आभार व्यक्त करते हुए प्रतीक चिन्ह एवं साफा बांधकर सम्मानित किया, पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने महाराणा प्रताप संगठन के पदाधिकारियों को वचन देते हुए कहा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सभी महापुरुषों का सम्मान करते हैं अखिलेश यादव जी के पुनः मुख्यमंत्री बनते ही हम सबके प्रेरणा स्रोत वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती पर पुनः अवकाश घोषित किया जाएगा, महाराणा प्रताप संगठन के पदाधिकारियों ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया का समर्थन करने का ऐलान करते हुए भारी बहुमत से चुनाव जीताने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से राजेश सिंह राजू,राज कुमार सिंह,रामेंद्र प्रताप सिंह,सुशील कुमार सिंह,नवीन कुमार सिंह, अजय वर्मा बब्लू, शकील सिद्दीकी, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, नसीम कीर्ति, सहित संगठन के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजपूत समाज ने इंडी गठबंधन के लिए मांगा समर्थन

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

इण्डिया गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आज इण्डिया गठबन्धन के साथियों के साथ नगरपालिका परिषद बाराबंकी के वार्ड गांधी नगर में व्यापक जनसम्पर्क करके मतदाताओं से मिलकर इण्डिया गठबन्धन के पक्ष में मतदान करने की अपील की तदोपरान्त सैकड़ों की संख्या में क्षत्रीय समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप के चित्र को राजेश सिंह राजू के नेतृत्व में पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया तथा इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को भेंट करके इण्डिया गठबन्धन को मजबूत करने तथा तनुज पुनिया को रिकार्ड मतों से जीत दिलाने का आश्वासन दिया।



सैकड़ों की संख्या में राजेश सिंह राजू के नेतृत्व में आये क्षत्रीय समाज के लोगों में मुख्य रूप राजकुमार सिंह शिव कुमार सिंह, रामेन्द्र प्रताप सिंह, गया प्रसाद सिंह, चन्द्रिका सिंह, चन्द्रभान सिंह, सुधीर सिंह, विपिन सिंह, शिवा सिंह, इन्द्रसेन सिंह, राहुल सिंह, अभय सिंह, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, आनन्द सिंह, अमरजीत सिंह, अजय सिंह, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, सुनील सिंह राठौर, संजय सिंह, विश्वनाथ सिंह, सहित सैकड़ों की संख्या में क्षत्रीय समाज के लोग मौजूद थे। पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया व इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने उनके समर्थन के प्रति आभार जताते हुये उनके मान सम्मान की रक्षा किये जाने का आश्वासन दिया।

# लोकतंत्र का पर्व मनाए वोट डालने बूथ पर जाएं का नारा बुलंद



उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**मतदाता जागरूकता** घर घर अभियान चलाकर 20 मई को मतदान तब जलपान का छात्र छात्राओं ने स्लोगन की तख्ती लेकर व नारे लगाकर मतदान करने की अपील की।विकास क्षेत्र रेहरा बाजार के मतदाता जागरूकता अभियान की खण्ड विकास अधिकारी मनोज कुमार एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार ,एडीओ पंचायत इरफानुल्लाह खां की उपस्थिति में कन्या कंपोजिट विद्यालय सादुल्लानगर मे छात्र-छात्राओं ने अध्यापको एवं अभिभावकों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने हेतु जागरूक किया गया।जिसमे सभी छात्र -छात्राओं को अपने घर के सदस्यों को,पास- पड़ोस के लोगों को बीस मई को होने वाले लोकसभा चुनाव बीस मई में शत-प्रतिशत मतदान कराने हेतु जागरूक किया गया।कन्या कंपोजिट विद्यालय सादुल्लानगर के छात्र- छात्राओं एवं अध्यापको के द्वारा अभिभावको एवं ग्रामीण के लोगो को भी शत प्रतिशत मतदान करने हेतु रैली निकाल कर जागरूक किया गया।छात्र-छात्राओं के बीच मतदाता जागरूकता हेतु पोस्टर,रंगोली एवं स्लोगन प्रतियोगिता कराया गया। खण्ड विकास अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने मतदान करने के महत्व के बारे में जानकारी दी और कहां कि जो छात्र,छात्राएं 18 वर्ष उम्र के हो गए हैं वह जरूर मतदान करें और पास पड़ोस व अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए जागरूक करें। इस अवसर पर अरशद अब्बासी, नासिर हाशमी, अनूप कुमार शर्मा, अरविंद कुमार प्रजापति, शहबाज सिद्दीकी, मोहम्मद इरफान, विनय कुमार सिंह, गुलाम जिलानी बेग, अर्जुन कुमार वर्मा, राहत हुसैन, नसीम अहमद, शशि प्रभा, आरिफ खन्ना, उमेश कुमार, प्रतिमा, मनोरानी, नीलम, ममता गुप्ता, उमा देवी,रजिया सुल्ताना, हेमंत कुमार,राधेश्याम यादव एवं क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहूएं व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं व समस्त विद्यालय स्टाफ़ आदि द्वारा रैली में प्रतिभाग किया गया।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट डालना सभी का अधिकारः राय

- अपर नगर आयुक्त के नेतृत्व में अधिकारियों व कर्मचारियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

अयोध्या। समृद्धि न्यूज



**गुरुवार को** अपर नगर आयुक्त,शशि भूषण राय तथा अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में नयाघाट स्थित तुलसीउद्यान पार्क से अशर्फी भवन चौराहा तक लोकसभा निर्वाचन 2024 लोकतंत्र के महापर्व पर नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।नगर निगम के अधिकारियो और कर्मचारियों द्वारा निकाली गई इस मतदाता जागरूकता रैली में जनता से मिलकर उन्हें अपने मतों का प्रयोग किए जाने हेतु प्रेरित किया गया।उल्लेखनीय है कि देश में लोकसभा निर्वाचन के महापर्व पर आगामी 20 मई को आम जनमानस से अपने मतों का प्रयोग करने प्रेरित गया,जिससे अधिक से अधिक संख्या में आम जनमानस द्वारा अपने मतों का सदुपयोग कर देश के महापर्व मे अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त श्री राय ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट डालना सभी का अधिकार है।आगामी लोक सभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करते हुए चुनाव के महापर्व में अपनी सहभागिता करें।इस अवसर पर जोनल अधिकारी अयोध्या धाम, अशोक कुमार गुप्ता,जोनल अधिकारी कौशलपुरी गुरु प्रसाद पाण्डेय,सहायक अभियंता, राजपति यादव,कर निर्धारण अधिकारी,हरगोविंद सिंह यादव, कर अधीक्षक,जय प्रकाश,मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार झा,सफाई निरीक्षक, राकेश कुमार वर्मा तथा विजयेन्द्र वर्मा सहित निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनडीए प्रत्याशी के सांसद बनने पर होगा जिले का बहुमुखी विकासः विजय

अयोध्या। समृद्धि न्यूज



**लोकसभा अम्बेडकर** नगर के एनडीए प्रत्याशी रितेश पांडेय के समर्थन में जिले की भीटी तहसील के ग्राम असगवा बाताशपुर कटेहरी विधानसभा में रामपाल द्विवेदी की अध्यक्षता में किसान,मजदूर चौपाल आयोजित की गई।चौपाल को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी श्री पांडेय के सांसद बनने पर अंबेडकरनगर का बहुमुखी विकास होगा।श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के सपनों का ग्रामीण भारत बनाना चाहते है।एनडीए गठबंधन अम्बेडकरनगर में सर्व समाज राजनीति करने में सफल है।राष्ट्रीय लोक दल के मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न तिवारी ने कहा कि सामाजवादी पार्टी ने अति पिछड़ों,शोषितों और वंचितों का कोई काम नहीं किया है।उनके समय में गुंडों का राज रहा है।चौपाल के संयोजक राष्ट्रीय लोक दल के नेता पूर्व बीडीसी अशोक द्विवेदी ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी श्री पांडेय की जीत किसानों,मजदूरों की जीत है। चौपाल में प्रमुख रूप से बब्बन निषाद, लल्लन निषाद, डॉ रामकुमार द्विवेदी, दीपक यादव, रमेश सेठ, पवन जायसवाल, राघवेंद्र द्विवेदी, राम सुमेर निषाद, कौशलेंद्र द्विवेदी, पवन जायसवाल, सर्वदानंद जायसवाल व सोनू निषाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आम जनमानस को हो रही असुविधा को लेकर उतरौला विकास मंच आदिल हुसैन ने उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

उतरौला (बलरामपुर)। जल जीवन मिशन के तहत सड़कों के किनारे पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे से आम जनमानस को हो रही असुविधा को लेकर उतरौला विकास मंच आदिल हुसैन ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी अवधेश कुमार को सौंपा। दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि जल जीवन मिशन के तहत पाइप बिछाने के लिए ठेकेदार द्वारा नगर के सभी वार्डो में इंटर लाकिंग व सड़क को खोद दिया है पाइप बिछाकर उसे उसी हालत में छोड़ दिया गया है जिसका मलबा इधर उधर बिखरा पड़ा है।आने जाने वालों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा हे।कस्बे के 25वार्डो में पाइप बिछाने के लिए गड्ढे खोदे गए हैं यदि समय रहते गड्ढों को बराबर नही किया गया तो बरसात के दिनों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

# चोरी की मोटर साइकिल बरामद, एक गिरफ्तार

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज




पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला प्रमोद कुमार यादव के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज अनिल कुमार दीक्षित के कुशल नेतृत्व में गुरुवार को मार्डन थाना श्रीदत्तगंज में उपनिरीक्षक रमेश यादव व उनकी टीम हेडकांटेबल सुमित कुमार, कांटेबल संदीप निषाद के द्वारा थाना श्रीदत्तगंज पर सन्दिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त महताब रजा पुत्र मुमताज अली निवासी नई बस्ती महदेइया मोड थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर को चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल (नं0 P32FY0753) के साथ चौकी महदेइया बहदग्राम मुजहना से गिरफ्तार कर थाना श्रीदत्तगंज पर मु0अ0सं0 76/2024 धारा 411 भा0द0वि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय रवाना किया गया।

## खबरें एक नजर में

### एशिया के नंबर वन लेमिनेट्स ब्रांड वर्गो ग्रुप ने गोरखपुर में किया भव्य डीलर मीटिंग



**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।** गोरखपुर के होटल रेडिशन ब्लू में बुधवार की शाम शहर भर के हार्डवेयर का व्यवसाय करने वाले व्यापारियों का जमावड़ा लगा। जहा वर्गो ग्रुप ने अपने सभी सहयोगियों को बिजनेस मंत्र दिया और अपने साथ जुड़ने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। वर्गो ग्रुप के जनरल मैनेजर उदय प्रताप पाण्डेय, गोरखपुर ब्रांच के मैनेजर विकास कुमार तिवारी वर्गो ग्रुप के चैनल पार्टनर और क्रोमा ब्रांड के डिस्ट्रीब्यूटर निगम ट्रेडर्स, एबको ब्रांड के डिस्ट्रीब्यूटर भलोटिया, देवरिया में वर्गो ग्रुप के डिस्ट्रीब्यूटर मां सरस्वती एंटरप्राइजेज और खलीलाबाद, अयोध्या, सिद्धार्थनगर,महराजगंज के डिस्ट्रीब्यूटर समेत कंपनी के साथ मिलकर काम कर रहे करीब 250 व्यापारियों ने इस मीटिंग में शिरकत की। इस दौरान वर्गो ग्रुप के जीएम उदय पाण्डेय जी ने अपने सभी चैनल पार्टनर को कंपनी के प्रोडक्ट उसकी नीतियां और भविष्य में उसके नवाचार को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की। आपको बता दे की वर्गो ग्रुप लेमिनेट्स मार्केट में पूरे एशिया में नंबर 1 की हैसियत रखता है और लगभग 50 देशों में अपने उत्पाद का निर्यात भी करता है। वही वर्गो ग्रुप देश के सभी बड़े शहरों में अपने डिपो स्थापित कर जहा लोकल लेबल पर रोजगार सृजन का जरिया बना है वही अपने उपभोक्ताओं को उच्च क्वालिटी के लेमिनेटस सीधा कंपनी के जरिए उपलब्ध करवाता है। जिससे ग्राहकों की विश्वनीयता बनी रहती है।

### सीएचसी ठर्रापार में बैठेंगे मेडिकल कॉलेज रिसर्च टीम के डाक्टर, लगेंगी जांच मशीनें

**सहजनवां गोरखपुर।** नगर पंचायत घघसरा चेयरमैन प्रभाकर दुबे की अध्यक्षता में गुरुवार को मेडिकल कॉलेज जेई रिसर्च टीम के डॉक्टरों ने योजना बनाई तथा एक हफ्ते में सीएचसी ठर्रापार में अपनी सेवा शुरू करने का निर्णय लिया । मेडिकल कॉलेज जेई रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ डॉक्टर अशोक पांडेय एवं निदेशक कृष्णा पांडेय ने बताया कि- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठर्रापार में- इंसेफेलाइटिस, टीवी, डायबिटीज, कैंसर जैसी अन्य गंभीर बीमारियों की जांच, इलाज व उस पर शोध किया जाएगा। इसके लिए शीघ्र मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर यहाँ बैठेंगे। जांच मशीन भी लगाई जाएंगी। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने मीडिया को बताया कि- गंभीर बीमारियों से निपटने के लिए प्रदेश व केन्द्र सरकार मिलकर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जिसके लिए-जनपद की सीएचसी ठर्रापार को चुना गया है। जैसा कि आप लोग जानते हैं कि चिकित्सालय दो जिलों-गोरखपुर व संतकबीरनगर को एक साथ जोड़ता है। इस कारण इस पर जनता का भारी दबाव रहता है। गंभीर बीमारियों के होने पर डॉक्टरों द्वारा मुफ्त जांच, इलाज व उस पर शोध किया जाएगा । निपुर्ण डॉक्टरों के अनुभव का लोगों को बहुत फायदा होगा । इतना ही नहीं सरकार मेडिकल कॉलेज टीम की अगवाई में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में - शीघ्र एक आदर्श ग्रामीण स्वास्थ्य रिसर्च सेंटर का निर्माण कराएगी । निर्माण कार्य जब तक शुरू नहीं होता है, तब तक यहाँ पर मेडिकल कॉलेज रिसर्च टीम के डाक्टर बैठेंगे। जांच मशीनें भी हफ्ते के अंदर लगेंगी । उक्त अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष घघसर प्रभाकर दुबे,अधिशासी अधिकारी अमित नायक,मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ डॉक्टर अशोक कुमार पांडेय, रिसर्च सेंटर टीम के निदेशक कृष्ण कुमार पांडेय,डाक्टर बोस, सीएचसी अधीक्षक- डाक्टर सतीश सिंह,विनय पाण्डेय,सर्वेश दुबे,अखिलेश गुप्ता, सुशील कुमार शुक्ल,अभय दीप दुबे समेत कई लोग मौजूद थे।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया

**बलरामपुर।** बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए सीएमओ ने कहा कि डेंगू मच्छर जनित बीमारी है, जो एडीज प्रजाति के मच्छरों के काटने से फैलती है। यह बीमारी बहुत तेजी से फैलती है और फ्लू जैसी गंभीर होती है। डेंगू किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकता है। डेंगू में प्लेटलेट्स लगातार कम होने लगते हैं। डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी और इस बीमारी की गंभीरता को देखते हुए हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि डेंगू मच्छरों से फैलने वाली बीमारी है, तो इसकी रोकथाम के लिए सबसे पहले मच्छरों से बचाव जरूरी है। मच्छरों से बचने के लिए लंबी बाजू वाले कपड़े पहनें। पैरों को भी ढककर रखें। लाइट कलर के कपड़े गर्मी से तो बचाते ही हैं साथ ही मच्छरों से भी। मच्छर डार्क कलर की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं। नियमित रूप से नालियों, गमलों और अन्य जगहों की जांच करते रहें। उनमें पानी न जमा होने दें। इसमें डेंगू के लार्वा पैदा हो सकते हैं। मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी, स्प्रे का प्रयोग करें। घरों में कुछ खास तरह के पौधे लगाने से भी मच्छर दूर रहते हैं।इस अवसर पर डेंगू से बचाव हेतु शपथ ली गई तथा एक रैली भी निकाली गई।कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार शुक्ला, डॉ अनिल कुमार चौधरी,जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, डीएमओ राजेश पाण्डेय, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, विनोद त्रिपाठी, अविनाश सिंह, सूर्यमणि त्रिपाठी पवन यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों आदि ने प्रतिभाग किया।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर सपथ दिलाते सीएमओ

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अर्न्तगत् गुरुवार को पूर्वान्ह- 12:00 बजे से कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सोनभद्र के समागर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय डेंगू दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त अधीक्षक / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सामु0/प्रा0 स्वा0केन्द, समस्त परियोजना चिकित्सालय एवं प्राइवेट हास्पिटल के अधिकारी/कर्मचारीगण कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी, महोदय द्वारा यह निर्देशित किया गया कि डेंगू धनात्मक रोगी का सैम्पल एस0एस0एच0लैब, जिला चिकित्सालय, लोढ़ी भेजा जाये। सभी एल0टी0/एल0ए0 अपने अधीन समस्त प्रशिक्षित आशाओं से सभी बुखार के रोगियों की नियमित जाँच कराये। डेंगू एवं मलेरिया के रोगी मिलने पर तत्काल कैम्प का आयोजन कर कम से कम 50 घरों की जाँच करायी जाये साथ ही यह भी अवगत कराया कि कुछ दिनों में राबर्टसगंज स्थित ब्लड बैंक में ब्लड सेपेरेटर यूनिट कियाशील हो जाने पर प्लेटलेटस की उपलब्धता 24 घण्टे सुनिश्चित होगी।

# जनता पूरा करेगी मोदी के चार सौ पार का संकल्पः वेद



अयोध्या। समृद्धि न्यूज

**गुरुवार को** नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने ग्राम सभा खजुरावर के शक्ति केंद्र पर पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक कर चौपाल लगाई।बैठक में विधायक श्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प अबकी बार चार सौ पार को सफल बनाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं ताकि उससे प्रेरित होकर लोग शत प्रतिशत मतदान कर भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाए।उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर विजय हासिल कर हमारा करना हमारा लक्ष्य है प्रत्येक बूथ पर जीत की विजय का आधार है। बैठक में प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह,पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभू नाथ सिंह दीपू,गन्ना समिति अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह,ब्लॉक अध्यक्ष वरुण चौधरी,महिला मोर्चा की महानगर मंत्री स्वाति सिंह,मंडल प्रभारी दिनेश मिश्रा, महानगर उपाध्यक्ष रामप्रीत वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ अरुण कुमार तिवारी,शिवनारायण तिवारी तथा कृष्ण वर्मा सहित बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों की मौजूदगी रही।

# डीएम ने विकास खण्ड श्रीदत्तगंज में मतदान के लिए बांटा निमंत्रण पत्र

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज



**विकास** खण्ड श्रीदत्तगंज ने ठाना है सौ प्रतिशत मतदान कराना है। के स्लोगन के साथ जिलाधिकारी ने विकास खण्ड श्रीदत्तगंज में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम में विशाल मानव श्रंखला निर्माण करके मतदाताओं को जागरूक किया और उन्हें मतदान का निमंत्रण पत्र दिया। उन्होंने मतदाताओं से इस बात की शपथ दिलाई कि वह मतदान तिथि 20 व 25 म ई को मतदान केंद्र पर अपने परिवार को साथ लाकर आकर मतदान करेंगे। जिलाधिकारी ने मतदान जागरूकता अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कराने के लिए विकास खण्ड श्रीदत्तगंज में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय कस्तूरबा गांधी विद्यालय बायभीट में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अरविंद कुमार ने वोट की राखी उपस्थित लोगों के हाथों में बांधी और उन्हें मतदान करने का निमंत्रण पत्र दिया। उन्होंने मतदान दिवस पर अपने ग्राम पंचायत के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का शपथ दिलाई।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हर घर आंगन तक जाना है। सबको मतदान कराना है। के नारों के बीच आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,आशा बहू, समूह की महिलाएं तथा विकास विभाग के कर्मचारियों ने नारे लगाए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, उपायुक्त स्वत रोजगार, जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी श्रीदत्तगंज संजय कुमार, सहायक विकास अधिकारी आई एसबी, ग्राम पंचायत सचिव चंचल सिंह, मानिकराम मौर्य, प्रवीण कुमार गुप्ता, गायत्री मौर्य, सहायक विकास अधिकारी कृषि, रत्नेश कुमार नीति आयोग फेलोशिप, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की वार्डन, विकास खण्ड श्रीदत्तगंज के विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग की आशा , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व तमाम विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

वार्ता | ऑल इंडिया पीपुल्स फंट के प्रदेश संगठन महासचिव दिनकर कपूर व युवा मंच के संयोजक राजेश सचान की पत्रकार वार्ता

# 'भाजपा के विरुद्ध जनता लड़ रही है चुनाव'

दुद्धी, सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

- कॉरपोरेट्स पर टैक्स लगाकर की जा सकती है रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और पेंशन की गारंटी
- दुद्धी में पलायन पर रोक के लिए की जा सकती है रोजगार की व्यवस्था
- क्षेत्र के विकास पर सभी दल चुनाव में अपनी नीति को स्पष्ट करें



**देश की** आर्थिक संप्रभुता को क्षति पहुंचाने, समाज के मैत्री भाव को नष्ट करने और संविधान में दिए हुए लोकतंत्र व न्याय के अधिकार पर हमला करने वाली भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार के विरुद्ध राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र में जनता चुनाव लड़ रही है। हम अपने एक महीने से चलाए जा रहे एजेंडा लोकसभा चुनाव संवाद सम्पर्क अभियान में गांव-गांव किए हुए सर्वे के आधार पर यह कह सकते हैं कि इस क्षेत्र में जनता भाजपा और उसके सहयोगियों के खिलाफ खड़ी है और इस चुनाव में उनकी हार सुनिश्चित है। यह बातें आज दुद्धी में होटल ग्रीन स्टार में आयोजित पत्रकार वार्ता में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर ने कहीं। उन्होंने कहा कि देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों का मत है कि यदि कॉर्पोरेट घरानों के ऊपर संपत्ति और उत्तराधिकार टैक्स लगा दिया जाए तो देश के हर नागरिक को रोजगार, बेहतर और मुफ्त शिक्षा-स्वास्थ्य, वृद्धावस्था पेंशन और आवास के अधिकार की गारंटी की जा सकती है। लेकिन कॉरपोरेट को लाभ पहुंचाने में लगे प्रधानमंत्री मोदी इसे करने की जगह इस सवाल पर देश को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोनभद्र जिला देश के सर्वाधिक पिछड़े जिलों में एक है और दुध्दी का आदिवासी बाहुल्य इलाका तो और भी पिछड़ेपन का शिकार है। चाहे जिसकी भी सरकार रही हो यह इलाका उपेक्षित ही रहा है। यहां बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है और युवा लड़के ही नहीं बल्कि लड़कियां भी अपनी आजीविका के लिए दूसरे राज्यों में जाकर काम करने के लिए मजबूर हैं। यहां मजदूरों के साथ-साथ बैंकों में जमा लोगों की पूंजी का भी पलायन हो रहा है। इस स्थिति से इस इलाके को बचाया जा सकता है और रोजगार सृजन किया जा सकता है बशर्ते की सरकारें इसे करने की इच्छा शक्ति दिखाएं। यहां सरकार किसानों की सिंचाई के लिए कनहर परियोजना को पूरा किया जाता, बरसाती नालों पर बांधों का निर्माण किया जाता, नौजवानों के कारोबार के लिए ब्याजमुक्त ऋण, महिला स्वयं सहायता समूह के कुटीर व लघु उद्योग के विस्तार के लिए ब्याज मुक्त कर्ज, थर्मल पावर कारखानों से निकलने वाली फ्लाई ऐश पर आधारित ईट उद्योग और जैविक अरहर पैदा करने वाले इलाके में इसकी बड़े पैमाने पर खेती कराई जाए , वन विभाग की खाली जमीनों को फलदार वृक्ष लगाने के लिए गांव की सहकारी समितियां को दिया जाए तो निश्चित रूप से न सिर्फ पलायन पर रोक लगती बल्कि क्षेत्र का पिछड़ापन भी दूर होता। उन्होंने कहा कि इस इलाके की नदी, पहाड़, जंगल की चौतरफा लूट हो रही है। स्थानीय निवासियों की कोऑपरेटिव बनाकर यदि खनन कार्य दिया जाए तो लाखों लोगों के लिए रोजगार सृजन हो सकता है। वनाधिकार कानून भी विफल हो गया दो-दो बार मुख्यमंत्री के आगमन के बावजूद बहुतायत आदिवासी व वनाश्रित अभी भी वनाधिकार में पट्टे आवंटन से वंचित हैं। डबल इंजन की सरकार के बावजूद दुध्दी की लाइफ लाइन कनहर सिंचाई परियोजना के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से धन का आवंटन नहीं हुआ। इससे न सिर्फ नहर बनाने का काम रुका हुआ है, परियोजना लागत में इजाफा हो रहा है बल्कि विस्थापितों को मुआवजा भी नहीं मिल पा रहा है। हमारे हस्तक्षेप के बाद शुध्द पेयजल के लिए आरओ प्लांट और वाटर फिल्टर लगाए गए जिनमें से ज्यादातर आज धन के अभाव में खराब पड़े हैं। इन जन मुद्दों पर पूरे इलाके में जन संवाद अभियान चल रहा है । भाजपा के विरुद्ध लड़ रहे विपक्षी दल भी इन सवालों पर अपनी स्थिति को स्पष्ट करेंगे।



# सरल जुर्माना जमा योजना एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग से सुनवाई का लाभ उठाएं वादकारीः अपर जिला जज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**जनपद न्यायाधीश** एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर गुरुवार को सदर तहसील में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सुनवाई की प्रकिया एवं इसके लाभ तथा वैवाहिक विवादों में प्री-लिटिगेशन के संबंध में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव की देख-रेख में किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अन्तर्गत कार्यरत मध्यस्थता केन्द्र में उनके एवं मध्यस्थाअधिवक्ता शिवनारायण सैनी के प्रयास से लगभग एक वर्ष पुराने वैवाहिक विवाद का निस्तारण किया गया। सचिव ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व उक्त प्रकरण घरेलू हिंसा उत्पीडन की एफआईआर थाना ठठिया पर दर्ज हुयी थी, जिसका न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित होने के पश्चात् प्रकरण को सुलह प्रयास से निस्तारण किये जाने हेतु संबंधित न्यायालय अपर सिविल जज (सीवडि0) / ए0सी0 जे0एम0 कन्नौज द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्यस्थ केन्द्र को संदर्भित किया गया था,जिसका निस्तारण आज पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर कर दिया गया।शिविर में तहसीलदार सदर रामशंकर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में सदर तहसील में आयोजित हुआ जागरुकता शिविर

सुनवाई की प्रक्रिया एवं उसके लाभो के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आधुनिक संचार तकनीक है, जिसके माध्यम से दो या इससे अधिक स्थानों से एक साथ ऑडियो वीडियो के माध्यम से कई लोग जुड़ सकते हैं। इसका प्रयोग खासकर किसी बैठक या सम्मेलन के लिए तब किया जाता है, जब कई लोग अलग-अलग स्थानों में बैठे हों। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से अभिलेखों और कम्प्यूटर पर चल रही सूचनाओं का आदान-प्रदान भी किया जा सकता है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोई गवाह न्यायालय में बिना उपस्थित हुये भी अपनी गवाही अंकित करा सकता है द्य पराविधिक स्वयं सेवक सीमा बानों व अनूप शर्मा ने सरल जुर्माना जमा योजना के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि पुलिस अधिनियम, जुआ अधिनियम, मोटर वाहन चालान आदि के छोटे-छोटे अपराधिक मामलों की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्?देश्य सरल पे आफेन्स, जुर्माना जमा योजना आरम्भ की गयी है, अब आप सीधे भारतीय स्टेट बैंक की निकटतम शाखा की पावन ज्योति एकाउन्ट में सम्मन कर अंकित जुर्माना धनराशि जमा कर रसीद प्राप्त करे और न्यायालय तक जाने से बचे। पराविधिक स्वयं सेवक आशीष श्रीवास्तव व निर्मल कुमार द्वारा वैवाहिक विवादों में प्री-लिटिगेशन स्तर पर निवारण किये जाने के विषय पर प्रकाश डालते हुये बताया कि जो भी पक्षकार अपने पारिवारिक / वैवाहिक मामलों का निपटारा वाद करने से पूर्व करवाना चाहते है तो वह प्री-लिटिगेशन स्तर पर प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर अपना विवाद आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकते है, प्री-लिटिगेशन के स्तर पर निस्तारित वाद न्यायालय की डिक्री के समान होता है। वहीं महिलाओं को जागरूक करते हुये नालसा, सालसा, के निर्देश पर चलाई जा रही योजनाओं के विषय पर तथा नालसा हैल्पलाईन नम्बर 15100 एवं नालसा ऐप डाउनलोड कर ऐप के लाभ के बारे में भी बताया गया।

# सपा कार्यकर्ताओं की एफआईआर दर्ज न हुई तो न्यायालय का शरण लेकर मुकदमे को पंजीकृत कराएंगे पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**संत गेस्ट** हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस रवि गुप्ता, व प्रत्येश तोमर व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष अगुवाई में वरिष्ठ सपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने कहा कार्यकर्ता पार्टी की ताकत होती है उन्होंने कहा अगर किसी कार्यकर्ता के साथ सत्ता पक्ष के नेता ने डराया और धमकाया तो अच्छी बात नहीं होगी हम समाजवादी लोग हैं हम सबक सिखाना भी जानते हैं प्रशासन को भी हम चेतावनी के साथ कहना चाहता हूं कि जिन लोगों ने हमारे कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की धमकियां दे रहे हैं उन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करें वरिष्ठ सपा नेता नवाब सिंह यादव पीड़ित कार्यकर्ताओं से मिले जिनको मतदान के दौरान डराया धमकाया बा मारा पीटा गया रिशू यादव नगला भजा , दीपक शर्मा कटरा मौहल्ला छिबरामऊ, विम्मी वर्मा बजरिया मौहल्ला , अवनीश यादव, अभिषेक यादव रंधीरपुर सहित कई अन्य कार्यकर्ताओं के साथ जो घटना हुई मतदान के दिन उन कार्यकर्ताओं से भी मिले सपा नेता नवाब सिंह यादव पहुंचे जहां पर प्रत्येश तोमर व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष के द्वारा इस बैठक का आयोजन किया गया इस दौरान योगेंद्र यादव, बबल प्रधान, रवि गुप्ता, रहीस मंसूरी, अशोक चौहान, पॉटी यादव, अच्छे खान, राघवेंद्र यादव, गोल्डन, नरेंद्र शर्मा, दिनेश शाक्य, प्रदीप शुक्ला, राजन गुप्ता, सुधीर सविता, आरिफ मंसूरी, रोहित यादव, बऊआ, अमित वर्मा , राजेश राजपूत।

# खबरें चलते-चलते

## शराब को लेकर दो ग्रामीणों में हुई मारपीट, एक घायल

- इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के भगवंतपुर गांव का मामला
- घायल का मेडिकल कॉलेज में चल रहा उपचार

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के भगवंतपुर गांव में गुरूवार की दोपहर शराब को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मारपीट में एक ग्रामीण ने दूसरे ग्रामीण पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। भगवंतपुर गांव निवासी विपिन पुत्र ओमप्रकाश का गुरूवार की सुबह पड़ोस के ही एक ग्रामीण से शराब को लेकर विवाद हो गया था। कुछ देर बाद विवाद शांत हो गया, लेकिन दोपहर में जब विपिन घर के बाहर बैठा था। तभी उक्त ग्रामीण ने पीछे से आकर उसके धारदार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने ग्रामीण को घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उसका उपचार किया जा रहा है। मामले में इंदरगढ़ थानाध्यक्ष ने बताया कि उनको अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## समधन में चिकनपॉक्स ने पसारें पैर



**समधन, समृद्धि न्यूज़।** नगर के मोहल्ला लोहिया नगर में चिकनपॉक्स से दो लोग बीमार अताउल्ला अली 27 वर्ष पुत्र हनीफ अली व मो0 अफ्फान 7 वर्ष पुत्र अताउल्ला अली तीन दिन से पीड़ित हैं इसी मोहल्ले में उमरा बानों 12 वर्ष पुत्री नसीम व सबीना बानों 15 वर्ष पुत्री जान मोहम्मद भी बीतें आठ दिन पूर्व में चिकनपॉक्स से बीमार हो चुके हैं। मोहल्ले के लोगों व स्थानीय सभासद शिवा यादव ने भी स्वास्थ्य विभाग की टीम से मोहल्ले में कैंप लगवाकर दवा वितरित करवायें जाने की मांग की है।

## विद्यालय में बताये गये डेंगू से बचाव के उपाय

**उन्नाव।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर नगर पंचायत गंजमुरादाबाद की अध्यक्ष रूबी व अधिशासी अधिकारी अरविंद सिंह के निर्देश पर नगर की बड़ी बाजार स्थित एवरग्रीन पब्लिक स्कूल में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डेंगू से संबंधित विस्तार से जानकारी दी गई। नगर पंचायत कर्मचारी फजलुर्रहमान ने कहा कि मलेरिया की तरह ही डेंगू बुखार भी मच्छरों के काटने से फैलता है। इन मच्छरों को एडीज एजिप्टी मच्छर कहते हैं जो काफी ढीठ व साहसी होते हैं। यह मच्छर दिन में भी काटते हैं। डेंगू बुखार मच्छर जनित बीमारी है। यह मच्छर फूलदान, गमले, पुराने टायर, पानी की टंकी, प्लास्टिक के डिब्बे एवं बेकार पड़े हुए बर्तन आदि में एकत्रित पानी में पैदा होते हैं। डेंगू से बचाव के लिए विशेष साफ-सफाई रखने के साथ ही घर के अंदर व आंगन में जहां भी पानी एकत्रित हो रहा है उसे नियमित रूप से जरूर साफ करें। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ ही विद्यालय स्टाफ व नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पिकप की टक्कर से बच्ची घायल

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र में घर के बाहर खेल रही बच्ची को पिकअप लोडर चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# जागरुकता और सावधानी से जानलेवा होने से रोका जा सकता है डेंगू

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

**बुखार** डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचाव के संबंध में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरिनंदन प्रसाद द्वारा बताया गया कि डेंगू दिवस को मनाने का एक मात्र उद्देश्य डेंगू बीमारी से बचाव एवं खतरो के लक्षणों के बारे में जनसामान्य जागरूक किया जाना है। डेंगू सहित अन्य वेक्टरजनित बीमारियो का संचरण काल आरंभ हो चुका है। मानसून सीजन मच्छरों के लिए अनुकूल होता हैं। हम सावधानी बरतकर डेंगू से बच सकते हैं। गोष्ठी को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा0 जेआर सिंह द्वारा उपस्थित लोगो को बताया गया कि डेंगू एक मच्छरजनित वायरल रोग है। डेंगू का मच्छर दिन के समय काटता है। यह एडीज एजिप्टाई मच्छर के काटने से होता है और इसकी

- रैली, बैठको एवं गोष्ठी के माध्यम से किया गया जन जागरण

विशेषता है कि एक बार डेंगू वायरस से संक्रमित होने के बाद जब यह अंडे देता है तो वह अंडे भी डेंगू वायरस से संक्रमित हो जाते हैं। इन अंडों से बनने वाले मच्छर भी संक्रमित होते हैं जो रोग फैला सकते हैं। इसके अंडे एक वर्ष तक जीवत रह सकते हैं। सूखा अंडा पानी पाते ही नए मच्छर तैयार कर देता है। इसीलिए अपने घर के आस-पास जल जमाव न होने दें। उनके द्वारा बताया गया कि डेंगू सहित अन्य वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव के लिए प्रत्येक रविवार को ÷हर रविवार-मच्छर के लार्वा पर प्रहार, जैसी गतिविधियां संचालित करते हुए मच्छरों से बचाव के लिए, क्या करें क्या न करें.... के बारे में जनसामान्य को जागरूक करने के साथ-साथ मच्छरों के स्त्रोतों को नष्ट करने सहित अन्य गतिविधियां अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर संपन्न कराई जाए। जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए आवश्यक है कि शहरी क्षेत्रों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नगर विकास विभाग तथा पंचायती राज विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। डेंगू सहित अन्य सभी वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिए पूरी बांह के कपड़े पहने। सोते समय मच्छरदानी, मच्छररोधी क्रीम या क्वायल का उपयोग करें। घर के दरवाजों और खिड़कियों पर जाली लगवाए। कहीं पानी इकठ्ठा है तो उसमें जला हुआ मोबिल ऑयल डाल दें। घर में टूटे हुए टायर, बर्तन आदि को हटा दें ताकि उसमें पानी न इकठ्ठा होने पाए। बुखार होने पर स्वयं कोई इलाज न करें। निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच और इलाज कराएं। जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा बताया गया कि डेंगू एक मच्छर जनित वायरल फीवर है सिर्फप्लेटलेट्स कम हो जाने से डेंगू बुखार मान लेना ठीक नहीं होता है, जब तक कि एलाइजा टेस्ट पॉजिटिव न आए। उन्होंने उपस्थित लोगो को बताया कि डेंगू बुखार के लक्षणों में प्रमुख रूप से अचानक तेज बुखार चढ़ना, मांशपेशियों तथा जोड़ो में दर्द, आंखों के पिछले भाग में दर्द होना, अत्यधिक कमजोरी महसूस होना, भूख में कमी, जी मिचलाना आदि है। इस प्रकार के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में संपर्क करना चाहिए। मरीज को बुखार उतारने हेतु पैरासिटामोल की गोली दिया जाना चाहिए तथा तरल पदार्थो का सेवन करवाना चाहिए। संगोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा रविदास, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीबीडी डा.जेआर सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव, जिला एपीडिमो लोजिस्ट डा0 रवि यादव तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी तथा जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पोस्टमार्टम में हत्या किए जाने की हुई पुष्टि, परिजनों का इंतजार

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** ठठिया थाना क्षेत्र के कौलेपुर्वा गांव में तालाब के किनारे झाड़ियों में मिले नवविवाहिता के शव के मामले में अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतका की हत्या किए जाने की बात सामने आई है। ठठिया पुलिस का कहना है कि मृतका के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। देर शाम तक उनके आने की संभावना है। इसके बाद ही मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की जाएगी। कौलेपुर्वा गांव निवासी शीलू दोहरे ने गत 07 अप्रैल को बिहार प्रान्त के पूर्णिया जलनपद के बरारा थाना क्षेत्र के कलम्बा गांव निवासी निक्की दोहरे से प्रेम विवाह किया था। इसके बाद वह निक्की को अपने गांव ले आया था। यहां गांव में ही दोनो अपने घर में रह रहे थे। आसपास के लोगों के मुताबिक 13 मई को किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो गया था। इसके बाद निक्की किसी को दिखाई नहीं दी। बुधवार को ठठिया पुलिस को सूचना मिली कि तालाब के किनारे झाड़ियों में एक महिला का शव गाढ़ा गया है। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर झाड़ियां हटाकर शव को बाहर निकाला। इसके बाद में उसकी पुष्टि निक्की दोहरे के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ठठिया थानाध्यक्ष किशन पाल सिंह ने बताया कि निक्की के मायके वालों को घटना की सूचना दे दी गई है। उसके ससुरालवाले सभी सदस्य फरार है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। उन्होने बताया कि देर शाम तक निक्की के मायके वालों के आने की सूचना मिली है। उनके आने के बाद ही तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# पुरानी तहसील जाने वाले मार्ग पर लगे कूड़े के ढेर, प्रशासन अचानक



पुरानी तहसील मार्ग पर लगे गंदगी के ढेर — समृद्धि न्यूज

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**कस्बे** के दुर्गानगर मोहल्ले के पुरानी तहसील मार्ग पर महीनों से कूडा नहीं उठ रहा है। जगह-जगह कूड़े के डेर लगे हुए हैं। जिससे संक्रमित बीमारियों की फैलने की आंशका बनी हुई है। इस रोड पर समाचार पत्रों के कार्यालय भी संलालित हैं। नगर पंचायत प्रशासन की अनदेखी के चलते यहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है। तिर्वा नगर पंचायत के सभी 158 वार्डों की सफाई के लिए कई सफाई कर्मचारी तैनात है। सभी वार्डों की सफाई के लिए अलग-अलग कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। कस्बे के दुर्गा नगर वार्ड के पुरानी तहसील रोड पर कई जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। महीनों से कूडा नहीं उठाया जा रहा है। जिससे आवारा जानवर कूडे के ढेरों में बैठे रहते हैं। जिससे संक्रमित बीमारियों की फैलने की आशंका बनी हुई है। यहां रोड पर दो दैनिक समाचार पत्रों के कार्यालय भी संचालित है। कई बार अधिशाषी अधिकारी से शिकायत करने के बावजूद सफाई नहीं कराई जा रही है। जिससे लोगों में काफी रोष व्याप्त है।

# ग्रामीण मतदाताओं के सामने नगर क्षेत्र में रह रहे मतदाता बाजी हार गए

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**लोकसभा** आम चुनाव 2024 में ग्रामीण मतदाताओं के सामने नगर क्षेत्र में रह रहे मतदाताओं बाजी हार गए और ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं ने आम चुनाव में बढ़-चढ़कर लिया है हिस्सा छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 99 जलालपुर दीनपुर के मतदाताओं ने 94.36 प्रतिशत मतदान कर अपना अधिकार बनाया। विधानसभा क्षेत्र के पांच भूतों पर 90 प्रतिशत ऊपर मतदान हुआ 44 बूथ पर 75% से अधिक मतदान हुआ छिबरामऊ तहसील निर्वाचन कार्यालय से मेरी सूची के मुताबिक जिन बूथ पर 90% या उससे ज्यादा मतदान हुआ उनको तो की संख्या बूथ संख्या 539 पर 92.74% बूथ संख्या 27 महमूदपुर पीड़ा 90.59 भूत संख्या 324 पलटे पूर्व 90.3 प्रतिशत इसके अलावा 80 से 90% मतदान करने वाले भूत भी है जिन्होंने लोकतंत्र के त्यौहार को उत्साह के साथ मनाया जिसमें बूथ संख्या 33 आदमपुर 89.88% बूथ संख्या 269 रूपपुर 88.38 प्रतिशत बूथ संख्या 304 बनियानी 88.59 सरस्वती बूथ संख्या 442 काकरिया 86.94 प्रतिशत बूथ संख्या 65 फरवरी 84.89% बूथ संख्या 465 मधेपुरा 84.71 प्रतिशत बूथ संख्या 32 करमुल्लापुर 84.3 प्रतिशत बूथ संख्या 522 काशीपुर 84.3% बूथ संख्या 121 नकदपुर 84.12% बूथ संख्या 75 तुलसीपुर 83.5त्न बूथ संख्या 282 हरिहरपुर व 82.3 प्रतिशत बूथ संख्या 148 तहसील परिसर 82.5 प्रतिशत बूथ संख्या 521 मिश्रपुर सरदारपुर 81.81% बूथ संख्या 526 निजामपुर 81.52त्न जिन बूथ पर 75% से अधिक वोटिंग हुई है बूथ संख्या 387 फिरोजपुर 79.5% बूथ संख्या 222 कपूरपुर 79.2 संख्या 394 बडौदा 79.18% बूथ संख्या 517 रूपापुर 79.50 प्रतिशत बूथ संख्या 123 लालपुर 79.46 परिषद बूथ संख्या 7 रामखेड़ा 79.30% बूथ संख्या 342 मड़ई 79.6% बूथ संख्या 519 सदरपुर हरकरणपुर 79.15 प्रतिशत दिशा संख्या 230 रामपुर 79.59 दिशा संख्या 443 कट गया 78.47 बूथ संख्या 312 पदमपुर 78.2 प्रतिशत बूथ संख्या 408 भैंसियापुर 77088 प्रतिशत बूथ संख्या 255 बिरयानी नगला 77.83 प्रतिशत बूथ संख्या 291 सिल्वर पर 77.3त्न बूथ संख्या 376 मस्तियापुर 77.78 प्रतिशत बूथ संख्या 462 77. 56त्न बूथ संख्या 341 मोबाइल संख्या 298 निका 77.47 बूथ संख्या 228 कपूरपुर 18% बूथ संख्या 286 मछरिया 77.5% बूथ संख्या 301 मजबूर हुआ 76.85 प्रतिशत बूथ संख्या 386 चचियापुर 76.5 प्रतिशत 431 मीरपुर 76.59 प्रतिशत बूथ संख्या 330 भवानीपुर 76.41 63 बूथ संख्या 398 आलमपुर 75.76 प्रतिशत बूथ संख्या 529 13 जाकर 75.61 प्रतिशत बूथ संख्या 211 भानपुर 75.258 बूथ संख्या 377 टिकरी कालसन 75.43 बूथ संख्या मजबूर हुआ 569 75.29त्न बौद्ध संख्या 516 बिरला 75.78 मतदान विधानसभा में रिकॉर्ड कायम किया।

# समाजसेवी ने नगर पालिका को दिया डीप फ्रीजर



**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

**मौजूदा भीषण** गर्मी के चलते मृतकों के शवों से चंद घंटों के अंतराल में ही दुर्गंध उठने लगती है। इस गंभीर समस्या के समाधान हेतु बांगरमऊ नगर के प्रमुख व्यवसाई एवं समाजसेवी चौधरी संजीव कुमार सिंह ने गुरुवार के दिन नगर पालिका प्रशासन को एक डीप फ्रीजर सौंपा। साथ ही समाजसेवी श्री सिंह ने शव नानामऊ गंगातट पर ले जाने के लिए नगर पालिका को एक अदद हर्ष वैन प्रदान करने की भी घोषणा की है। प्रमुख उद्यमी की इस दानशीलता को देखकर पालिका चेयरमैन रामजी गुप्ता सहित प्रेमगंज वार्ड के सभासद पति सुनील, कृष्ण कुमार गुप्ता, मनीष सिंह, आफाक अहमद सभासद, अनिल कुमार व संगीत कुमार गुप्ता आदि नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने समाजसेवी श्री सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

ष्ठथष्ठथष्ठथष्ठथ — मुल्जिम को अविलंब न्यायिक अभिरक्षा से मुक्त करने का दिया आदेश

# कोर्ट ने मुल्जिम रिंकू का रिमांड किया निरस्त

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

विशेष न्यायाधीश(पॉक्सो) एक्ट, सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने वृहस्पतिवार को अभियुक्त सन विजय उर्फ रिंकू के अधिवक्ता रोशनलाल यादव द्वारा प्रस्तुत रिमांड निरस्तीकरण प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए माननीय हाईकोर्ट इलाहाबाद के आदेश के परिप्रेक्ष्य में स्वीकार कर लिया तथा मुल्जिम का रिमांड निरस्त करते हुए उसे अविलंब न्यायिक अभिरक्षा से मुक्त करने का आदेश दिया है। आदेश की प्रति आईजी मिर्जापुर, एसपी सोनभद्र, थानाध्यक्ष रॉबर्ट्सगंज एवं जेल अधीक्षक, गुरमा सोनभद्र को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करने को कहा है।

बता दें कि अभियुक्त सन विजय उर्फ रिंकू पुत्र श्रीराम निवासी पूरब मोहाल रॉबर्ट्सगंज ने अधिवक्ता रोशनलाल यादव के जरिए 8 मई 2024 को कोर्ट में दिए रिमांड निरस्तीकरण प्रार्थना पत्र में अवगत कराया था कि मुकदमा अपराध संख्या 112/2024 के मामले में माननीय हाईकोर्ट इलाहाबाद द्वारा 14 मार्च 2024 को रिट पेटीशन स्वीकार करते हुए पिटीशनर संख्या 1 और 2 के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही पर अग्रिम तिथि तक रोक लगाकर सभी पक्षों को नोटिस करने का आदेश पारित किया गया है। बावजूद इसके कोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए विवेचक सुजीत कुमार सेठ ने 3 मई 2024 को प्रथम रिमांड पेश कर रिमांड स्वीकृत कराकर मुल्जिम को जेल में निरुद्ध कर दिया गया है। उसके बाद बढ़ी हुई धाराओं में 6 मई 2024 को रिमांड स्वीकृत किया गया है। कोर्ट ने इस मामले में विवेचक को तलब करते हुए लिखित जवाब मांगा था। विवेचक सुजीत कुमार सेठ के लोक सभा चुनाव ड्यूटी में व्यस्त रहने के कारण रॉबर्ट्सगंज थानाध्यक्ष

- विवेचक सुजीत कुमार सेठ द्वारा माननीय हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना की गई है, विवेचक का यह कृत्य कदाचार की श्रेणी में आता है: कोर्ट
- कोर्ट ने कहा कि माननीय हाईकोर्ट के आदेश के परिप्रेक्ष्य में अभियुक्त सन विजय उर्फ रिंकू का रिमांड निरस्तीकरण प्रार्थना पत्र स्वीकार करने के लिए हैं बाध्य

सतेंद्र कुमार रॉय ने जवाब प्रस्तुत किया। जिसमें अवगत कराया गया है कि प्रयाप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने 7 मई 2024 को चार्जशीट दाखिल कर दिया है। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर कोर्ट ने कहा कि मामले में केवल कुछ धाराओं की वृद्धि होने से माननीय हाईकोर्ट का उक्त आदेश निष्प्रभावी नहीं होता है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके रिमांड प्रदान करने की समस्त कार्यवाही माननीय हाईकोर्ट के उपरोक्त आदेश के परिप्रेक्ष्य में अवैध है और अगर अभियुक्त का रिमांड निरस्तीकरण प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया जाता है तो माननीय हाईकोर्ट के उक्त आदेश की अवमानना होगी। जो विवेचक द्वारा की जा चुकी है। क्योंकि सीजेएम सोनभद्र के माध्यम से तथा रजिस्टर्ड डाक से थाने को माननीय हाईकोर्ट के उक्त आदेश की प्रति पूर्व में भेजी जा चुकी थी।विवेचक सुजीत कुमार सेठ द्वारा माननीय हाईकोर्ट के उक्त आदेश की अवहेलना की गई है। विवेचक का यह कृत्य कदाचार की श्रेणी में आता है। अतः यह न्यायालय माननीय हाईकोर्ट इलाहाबाद के उक्त आदेश के परिप्रेक्ष्य में अभियुक्त सन विजय उर्फ रिंकू का रिमांड निरस्तीकरण प्रर्थना पत्र स्वीकार करने के लिए बाध्य है। अभियुक्त सन विजय उर्फ रिंकू द्वारा प्रस्तुत रिमांड निरस्तीकरण प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है और मुल्जिम का रिमांड निरस्त किया जाता है। उसे अविलम्ब न्यायिक अभिरक्षा से मुक्त किया जाए।

आदेश की प्रति आईजी मिर्जापुर, एसपी सोनभद्र, थानाध्यक्ष रॉबर्ट्सगंज एवं जेल अधीक्षक गुरमा सोनभद्र को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाए।

# महावत की बेरुखी से सपा भाजपा में सीधा मुकाबला, चार जून को आयेंगे परिणाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

- चर्चाओं का बाजार गर्म, हर कोई अपने-अपने प्रत्याशी की जीत का कर रहा है दावा
- सभी प्रत्याशी सभी जातियों का मत मिलने का कर रहे हैं दावा
- कहीं प्रत्याशी के प्रति बेरुखी, लेकिन मोदी के हैं फैन



बसपा क्रांति पाण्डेय, सपा डा0 नवल किशोर शाक्य, भाजपा मुकेश राजपूत

**लोकसभा की** मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अब मतगणना की तिथि नजदीक आने का जहां एक तरफ पार्टी के लोग व समर्थक इंतजार कर रहे हैं। वहीं जनता में भी उत्सुकता है कि जल्दी से 4 जून आये और मतों की गिनती हो। हम जान पाये कि इस बार हमने किसे बनाया अपना सांसद। कुल आठ प्रत्याशियों ने चुनाव में भाग लिया। जिसमें सपा, भाजपा, बसपा के अलावा पांच निर्दलीय है।

फर्रुखाबाद में पहली बार चुनाव में दो के बीच कांटे की टक्कर होने की चर्चा चारों तरफ हो रही है। इससे पहले चुनाव में हमेशा त्रिकोणीय संघर्ष की चर्चा होती थी, लेकिन इस बार ऐसा कहीं पर भी सुनने को नहीं आ रहा है। जन चर्चा की मानें तो बहुजन समाज पार्टी ने प्रत्याशी तो अपना उतार दिया, लेकिन चुनाव चिन्ह के वजन के हिसाब से जनता के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा पायी और इसका मुख्य कारण यह भी हो सकता है कि महावत की बेरुखी या उदास हाथी या फिर यह भी हो सकता है कि अखाड़े में जिसे पार्टी ने उतारा उस पहलवान की कमजोरी भी हो सकती है, जिसके चलते इस बार हाथी की दहाड़ लोगों के कानों में नहीं गूंजी। यह अलग बात है कि कैडर के लोग बिना महावत के इशारा किये ही चलते रहे, लेकिन मतदाताओं को इसका एहसास नहीं हुआ कि जिस हाथी के दहाड़ने से हलचल पैदा हो जाती थी, लेकिन बसपा का अपना वोट बैंक है। जिसके पास जाने की जरुरत नहीं वह अपने आप सिंबल देखकर चला जाता है, लेकिन इस बार यह करिशमा होता नहीं दिख रहा है। बाजार से लेकर गलियारे तक जब कहीं चुनाव की चर्चा होती है तो लोग यह कहते कि महावर ढीला रहा। इस बजह से सपा और भाजपा में ही मुकाबला है। जीते कोई, लेकिन अंतराल बहुत कम हो सकता है। जहां भाजपा प्रत्याशी की बिरादरी के अलावा क्षत्रिय और ब्राह्मण, पिछड़ी जातियों के साथ-साथ बाल्मीकि समाज का भी वोट अपने खाते में बता रही है। तो वहीं समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के भी आकड़े भाजपा से कमजोर दिखायी नहीं दे रहे है। सपा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य के पास जहां एक तरफ उनकी बिरादरी का वोट होने का दावा किया जा रहा है। तो वहीं यादव, मुस्लिम, पाल समाज के अलावा क्षत्रिय, ब्राह्मण, लोधे राजपूत के अलावा अन्य जातियों का भी वोट उनके खेमें में बताया जा रहा है। हर कोई इन्हीं जाति आकांड़ों के आधार पर अपनी-अपनी जीत होने का दावा कर रहे है, लेकिन यह तो तय है कि इस बार कांटे का मुकाबला है। समाजवादी पार्टी को इस चुनाव में अधिक मत मिलने के कई कारण है। जैसे कांग्रेस से प्रत्याशी न होना, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी की धीमी गति और भाजपा प्रत्याशी के प्रति लोगों में अंदरुनी नाराजगी, यह अलग बात है कि लोग मोदी के फैन है, लेकिन वह कहावत आपने सुनी है कि बकरे की अम्मा कब तक खैर मनायेगी। यह तो चर्चाओं का बाजार है।

जो जिसका होता है वह उसी का गुणगान करता है। हर दल उसके लोग अपने-अपने प्रत्याशी की जीत का दावा भले ही कर रहे हो। असली जीत का फैसला तो 4 जून को होने वाली मतगणना से ही पता चलेगा कि इस बार जनता ने किसे बनाया अपना सांसद।

# गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने वृद्ध को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**कोतवाली क्षेत्र** के गॉव सलेमपुर भटासा निवासी नवी मोहम्मद उम्र 60 वर्षीय पुत्र सफदर खाँ ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है उसके गॉव के ही अनीस फरीद, मुनीश गाली-गलौज कर रहे थे। नवी मोहम्मद ने गाली देने का विरोध किया, तो उक्त तीनों दबंगों ने लाठी-डन्डों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर नवी मोहम्मद का मेडीकल परीक्षण कराया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर वृद्ध नवी मोहम्मद हो लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# मार्ग दुर्घटना में घायल पंचायत मित्र की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



रोते बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

**मोटर साइकिल** से आ रहा पंचायत मित्र मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार जनपद कन्नौज के जलालपुर पनवारा के ग्राम रतनापुर निवासी 37 वर्षीय जगविजय उर्फ रिंकू पाल पुत्र जगदीश पाल गाँव में पंचायत मित्र के पद पर कार्यरत था। गुरुवार को वह अपाचे बाइक से मोहम्मदाबाद गया था। उसी दौरान थाना जहानगंज के ग्राम बहोरिकपुर तिराहे पर तेज रफ्तार टैंकर ने उसको जोरदार टक्कर मार दी। जिससे जगविजय गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी वाहन से लोहिया अस्पताल लाया गया। जहाँ ईएमओ डॉ0 अभिषेक चतुर्वेदी ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मृतक की पत्नी करिश्मा, माँ सुदामा आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के साले अनिल कुमार ने बताया कि मृतक के 12 वर्षीय पुत्र मयंक, 9 वर्षीय जान्हवी, 6 वर्षीय पुत्री श्रद्धा, 4 वर्षीय पुत्र अयंक है। मृतक 5 बहनों में अकेला भाई था। थानाध्यक्ष जहानगंज भोलेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि चालक और टैंकर को पकड़ लिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

# गाली-गलौज के वीडियो पर आईजी ने लिया संज्ञान

- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी के परिजनों को किया गिरफ्तार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**वायरल ऑडियो** की शिकायत का मामला आईजी ने संज्ञान में लिया है। भाजपा कार्यकर्ता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव कड़िउली निवासी आरोपी सुनील कुमार पुत्र बबलू यादव ने चुनाव वाले दिन जातिसूचक गालियां, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को भी गालियां दी थीं। जो ऑडियो आरोपी का वायरल हो गया। जिस पर वायरल ऑडियो किसी व्यक्ति ने आईजी जोन कानपुर के नंबर पर डाल दिया। वायरल ऑडियो सुनकर आईजी सख्त हुए और थाना प्रभारी निरीक्षक अमोद कुमार को आईजी ने मामले को संज्ञान में लेकर मुकदमा दर्ज करने की बात कही। आईजी का फोन आते ही पुलिस सक्रिय हो गई और आरोपी युवक के यहां दविश दी। जिसमें पुलिस उसके परिजनों को भी पकड़ लाई थी। वहीं कस्बा नवाबगंज निवासी भाजपा कार्यकर्ता गौरव चौहान ने आरोपी सुनील कुमार के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धारा-153ए, 153बी, 505 आईपीसी के तहत आरोपी सुनील कुमार पुत्र बबलू निवासी ग्राम कड़िउली के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर धारा 151 में चालान कर माननीय न्यायालय भेज दिया।

# खबरें चलते-चलते

## हिन्दू मुस्लिम की मिसाल रखा दरगाह पर 125 वें उर्स का हुआ आगाज



दरगाह पर फातिहा पढ़ते अकीदतमंद — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सैय्यद पहलवान शाह के उर्स में अकीदतमंदों ने दरगाह पर माथा टेंककर मुरादें मांगी। गागर चादर जुलूस निकालकर रस्म अदा की गई। दरगाह पर चल रहे भंडारे में अकीदतमंदों ने तबर्रुख पाया। दूरदराज से आए कव्वलों ने अपने फन का जौहर दिखाया। गुरुवार को नौचंदी जुमेरात पर दरगाह का सालाना 125 वां उर्स धूमधाम से मनाया गया। उर्स में दूर दराज से आए लोगों ने शिरकत की। दूरदराज से आए कव्वालों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। शाम को बैंडबाजों के साथ गागर चादर के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस जिला जेल चौराहे से शुरू होकर दरगाह पहुंचा। यहां बाबा की दरगार पर चादरपोशी की रस्म अदा की गई। रात को महफिले कव्वाली का आयोजन किया गया। कन्नौज के जहीर कव्वाल, गुरसहायगंज के साजिद चिश्ती कव्वाल, फर्रुखाबाद के कमालुद्दीन, कानपुर से रहूफ कव्वाल सहित आसपास के कव्वालों ने अपने नगमे सुनाये। सुबह चार बजे कुल का कार्यक्रम होने के बाद उर्स का समापन हुआ। संतोष चंद्रा, हर्ष वर्मा, राजीव कुमार, विपुल गुप्ता, कन्हैया पाल, रामदास ताऊ, विजय, अमित, इंद्रजीत, विकास राज यादव, ताजुद्दीन अहमद, तालिब, आंनद, तफज्जुल रहमान, फैजुल, खुशहाल, इमरान, अखिल, आनंद सिंह, डॉ मोहित खन्ना, अनुज आदि मौजूद रहे।

## युवती समेत दो ने खाया जहर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के नगर से सटे ग्राम घसिया चिलौली निवासी मूर्ति उम्र 19 वर्षीय पुत्री प्रेमपाल ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। वहीं कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव हकीकतपुर निवासी विकास उम्र 26 वर्षीय पुत्र वीरेन्द्र सिह का किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद हो गया। जिससे क्षुब्द होकर विकास ने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। दोनों की हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहां उपचार जारी है।

## बहला फुसलाकर पुत्री को भगा ले जाने की दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित ने थाना प्रभारी को तहरीर देकर पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की तहरीर दी है। पीड़ित थाना नवाबगंज अंतर्गत ग्राम सिरोली का निवासी है। दिनांक 15 मई को समय करीब 2 बजे कुंवरपाल सिंह, पुत्र नामालूम निवासी ग्राम जैतपुर थाना शमशाबाद मेरी पुत्री उम्र करीब 17 वर्ष को बहला फुसलाकर भगा ले गये। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

# बोलेरो की टक्कर से चाचा भतीजा घायल



घायल चाचा भतीजा — समृद्धि न्यूज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**कायमगंज कोतवाली** क्षेत्र के गॉव फजलेगंज निवासी सुरेश चन्द्र जाटव उम्र 57 वर्षीय पुत्र चेतराम चौकीदार अपने भतीजा मनोज जाटव उम्र 50 वर्षीय पुत्र नेकराम के साथ बाइक पर बैठकर गेट खरीदने कायमगंज ट्रान्सपोर्ट की ओर आ रहे थे। जैसे ही वह कायमगंज नगर के पुल गालिब पुलिया तिराहे के पास पहुंचते ही पीछे से आ रही अज्ञात चार पहिया बुलेरों ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार चाचा भतीजा घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उपचार जारी है।

# आग उगलते सूरज की तपिश से लोग हलकान

- गर्मी से बचने के लिए शीतल पेय का ले रहा सहारा
- कूलर व एयर कंडीशन की बिक्री में आया उठाल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**



गर्मी में चेहरे को ढके युवतियां — समृद्धि न्यूज

**बढ़ती गर्मी** तथा तपती धूप से जनजीवन प्रभावित हुआ है। सुबह से ही गर्मी का अहसास होने लगता है। जैसे-जैसे सूरज बढ़ता गया तापमान का पारा भी बढ़ता गया। जिस कारण दिन भर मौसम गर्म रहा। गर्म हवा और कड़ी धूम के कारण आम लोगों के जन जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इस गर्मी से अगर कोई सर्वाधिक प्रभावित है, तो ई-रिक्शा चालक एवं मजदूर वर्ग के लोग हैं। वहीं मजदूर के सामने मजदूरी की मजबूरी साफ झलक रही है। दो पहिया वाहन में चलने वाले व्यक्ति आँख में चश्मा और चेहरा में गमछा लपेटकर चल रहे हैं। तपती गर्मी को देखते हुए तिराहे, चौराहे, बस स्टैन्ड पर लोग गन्ने का जूस, कोल्डड्रिंक, आईसक्रीम, शिकंजी आदि शीतल पेय का ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं। साथ ही बाजार मे खीरा ककड़ी सहित हरी सब्बी की बिक्री बढ़ गयी है। दोपहर में लड़कियां तथा महिलायें छाता लेकर तथा मुंह को कपड़े से ढककर निकलती हैं। लोगों का कहना है कि अभी गर्मी का यह हाल है, तो आगे क्या होगा। गर्मी के मौसम को देखते हुए दुकानों पर एसपी की बिक्री में काफी इजाफा हुआ है। वहीं मध्यमवर्गीय लोग कूलर की जमकर खरीददारी कर रहे हैं। इसके साथ ही घड़ों व सुराही की बिक्री भी बढ़ गयी है, लेकिन इन सामानों पर महंगाई का असर ज्यादा देखा जा रहा है।



बाजार में कूलरों की हो रही बिक्री — समृद्धि न्यूज

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत



पीएम हाउस में मौजूद परिजन — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



मृतक का फाइल फोटो

**युवक की** संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार रुकुम पाल (20) पुत्र हरिनाथ सिंह पाल रायपुर थाना मऊरवाजा का निवासी है। वह खेती किसानी करता था। बीते दिन वह पास में ही स्थित जगह पर जानवर बंधे थे। जिनकी सानी पानी करने गया था। जब परिजनों ने 5.30 बजे देखा, तो रुकुम पाल मृतक अवस्था में पड़ा था। रुकुम पाल को मृत अवस्था में देख परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मृतक तीन भाई है। अनुज, मंगल, सुंदरम। फिलहाल असमय घटी घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**डीजी जेल को भेजी गयी मामले की रिपोर्ट**

# बंदी रक्षक की अचानक हालत बिगड़ी, मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



मृतक का फाइल फोटो



पीएम हाउस में मौजूद परिजन — समृद्धि न्यूज

बंदी रक्षक की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन प्राइवेट अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं डीजी जेल को घटना के संबंध में रिपोर्ट भेजी गयी है।

जानकारी के अनुसार जगदीश प्रसाद पुत्र स्वर्गीय राम सहाय उम्र 56 साल निवासी ग्राम पिरोना थाना इट जनपद जालौन का तीन वर्ष पूर्व ललितपुर से फतेहगढ़ जेल के लिए ट्रांसफर हुआ था। इस समय जगदीश प्रसाद बंदी रक्षक के पद पर तैनात था। यहां सरकारी आवास में वह अपने पत्नी के साथ रहते थे। कल 8 बजे से 12 बजे तक डियूटी की और उसके बाद घर गये और पत्नी रामदेवी के साथ खाना खाया और उसके बाद उनके सीने में दर्द महसूस हुआ, तो पड़ोसी वीरेंद्र कुमार जेल वार्डन उन्हें द केयर हॉस्पिटल आवास विकास लेकर पहुंचे। जहां चेकअप करवाने के लिए उन्हें बालाजी पैथालॉजी लैब में भेज दिया। लैब में चेकअप करवाते समय उनको अटैक पड़ा। उनकी हालत और बिगड़ गयी। तब वीरेंद्र वापस द केयर हॉस्पिटल में लेकर आए। जहां डाक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। मृतक के दो बेटे हैं कुलदीप सिंह, मानवेंद्र कुमार, एक बेटी है पल्लवी सिंह है। वहीं परिजनों ने बताया कि जेल प्रशासन उनका उत्पीड़न कर रहा था। इसलिए वह मानसिक तनाव में थे और उनकी तबियत खराब हो गयी। वहीं सेंट्रल जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक व प्रभारी डीआईजी पीएन पाण्डेय में मामले की जाँच कर रिपोर्ट डीजी कारागार को भेज दी है।

# सपा प्रत्याशी ने अलीगंज के 349 कदरागंज व 359 मंगदपुर में पुनः मतदान कराये जाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सपा प्रत्याशी** डॉ0 नवल किशोर शाक्य ने अलीगंज विधानसभा के दो बूथों पर पुनर्मतदान के लिए जिलाधिकारी सम्बोधित प्रार्थना पत्र सौंपा है।

40वीं लोकसभा फर्रुखाबाद के प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर शाक्य ने जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी फर्रुखाबाद रिटर्निंग ऑफिसर के नाम प्रार्थना पत्र सौंपा है।13 मई को संपन्न हुए चुनाव के दौरान 103 अलीगंज विधानसभा के अंतर्गत बूथ संख्या 349 कदरागंज एवं बूथ संख्या 359 मंगदपुर पर पुनः मतदान कराए जाने के संबंध में साक्ष्य और प्रमाण सहित एक पत्र दिया। इस पत्र में कहा गया की अलीगंज विधानसभा के बूथ संख्या 349 कदरागंज पर भाजपा के कुछ लोग जो की एक विशेष समाज से ताल्लुक रखते हैं के गांव ग्राम नगला भग्गू जो की शाक्य बाहुल्य समाजवादी पार्टी समर्थित गांव था। उस बूथ पर पोलिंग एजेंट नहीं बनने दिया एवं जब सुबह दो व्यक्ति वोट डालने गए तो उनको लाठी डंडों से मारकर मकई के खेत में छुपे हुए अवैध शस्त्र धारी गुंडो ने फायरिंग चालू कर दी। जिससे उक्त बूथ पर समाजवादी मतदाता इतने भयभीत हो गए कि उन्हें समझाने के बावजूद वह वोट डालने की हिम्मत नहीं जुटा सके। इस दौरान जिलाधिकारी एटा, पुलिस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा, चीफइलेक्शन



ज्ञापन सौंपते सपा प्रत्याशी डा. नवल किशोर शाक्य

ऑब्जर्वर फर्रुखाबाद को नयागांव थाना पर शिकायत की थी। अधिकारियों के आदेश पर एडीएम एटा को जब प्रत्याशी के साथ स्वयं भेजा तो एडीएम एटा ने तीनों गांव के लोगों से अनुरोध किया और उनके अनुरोध करने पर मतदान के लिए तीन ट्रैक्टर लेकर जैसे ही वोट पड़े। मंगदपुर के भाजपा के लोगों ने यादव समाज के लोगों को लाठी-डंडों से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिनका इलाज आज भी सैफई मेडिकल कॉलेज में चल रहा है व एक की हालत गंभीर है। वोट डालने के उपरांत मगदपुर निवासी सुभाष शाक्य के घर पर भाजपाईयों का तांडव भी शुरू हुआ तथा सुभाष शाक्य व उनके छोटे भाई के हाथ पैर तोड़ दिए। पिता के सिर पर प्रहार किया, भाभी के सिर पर भी प्रहार किया। दाएं कंधे की हड्डी भी टूट गई व बेटियों के कपड़े फाड़कर दौड़ा दौड़ाकर मारापीटा। एसएचओ नयागांव को भी सूचना भी दी गई, लेकिन कोई भी पुलिस प्रशासन नहीं पहुंचा। सभी लोगों को सीएचसी अलीगंज भेजा गया। जहां से जिला अस्पताल एटा रेफर कर दिया गया। दो की हालत गंभीर है।

समाजवादी पार्टी एवं प्रत्यासी मांग की है कि अलीगंज विधानसभा के दोनों बूथ 349 कदरागंज एवं 359 मंगदपुर पर अतिरिक्त अर्ध सैनिक बल लगाकर पुनर्मतदान कराया जाए। इस घटना की वीडियो भी पेन ड्राइव में जिलाधिकारी को प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर शाक्य ने दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, जिला मीडिया प्रभारी विवेक यादव, जिला उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र शाक्य, शशांक सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

# संगीनों के साये में ईवीएम की सुरक्षा



मुख्य गेट पर तैनात पुलिस फोर्स — समृद्धि न्यूज



कैमरों की जानकारी लेते प्रत्याशी डा. नवल किशोर शाक्य

▸ डा. नवल किशोर शाक्य ने मण्डी पहुंचकर सुरक्षा का लिया जायजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सातनपुर** मण्डी में केंद्रीय सुरक्षा बलों की निगरानी में ईवीएम मशीन की सुरक्षा है। साथ ही बैरियर पर यूपी पुलिस का पहरा है। ईवीएम की रखवाली के लिए केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात है। चप्पे-चप्पे पर फोर्स लगे होने के कारण परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। मुख्य गेट पर पुलिस का पहरा है। साथ ही सपा नेताओं द्वारा ईवीएम की सुरक्षा के लिए टीम तैनात है। समाजवादी पार्टी के द्वारा सुरक्षा हेतु टीम बनायी गई है। डा0 नवल किशोर शाक्य के समर्थकों के अलावा पार्टी के पदाधिकारी भी सुरक्षा की दृष्टि से निगरानी कर रहे है। 16 मई गुरुवार को युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव की ड्यूटी निगरानी में लगायी गई। जबकि भाजपा की ओर से कोई भी टीम निगरानी के लिए तैनात नहीं की गई है। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को आशंका है कि कोई गड़बड़ी कर सकता है, इसलिए अपनी टीम लगायी है। सपा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य ने सातनपुर मण्डी पहुंचकर एलसीडी पर कैमरे की निगरानी का जायजा लिया और समर्थकों से बातचीत की। युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव, सदर विधानसभा अध्यक्ष चन्द्रेश राजपूत, एमपी सिंह शाक्य के अलावा सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव भी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### युवा जिलाध्यक्ष संदीप बाथम निषाद पार्टी से निष्कासित



संदीप बाथम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप ने युवा जिलाध्यक्ष संदीप बाथम को गलत आचरण के चलते निषाद पार्टी से निष्कासित कर दिया है। अनिल कश्यप ने बताया कि संदीप बाथम की पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने के चलते शिकायतें आ रही थी। जिसको संज्ञान में लेते हुए उन्हें पार्टी से निष्कासित किया गया है। जिसकी सूचना राष्ट्रीय अध्यक्ष को पहुंचा दी गई है।

### पिकअप सवार भैंसे को कर ले गये चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** गांव में छोड़े गये भैंस के बच्चों को दबंग पिकअप लेकर आये और पकड़ ले गये। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। थाना क्षेत्र के ग्राम त्योरी इस्मालपुर निवासी अरविन्द कुमार पुत्र रामवीर ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 2017 में अपनी भैंस का बच्चा ग्रामवासियों के कहने पर दान के तौर पर गांव में छोड़ दिया था। 15 मई को रात्रि के समय धर्मेन्द्र, जितेन्द्र पुत्रगण रामचन्द्र नट निवासी नयागनीपुर, रमेश निवासी अचरा चौराहा पिकअप लेकर आये और गांव में छोड़े गये भैंस के बच्चों को पिकअप में लोडकर ले गये। जिसकी जानकारी गांव के लोगों ने दी। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर बाइक सवार युवक को पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मियागंज कस्बा निवासी मुनेश्वर 35 पुत्र नरई गुरुवार को मियागंज चौराहे की ओर जा रहा था। इसी बीच पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह बाइक सहित गिर गया और गंभीर रुप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी सहित लखनऊ की ओर निकल गया।

### अधेड़ ने खाया जहर

**उन्नाव।** हसनगंज थाना क्षेत्र में अधेड़ ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजनों ने हालत बिगड़ती देखकर इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दुबेगढ़ी गांव निवासी बेचेलाल 55 पुत्र रामप्रसाद ने बुधवार देररात किसी बात को लेकर जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजनों ने हालत बिगड़ती देखकर इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### युवक की हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

**उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना अंतर्गत ग्राम आशायस में करीब एक माह पूर्व हुई मारपीट में घायल युवक की मौत के मामले में नामित पांच लोगों में से आज दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है। जबकि शेष आरोपियों की तलाश जारी है। गौरतलब है कि ग्राम आशायस निवासी राजेश कुमार पुत्र अम्बर ने गत 5 मई को बेहटा मुजावर थाने में तहरीर देकर कहा था कि बीते 6 मार्च को गांव के ही सर्वेश पुत्र छोटेलाल, अवधेश पुत्र छोटेलाल, अवधेश की पत्नी सुशीला, पुत्री उपासना व पुत्र रेशू ने मिलकर उसके भाई राकेश की लात-घूसो व डंडों से पिटाई कर दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। लखनऊ में उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान 3 मई को राकेश की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस सूत्रों द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आज बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित गोशा कुतुब नहर पुल के निकट से आरोपी अवधेश व सर्वेश को गिरफ्तार कर पुलिस ने अदालत में पेश किया है।

### हादसे में घायल किसान की उपचार के दौरान मौत

**उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत 13 मई को आजाद मार्ग स्थित दलनारायनपुर निवासी अरूण निषाद (52) खेत से घर जा रहा था, तभी आजाद मार्ग पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी थी। जिससे वह घायल हो गया था। घायल हाने के बाद उसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत में सुधार न होने पर कल्याणपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां गुरूवार सुबह उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर पुलिस ने किसान के शव का पीएम कराया। गुरुवार को पीएम के बाद शव घर पहुंचा। शव घर पहुंचने के बाद शव देखकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

# विमलेश मिश्रा बने राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**हिन्दू महासभा** के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा के कार्यो को देखते हुए राष्ट्रीय लोकदल में विमलेश मिश्रा को जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। पिछले दस वर्षों से हिन्दुत्व संगठन अखिल भारत हिन्दू महासभा में काम कर रहे थे। उन्होंने अपनी आस्था राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह में जतायी। जिसको देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने प्रदेश महासचिव राजीव रंजन के निर्देशानुसार उन्हे सक्रिय सदस्यता दिलाते हुए पार्टी का जिलाध्यक्ष मनोनित किया है। लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष



प्रदेश अध्यक्ष को गुलदस्ता भेंट करते विमलेश मिश्रा

रामाशीष राय ने विमलेश मिश्रा को राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता दिलायी। विमलेश मिश्रा ने कहा कि किसानों की समस्या को देखते हुए जिलाध्यक्ष पद का निर्वाह्न कर रहा हूं और राष्ट्रीय लोकदल को ऊंचाईयों तक पहुंचाने का कार्य करूंगा। विमलेश मिश्रा के साथ हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक के अलावा सौरव मिश्रा, भानुप्रताप आदि लोग मौजूद रहे।

### बच्चों के विवाद में दबंगों ने महिला को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बच्चों के विवाद में दबंग परिजनों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम जानकीपुर निवासी अनीता पत्नी अजीत ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि देवर अतुल, संतोष व सास नन्ही देवी, ससुर प्रमोद आये दिन घरेलू बातों को लेकर गाली-गलौज करते है। 16 मई को दोपहर 1 बजे मेरा पुत्र वासू घर के बाहर खेल रहा था। देवर अतुल का पुत्र आर्यन आ गया और झगड़ा कर मेरे पुत्र को नाली में डाल दिया। जब मैं इसकी शिकायत सास के पास करने गयी तो देवर अतुल, देवरानी मनु, सास नन्ही देवी, ननद शिवानी मेरे साथ गाली-गलौज करने लगी। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

# नगर पालिका ने डेंगू दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

**नगर पालिका** गंगाघाट प्रशासन ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर वेक्टर जनित रोगों से बचाव को लेकर गुरूवार को नगर में जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान पालिका के जिम्मेदारों ने हर रविवार मच्छरों पर वार का नारा लगाया।

नगर में वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिये गुरूवार को मुख्य चिकित्साधिकारी उन्नाव के निर्देशानुसार अन्तर्विभागीय समन्व्य स्थापित करते हुये जनसामान्य की भागीदारी को सुनिश्चित करने को नगर पालिका गंगाघाट से राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम के रुप में मनाते हुये पालिका कर्मियों, सभासदों, आम नागरिकों समेत रैली का आयोजन किया गया। निकाय द्वारा 'हर रविवार मच्छर पर वार लार्वा पर प्रहार' कार्यकम कों दृढ़ता से लागू करते हुये प्रचार-प्रसार के माध्यम से जन जागरुकता कार्यकम संचालित कराये जायेंगें। इस दौरान ईओ मुकेश मिश्रा, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे ने नागरिकों से अनुरोध किया कि गमलों, कूलरों के पानी को नियत बदलवाने, पानी जमा न होने देने, साफ-सफाई रखे जाने तथा अनावश्यक जल पात्रों को खाली कराये जाने के कार्य करते हुये वेक्टर जनित रोगों के प्रभावी संचरण काल में स्वयं सहित नागरिकों को सुरक्षित रखने में सहयोग करें।

# सेन्ट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

▸ मेधावी बच्चों को प्रधानाचार्य ने मिठाई खिलाकर दी बधाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



**सेन्ट पॉल्स** ब्राइटन एकेडमी एण्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल बंधौआ नेकपुर फतेहगढ़ का सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इंटर मीडिएट में अंकित शर्मा ने 90.80 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रांशु सिंह 86.20 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान पर रहे। प्रेम सिंह ने 81.60 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में आर्यन कटियार ने 87.50 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुधांशु ने 87.33 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रहे। अर्पित प्रताप सिंह 85.17 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रहे। निदेशिका रोहतानी विश्वासी ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे बधाई दी। प्रधानाचार्य रोजीशन विश्वासी ने मेधावी बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और कहा कि विद्यालय की ओर से मेधावियों का सम्मान किया जायेगा। विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने सभी छात्र-छात्राओं को उत्तीर्ण होने पर बधाई दी।

# फर्जी बर्खास्त शिक्षिकाओं के गलेवान तक नहीं पहुंच रहे है विभाग के हाथ

▸ रिकवरी भी बांकी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कूटरचित** दस्तावेजों के सहारे शिक्षा विभाग में नौकरी करने वाले शिक्षकों को विभाग ने बर्खास्त तो कर दिया, लेकिन अभी तक न तो रिकवरी और न ही गिरफ्तारी हो सकी। यूं कहा जाये बेसिक शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही का नतीजा है।

जबकि बेसिक शिक्षाधिकारी का कहना है कि लगभग बर्खास्त किये गये सभी शिक्षकों पर कार्यवाही हुई है, लेकिन उनके पास यह जानकारी नहीं की कि कब गिरफ्तारी हुई है और कितनी रिकवरी हुई है।

वर्ष 2020 में जनपद मैनपुरी की शिक्षिका अनीता कुमारी पुत्री राधेश्याम





जिला बेसिक शिक्षाधिकारी का कार्यालय — समृद्धि न्यूज

व प्राथमिक विद्यालय बीबीगंज की प्रधानाध्यापिका का पैनकार्ड एक पाया गया था। जांच गहनता से हुई तो बीबीगंज की प्रधानाध्यापिका के शैक्षिक अभिलेख फर्जी निकले। सितंबर 2020 में अनीता को बर्खास्त कर दिया गया था और आज तक विभाग यह पता नहीं लगा पाया कि फर्जी शिक्षिका जिसे बर्खास्त किया है वह कहां है। वहीं एसआईटी ने आगरा में तैनात शिक्षिका सुमन शाक्य व नवाबगंज ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय नया गनीपुर में तैनात शिक्षिका सुमन के पैनकार्ड एक पाए थे। जब इसकी जांच पड़ताल हुई तो शिक्षिका सुमन के अभिलेख फर्जी मिले। उसे भी सितंबर 2021 में बर्खास्त किया गया था। इनका भी अभी तक विभाग पता नहीं लगा पाया है और न ही रिकवरी हुई है। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कायमगंज की वार्डन निधि गुप्ता व ब्लॉक बढ़पुर के प्राथमिक विद्यालय गंगादरवाजा में तैनात शिक्षिका निधि गुप्ता पुत्री विष्णु कुमार गुप्ता के शैक्षिक अभिलेखों से नौकरी करते मिली थीं। मामला संज्ञान में आने पर कथित वार्डन बिना बताए विद्यालय से गायब हो गई थी। वार्डन निधि गुप्ता को बर्खास्त तो कर दिया गया, लेकिन विभाग उसका पता नहीं लगा सका और न ही रिकवरी हुई। जबकि करोड़ों सरकारी रुपया वेतन के रुप में निकाला गया। विभाग की माने तो कुछ का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। विभाग की ओर से बर्खास्त व रिकवरी करना है, बाकी काम गिरफ्तारी करना व जेल भेजना, जांच करना पुलिस का काम है। अब उन्हे पुलिस नहीं ढूंढकर ला रही है इसमें विभाग क्या करे।

### प्रतिभा सम्मान समारोह में पुरस्कृत किये गये बच्चे

**उन्नाव।** कस्बा मोहान के आर.के. मांटेसरी हाईस्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक विनोद मौर्या ने आए हुए सभी अभिवावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा से ही परिवार, समाज और देश का मान सम्मान बढ़ता है। वार्षिक परीक्षा में टॉपर बच्चों को मेडल पहना कर और प्रमाण पत्र देकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया और उनके माता-पिता को भी बधाई दी। सम्मानित किए गये छात्र व छात्राओं आराध्या, अंशुमान कन्नौजिया, सुमित रावत, दिव्यांशी, अनुभव पार्थ विमल, कृत्या यादव, सफ्फ हयात, वंश रावत, शुशांत सिंह और विराट सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# युवक के साथ हुई लूट की घटना का खुलासा, नाबालिग समेत पांच गिरफ्तार

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

**आसीवन** पुलिस ने सर्विलांस और एसओजी टीम के सहयोग से शुक्रवार की रात युवक के साथ हुई लूट की घटना का खुलासा कर दिया। पकड़े गए पांचों लुटेरे गैर जनपद के हैं और गैंग में एक नाबालिग भी शामिल था। पुलिस ने लुटेरों से पचपन हजार रुपये की नगदी, बाइक, लैपटाप, मोबाइल बरामद कर लुटेरों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर चार को जेल भेज दिया जबकि बाल अपचारी को सुधार गृह भेज दिया। आसीवन थाना क्षेत्र के पेसारी गांव निवासी मोहम्मद फहीम पुत्र सलीम के साथ शुक्रवार की रात टिकाना गांव के पास बाइक सवार लुटेरों ने ओवरटेक कर रोक लिया था और लूटपाट का विरोध करने पर गोली मार दी थी और चोरी की बाइक छोड़ पीड़ित की बाइक लेकर फरार हो गए थे। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर खुलासे के लिए एसओजी के साथ सर्विलांस टीम को लगाया गया। बुधवार की रात लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर चौधरीखेड़ा नहर पुल के पास रात्रिगश्त के दौरान दो बाइकों पर सवार चार युवक पुलिस को देख वापस लौटने लगे जिसपर पुलिस ने दौडाकर पकड़ लिया और कड़ाई से पूंछताछ की तो लूट की घटना में शामिल होने की बात कही। पुलिस ने विपिन शर्मा पुत्र सोभनाथ शर्मा निवासी जयनगरा थाना शिवरतनगंज अमेठी के पास से चोरी का लैपटाप 13800 की नगदी आर्यावर्त बैंक कुरसठ की चार पासबुक, आकाश वर्मा पुत्र रामनरेश वर्मा निवासी मोहरा कलां गोसाईंगंज लखनऊ के पास से 22000 रुपये की नगदी, सुमित उर्फशीबू पुत्र इंद्रपाल निवासी गोसाईंगंज लखनऊ के पास से 19200 रुपये की नगदी, बाल अपचारी के पास से सैमसंग का मोबाइल फोन और लखनऊ से चोरी की गयी बाइक मिली।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने अलग-अलग स्थानों से जांच के लिए 24 नमूने, सात फेल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**खाद्य सुरक्षा** एवं औषधि प्रशासन टीम ने अमृतपुर क्षेत्र सलेमपुर में खाद्य पदार्थों की जांच की तथा 25 खाद्य कारोबार कर्ताओं एवं आम जनमानस को नमूना जांच का प्रशिक्षण दिया गया तथा मिलावट की जांच, स्वच्छता व सेफ फूड के बारे में बताया। इस दौरान टीम ने जांच के लिए खाद्य पदार्थों के भरे गये 24 नमूनों में से 7 नमूने फेल हो गये।

एफएसडब्लू के साथ आये गुलाब सिंह व प्रशिक्षण प्राप्त खाद्य सुरक्षाधिकारी आशीष कुमार वर्मा ने नमूनों की जांच की गई। जिसमें प्रमोद मिष्ठान भण्डार से पेड़ा व मिल्क केक का जांच के लिए नमूना लिया। जांच में मिल्क केक का नमूना अशुद्ध निकला। जय बाबा नीम करोरी मिष्ठान भण्डार से टीम ने बर्फी, लड्डू का जांच के लिए नमूना लिया। जांच के दौरान लड्डू का नमूना जांच में अशुद्ध निकला। हरिमोहन के प्रतिष्ठान से पेड़ा, बर्फी का जांच के लिए नमूना लिया। जांच के दौरान सभी विशुद्ध निकले। विनोद कुशवाहा के प्रतिष्ठान से सौंफ, काली मिर्च का जांच के लिए नमूना लिया। जांच के दौरान काली मिर्च का नमूना अशुद्ध निकला। चन्द्रप्रकाश के प्रतिष्ठान से चना दाल व जीरा का नमूना जांच के लिए लिया, जो विशुद्ध निकले। विजेन्द्र के प्रतिष्ठान से उड़द दाल व मूंग दाल तथा





जांच करती एफएसडब्लू टीम — समृद्धि न्यूज

रजत के प्रतिष्ठान से मूंग दाल व लौंग का नमूना जांच के लिए लिया। जो सभी जांच के दौरान विशुद्ध निकले। सुरेन्द्र पाल के प्रतिष्ठान से टीम ने काली मिर्च व उड़द दाल का नमूना जांच के लिए लिया। जांच के दौरान काली मिर्च का नमूना जांच में अशुद्ध निकला। हरिपाल के प्रतिष्ठान से लौंग, जीरा का नमूना जांच के लिए लिया। जांच के दौरान दोनों नमूना विशुद्ध निकले। अरविन्द सिंह के प्रतिष्ठान से उड़द दाल व काली मिर्च का नमूना जांच के लिए लिया। जांच के दौरान काली मिर्च का नमूना अशुद्ध निकला। रामखिलावन के प्रतिष्ठान से टीम ने बर्फी का नमूना लिया, जो जांच के दौरान अशुद्ध निकला। कृष्णपाल सिंह के प्रतिष्ठान से टीम ने मसूर दाल व हल्दी साबुत का नमूना लिया। जांच के दौरान हल्दी साबुत का नमूना अशुद्ध निकला। वहीं टीम ने पंकज के प्रतिष्ठान से मैथी का नमूना लिया। जो जांच में विशुद्ध निकला। टीम ने सभी खाद्य कारोबारियों को चेतावनी दी और विक्रय पर रोक लगा दी।

# क्या केजरीवाल ने ही पिटवाया स्वाती मालीवाल को : भाजपा

एजेंसी, नई दिल्ली।



▸ विपक्ष की नेत्री होने के बावजूद भाजपा मालीवाल के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रही

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल के साथ दुर्व्यवहार करने वाले को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए उनसे आज पूछा कि क्या सुश्री मालीवाल के साथ यह दुर्व्यवहार मुख्यमंत्री के इशारे पर ही किया गया है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल के साथ दुर्व्यवहार के मामले में श्री केजरीवाल पर जमकर हमला किया।

श्री भाटिया ने कहा कि एक महिला सांसद के साथ हुए दुर्व्यवहार पर श्री केजरीवाल की चुप्पी से स्पष्ट होता है कि महिला सम्मान उनके लिए कोई मायने नहीं रखता है। विपक्ष की नेत्री होने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी सुश्री मालीवाल के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रही है। नारीशक्ति के सम्मान के लिए भाजपा दल गत राजनीति की कभी परवाह नहीं करती है। उन्होंने कहा कि महिला सांसद के साथ दुर्व्यवहार का आरोपी अरविंद केजरीवाल के संरक्षण में उनके साथ घूम रहा है और वे समाजवादी पार्टी के मुख्यालय में भी दिखाई दिया। देश की जनता की ओर से भाजपा ने अरविन्द केजरीवाल से सवाल पूछे और जवाब की उम्मीद की है कि शीश महल में हो रहे पाप पर अरविंद केजरीवाल का क्या रुख है? जिस पर केजरीवाल को कार्रवाई करनी थी वह जुड़वा भाई बनकर उनके साथ घूम रहा है, क्यों? भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने यह स्पष्ट कर दिया है कि महिला सम्मान के लिए उनके पास कोई जगह नहीं है, कोई प्रतिबद्धता नहीं है कि वे कार्रवाई करें। उन्होंने पूछा कि क्या स्वाति मालीवाल को दबाव बनाकर जबरन कहीं रखा गया है? क्या श्री केजरीवाल के इशारे पर दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास पर स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट और दुर्व्यवहार की गई थी? श्री भाटिया ने कहा कि श्री केजरीवाल ने इस घटना की अब तक खंडन नहीं किया है।

## स्वाति मालीवाल के साथ अभद्रता करने के वालों पर संज्ञान लें राज्यसभा के सभापति



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्यसभा की सांसद स्वाति मालीवाल के साथ अभद्रता करने वाले वालों पर सदन के सभापति जगदीप धनखड़ को संज्ञान लेना चाहिए। सुश्री मायावती ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा कि महिलाओं के साथ कोई भी गलत काम करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं उत्पीड़न के साथ ही किसी भी नेता द्वारा अन्य कोई भी गलत कार्य करने पर सख्त कार्रवाई के मामले में चाहे कोई भी पार्टी या इन्डी और अन्य गठबन्धन हो तो इन्हें दोहरा मापदण्ड नहीं अपनाना चाहिए अर्थात इन्हें बसपा के शीर्ष नेतृत्व से ज़रूर सबक लेना चाहिए। बसपा प्रमुख ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सांसद के मुख्यमंत्री आवास पर अभद्रता के मामले पर कार्रवाई नहीं होना अनुचित है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में राज्यसभा के सभापति को संज्ञान लेना चाहिए। सुश्री मायावती ने कहा कि अतः आम आदमी पार्टी की महिला राज्यसभा सांसद के साथ सीएम आवास में अभद्रता के गंभीर मामले पर देश की नजर तथा दोषी के विरुद्ध अब तक कार्रवाई नहीं होना अनुचित। ऐसे में राज्यसभा के सभापति एवं महिला आयोग को भी इस घटना का समुचित संज्ञान लेने की जरूरत है।

## इंडी गठबंधन के नेताओं को महिला सम्मान की कोई चिंता नहीं

एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान में संशोधन कर महिलाओं को संसद और विधानसभा में आरक्षण देकर राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ा है और महिला सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं दूसरी ओर घमंडिया गठबंधन के दल महिलाओं का अपमान करने में लगे हुए हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से जब स्वाती मालीवाल के साथ हुई मारपीट के बारे में प्रश्न किए गए, तब अखिलेश यादव ने कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं हैं और भी बहुत महत्वपूर्ण बातें हैं करने को। इनके लिए महिला सम्मान की बात जरूरी नहीं हैं, क्योंकि इनका मानना है कि लड़कों से गलतियां हो जाती हैं। श्री भाटिया ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं को महिला सम्मान की कोई चिंता नहीं है। आम आदमी पार्टी के दोनों नेताओं ने स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट के लिए न कोई क्षमा नहीं मांगी और न ही उन्हें न्याय देने की बात कही।

# जैश के शीर्ष आतंकवादी की संपत्ति कुर्क

श्रीनगर, समृद्धि न्यूज।



राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के एक शीर्ष सदस्य की सात अचल संपत्तियों को कुर्क किया है।

आतंकवादी सरताज अहमद मंटू की जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के किसरीगाम में 19 मरला और 84 वर्ग फुट की भूमि और संपत्तियों को एनआईए की विशेष अदालत के आदेश की विभिन्न धाराओं के तहत बुधवार को कुर्क कर लिया गया।

एनआईए ने कहा कि सरताज को 31 जनवरी 2020 को गिरफ्तार किया गया था और उसके कब्जे से कई हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद की गयी थीं। उसके खिलाफ 27 जुलाई, 2020 को आरोप पत्र दायर किया गया था। उस पर शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, यूए (पी) अधिनियम और भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम, 1933 की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमे चल रहे हैं। एनआईए के प्रवक्ता ने कहा कि सरताज अपने पांच सह-आरोपी जैश-ए-मोहम्मद सदस्यों के साथ कश्मीर घाटी में नए घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को पहुंचाने के काम में शामिल था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव (यूएनएससी) 1267 द्वारा जैश को 'विदेशी आतंकवादी संगठन' के रूप में सूचीबद्ध किया गया था और समूह के नेता मौलाना मसूद अज़हर को 2019 में यूएनएससी द्वारा वैश्विक आतंकवादी बताया गया था। एनआईए ने एक हफ्ते पहले ही जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गुर्गों पर अपनी कार्रवाई के तहत कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के एक और शीर्ष आतंकवादी की छह अचल संपत्तियों को कुर्क किया था।

# शिकायत पर अदालत के संज्ञान लेने के बाद ईडी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती : उच्चतम न्यायालय

एजेंसी, नई दिल्ली।



उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 44 के तहत एक शिकायत पर अदालत के संज्ञान लेने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकता।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह फैसला सुनाया।

शीर्ष अदालत ने अपीलकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा और ईडी का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की दलीलें सुनने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में कई निर्देश जारी किए।

पीठ ने कहा कि अगर ईडी उसी अपराध की आगे की जांच करने के लिए अदालत की ओर से समन जारी होने के बाद पेश हुए आरोपी की हिरासत चाहती है तो उसे (केंद्रीय जांच एजेंसी) को विशेष अदालत में आवेदन करके आरोपी की हिरासत मांगनी होगी। इसके बाद संक्षिप्त कारण दर्ज करने के बाद आवेदन पर आदेश पारित करना होगा।

शीर्ष अदालत ने कहा कि आरोपी को अदालत द्वारा समन किया जाना चाहिए, लेकिन उसे अपनी रिहाई के लिए जमानत की दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है।

पीठ ने कहा कि यदि आरोपी समन (अदालत के) के अनुसार विशेष अदालत के समक्ष पेश होता है तो यह नहीं माना जा सकता कि वह हिरासत में है। इसलिए आरोपी के लिए जमानत के वास्ते आवेदन करना जरूरी नहीं है।

## मंदिर में भंडारा खाने से श्रद्धालुओं को आया चक्कर, 90 से अधिक लोग अस्पताल मे भर्ती

एजेंसी, नांदेड़। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक मंदिर के बाहर आयोजित भंडारे में खाना खाने से कई लोगों की तबीयत खराब हो गई और कम से कम 90 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि घटना बुधवार शाम को नायगांव में हुई। उन्होंने बताया, ''शिव मंदिर के बाहर भंडारे का आयोजन किया गया था। भंडारे में श्रद्धालुओं को अम्बील और खीर का प्रसाद दिया गया। अधिकारी ने बताया कि 'अम्बील खाने के बाद श्रद्धालुओं को चक्कर आने के साथ उल्टी होने लगी। उन्होंने बताया, ''शुरुआत में कुछ लोगों को अस्पताल ले जाया गया लेकिन देर शाम कुछ और लोगों ने खाद्य विषाक्तता की शिकायत की। देर रात तक कुल 90 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि सभी की हालत स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। उन्होंने बताया कि मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

# 92 फीसद नॉलेज वर्कर्स वर्कप्लेस पर करते हैं एआई का इस्तेमाल

एजेंसी, नई दिल्ली।



भारत का वर्कफोर्स एआई को लेकर बहुत आशावादी है क्योंकि देश में 92 फीसदी नॉलेज वर्कर्स अपने वर्क?लेस पर एआई का इस्तेमाल करते हैं, जबकि दुनिया भर में इसका औसत 75 प्रतिशत है।

माइक्रोसॉफ्ट और लिंक्डइन ने आज वर्कप्लेस पर एआई के इस्तेमाल की स्थिति पर 2024 वर्क ट्रेंड इंडेक्स के भारत से संबंधित निष्कर्ष जारी किए हैं। इसमें यह बताया गया है कि कैसे सिर्फ एक साल में एआई ने लोगों के काम करने, लीड करने और काम पर नियुक्त करने के तरीके को प्रभावित किया है। यह रिपोर्ट कार्यस्थल में एआई को लाने के लिए कर्मचारियों की मजबूत इच्छा, कॅरियर ग्रोथ के लिए इसके द्वारा पेश किये जाने वाले अवसरों और भविष्य के काम में एआई पावर यूजर्स के भूमिका पर प्रकाश डालती है। चौथे वर्क ट्रेंड इंडेक्स के लिए माइक्रोसॉफ्ट और लिंक्डइन ने पहली बार साझेदारी की है जिससे कि एआई कैसे काम को आकार दे रहा है, इस पर व्यापक जानकारी हासिल की जा सके। इस रिपोर्ट के नतीजे 31 देशों में 31,000 लोगों के बीच किए गए सर्वेक्षण, लिंक्डइन पर लेबर और नियुक्ति के रुझान, खरबों माइक्रोसॉफ्ट 365 प्रोडक्टिविटी सिग्नल्स और फॉर्च्यून 500 ग्राहकों के बीच किए गए शोध पर आधारित हैं। यह रिपोर्ट आने वाले वर्षों में वर्क, टैलेंट और नियुक्तियों पर एआई के प्रभाव के बारे में प्रत्येक बिजनेस लीडर और प्रोफेशनल को जानने के लिए जरूरी तीन बातों पर प्रकाश डालती है। कर्मचारी कार्यस्थल पर एआई चाहते हैं और वे इस पर कंपनियों के आगे बढ़ने का इंतजार नहीं करेंगे। भारत का वर्कफोर्स एआई को लेकर बहुत आशावादी है।

भारत में 92 फीसदी नॉलेज वर्कर्स अपने वर्कप्लेस पर एआई का इस्तेमाल करते हैं, जबकि दुनिया भर में इसका औसत 75 प्रतिशत है। इससे पता चलता है कि वर्कफोर्स समय बचाने, रचनात्मकता को बढ़ावा देने और ध्यान केंद्रित करने के लिए एआई पर विश्वास करता है। भारत में 91 प्रतिशत बिजनेस लीडर्स का भी मानना है कि उनकी कंपनियों को प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए एआई को अपनाने की जरूरत है, लेकिन 54 फीसदी को चिंता है कि उनके संगठन के पास इसके कार्यान्वयन के लिए किसी योजना और नजरिए का अभाव है।

जबकि लीडर्स इंडिविजुअल प्रोडेक्टिविटी बेनिफिट को कंपनी के फायदे में बदलने का दबाव महसूस करते हैं, वहीं, कर्मचारी एआई का फायदा उठाने के लिए किसी की प्रतीक्षा नहीं कर रहे हैं। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि 72 फीसदी भारतीय एआई यूजर्स काम पर अपने स्वयं के एआई टूल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन आंकड़ों से पता चलता है कि लोग कार्यस्थल पर अधिक प्रोडक्टिव और क्रिएटिव होने के लिए एआई की ओर रुख कर रहे हैं।

## कर्मचारियों के लिए मानक बढ़ाता है एआई

कर्मचारियों के लिए, एआई मानक बढ़ाता है और कॅरियर की सीमा को तोड़ता है। लिंक्डइन के आंकड़ों से पता चलता है कि लिंक्डइन जॉब पोस्ट में एआई के उल्लेख में 17 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में यह एक दो-तरफा रास्ता बन गया है। ऐसे संगठन जो एआई टूल्स और ट्रेनिंग के साथ कर्मचारियों को ज्यादा कुशल बनाते हैं, वे सबसे बेहतर टैलेंट आकर्षित करेंगे और एआई में महारत रखने वाले प्रोफेशनल्स को बढ़त हासिल होगी।

## लखबीर लांडा के दो सहयोगी गिरफ्तार, सात पिस्तौल बरामद



**एजेंसी, चंडीगढ़।** एक बड़ी सफलता में, एसएएस नगर पुलिस ने कनाडा स्थित लखबीर लांडा और अमेरिका स्थित गुरदेव सिंह उर्फ जस्सल के दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर उनके पास से सात पिस्तौल और 20 कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार किये गये अपराधियों की पहचान अजयपाल और शरण उर्फ सनी के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि सन्नी लंडा गिरोह का मुख्य हथियार आपूर्तिकर्ता था, वह मध्य प्रदेश से हथियारों की तस्करी कर पंजाब में आपूर्ति करता था। श्री यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस की टीमें पूरे नेटवर्क का पता लगाने, नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिये पूरी खरीद और आपूर्ति श्रृंखला की पहचान करने के लिये हर संभव प्रयास कर रही हैं।

# हिमाचल मेडिकल कॉलेजों में दिव्यांगों को मुफ्त शिक्षा

एजेंसी, शिमला।



हिमाचल प्रदेश के सभी छह सरकारी मेडिकल कॉलेजों में दिव्यांग विद्यार्थी अब निशुल्क मेडिकल की पढ़ाई कर सकेंगे। इससे सभी छह सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस, एमडी, नर्सिंग एवं अन्य पाठ्यक्रमों के सैकड़ों दिव्यांग विद्यार्थियों को लाभ होगा।

अटल मेडिकल एवं रिसर्च यूनिवर्सिटी ने बुधवार को इसके बारे में आदेश जारी कर दिए हैं।

उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी जनहित याचिका पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने चार जून 2015 को राज्य के सभी दिव्यांग विद्यार्थियों को सरकारी संस्थानों में विश्वविद्यालय स्तर तक की निशुल्क शिक्षा का अधिकार दिया था, लेकिन चिकित्सा शिक्षा विभाग ने उसे लागू नहीं किया था। जबकि अन्य विश्वविद्यालयों और सामान्य कॉलेज स्तर पर इसे लागू कर दिया गया था।

उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष उच्च न्यायालय के आदेश को लागू करने के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज की व्हीलचेयर यूजर एमबीबीएस विद्यार्थी निकिता चौधरी ने भी आवाज उठाई थी। वह उमंग फाउंडेशन की सदस्य है। उसे न्यायालय के आदेशों के बाद दाखिला मिला था, लेकिन पूरी फीस वसूली जा रही थी। वह हिमाचल की पहली व्हीलचेयर यूजर डॉक्टर बनेगी।

श्रीवास्तव ने बताया कि सभी मेडिकल कॉलेज दिव्यांग बच्चों को पांच फीसदी आरक्षण तो दे रहे हैं, लेकिन पिछले नौ वर्षों से उच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करके उनसे फीस भी ले रहे थे। अजय श्रीवास्तव ने यह मामला राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के साथ भी उठाया था। उन्होंने मांग की कि दिव्यांग बच्चों से गैर कानूनी ढंग से वसूली गई फीस उन्हें तुरंत वापस की जाए।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्देश पर अब अटल मेडिकल एवं रिसर्च विश्वविद्यालय, मंडी के कुलपति ने 15 मई को इस बारे में आदेश जारी किए हैं। अजय श्रीवास्तव ने कहा कि राज्य के छह विश्वविद्यालय में कम से कम 120 दिव्यांग बच्चे एमबीबीएस कर रहे हैं। इनके अलावा पोस्ट ग्रेजुएशन, बीएससी नर्सिंग एवं अन्य पाठ्यक्रमों के सैकड़ों दिव्यांग बच्चों को राहत मिलेगी।

गौरतलब है कि प्रदेश में इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, शिमला, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा, लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज, नेरचौक मंडी, डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज, जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, डॉ यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज नाहन में मेडिकल की पढ़ाई करा रहे हैं।

## इनामी बदमाश ने छीनी पुलिसकर्मी की पिस्टल

**एजेंसी, जयपुर।** जयपुर के दौलतपुरा में पुलिस दल पर गोलियां चलाते हुए उसकी अभिरक्षा से भाग रहा एक अपराधी जवाबी कार्रवाई में घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उसके अनुसार बुधवार रात इस घटना में बदमाश के पैर में गोली लगी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त बजरंग सिंह ने बताया कि जयपुर पुलिस की एक टीम अपराधी राकेश यादव को गुवाहाटी (असम) से जयपुर ला रही थी तथा दौलतपुरा के पास उसने लघुशंका के लिए गाड़ी रूकवाई। सिंह ने बताया कि जैसे ही वह और एक पुलिसकर्मी गाड़ी से उतरे, उसने उस पुलिसकर्मी की पिस्तौल छीन ली और गोली चला दी, लेकिन गोली पुलिसकर्मियों को नहीं लगी। उन्होंने बताया कि साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगी। सिंह के अनुसार यादव पर एक लाख रुपये का नकद इनाम घोषित है। उसे इलाज के लिए एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह जयपुर के विद्याधर नगर थाने में दर्ज फायरिंग और एक व्यापारी से फिरौती मांगने के मामले में वांछित था।

# कीर्तिनगर मेट्रो स्टेशन का इंटरचेंज पुल दे रहा बड़े हादसे को न्योता

▸ पुल की सतह घिसकर चिकनी हो जाने से कई लोगों के पैर फिसलने की घटनायें सामने आयी



एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली मेट्रो के कीर्तिनगर स्टेशन पर ब्लूलाइन से ग्रीन लाइन इंटरचेंज के लिए बने पुल की लोहे की सतह घिस जाने से इस पर आये दिन यात्रियों के फिसल कर गिरने और घायल होने की घटनायें हो रही है।

पश्चिम दिल्ली में पीरागढी से राजीव चौक या द्वारका और कीर्तिनगर से इंदरलोक की ओर जाने के लिए कीर्तिनगर स्टेशन पर मेट्रो रेल बदलने के लिए रोज लाखों की संख्या में यात्री इस इंटरचेंज पुल से गुजरते हैं। पुल की सतह घिसकर चिकनी हो जाने से कई लोगों के पैर फिसलने की घटनायें सामने आयी है।

उद्योग नगर की रहने वाली प्रतिभा पटेल ने बताया कि कल उसकी मां का इस पुल पर पैर फिसल गया जिससे उनकी कमर में गंभीर चोटें आयी हैं। उनका नांगलोई के एक सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि उसके जानने वाले कई लोगों ने इस तरह की घटनाओं के बारे में चर्चा की थी लेकिन उसे नहीं मालूम था कि उसकी मां के साथ यह हादसा हो जायेगा। स्टेशन पर कुछ यात्रियों ने कहा कि इस पुल पर चलना जोखिम भरा हो गया है लेकिन मेट्रो रेल के अधिकारी इस ध्यान नहीं दे रहे हैं।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के संयुक्त महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस) टी भट्टाचार्यजी ने इस संबंध में पूछे जाने पर कहा कि हमारी रख रखाव टीम इस समस्या को देखेगी और यथाशीघ्र इस समस्या का समाधान निकाला जायेगा।

# मैवाल टी.एच.वी. सीरीज ने ग्लोबल हार्ट वाल्व सेक्टर में भारत को दिलाई बड़ी कामयाबी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



मेरिल लाइफ साइंसेस से जुड़ी रोचक खबर लैंडमार्क ट्रायल के 30 दिन के परिणाम को 15 मई को फ्रांस की राजधानी पेरिस में हुए यूरोपीसीआर 2024 में पेश किया गया। यूरोपीसीआर ने लैंडमार्क को टॉप के तीन लेट ब्रेकिंग ट्रायल में शुमार किया और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी में इसे एक क्रांतिकारी बदलाव की तरह बताया।

लैंडमार्क स्टडी ने दिखाया कि सुरक्षा और प्रभावकारिता के मामले में मैवाल टी.एच.वी. सीरीज का प्रदर्शन आधुनिक टी.एच.वी. सीरीज की तुलना में बिल्कुल भी कम नहीं था। (24.7% बनाम 27.0%, प्राइमरी कम्पोजिट एंडप्वॉइंट की घटना जो मृत्यु, स्ट्रोक, ब्लीडिंग, किडनी की समस्या, प्रमुख वैस्कुलर जटिलताएं, मध्यम या गंभीर वाल्व रिगरगिटेशन और नये परमानेंट पेसमेकर इम्प्लाटेंशन की जरूरत का समग्र संयोजन है) प्राथमिक संयुक्त अंतिम बिंदुओं के कॉम्पोनेंट में कोई अंतर नहीं था। सेकेंडरी कम्पोजिट एंडप्वॉइंट में प्रक्रिया कक्ष से बाहर निकलने पर तकनीकी सफलता, 30 दिनों में डिवाइस सफलता और 30 दिनों में प्रारंभिक सुरक्षा दोनों समूहों में तुलनीय थी। लैंडमार्क ट्रायल के चेयरमैन और स्टडी डायरेक्टर प्रोफेसर सेरस ने कहा कि मैवाल टी.एच.वी. सीरीज अगली पीढ़ी का टी.एच.वी. उपकरण हैं; ये सैपियन और इवॉल्ट टी.एच.वी. सीरीज के समकक्ष है। मैवाल टी.एच.वी. सीरीज में एक अनोखे साइज का मैट्रिक्स है जो कन्वेंशनल, इंटरमीडिएट और एक्स्ट्रा लार्ज डायमीटर को शामिल करता है, 1.5 मिलिमीटर का बढ़ता डायमीटर हर रोगी के मल्टी स्लाइस सीटी स्कैन और एओर्टिक एन्यूलस एरिया से मेल खाता है, जिसका परिणामस्वरूप इकोकार्डियोग्राफी के लिए काफी मात्रा में ओरिफाइस एरिया प्रोवाइड करता है, जिसका ड्यूरेबिलिटी और लंबे समय तक क्लिनिकल रिजल्ट पर असर हो सकता है। इसके अलावा मैवाल ऑक्टाकोर जिसमें दो पंक्तियों के ऑक्टाग्नल सेल्स और विस्तार के दौरान 19% मिनिमम फॉर शॉर्टनिंग होने की खूबी होती है, ये किसी भी आधुनिक या परंपरागत डिजाइन से मेल नहीं खाता। ग्लोबल प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर प्रोफेसर आंद्रेस बौम्बाक के अनुसार, लैंडमार्क ट्रायल ने दिखाया कि मैवाल टी.एच.वी.सीरीज की परफॉर्मेंस उतनी ही सुरक्षित और असरदार थी जितनी कि कन्टेम्पररी टी.एचवी. सीरीज की है।

## हिमाचल में भूकंप के झटके



**एजेंसी, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में भारत-तिब्बत सीमा पर गुरुवार को भूकंप के हल्के स्तर के भूकंप के महसूस किये गये।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न करीब 10:46 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.4 मापी गयी।

भूकंप का केंद्र 31.74 अक्षांश, 78.60 देशांतर तथा पृथ्वी की सतह से 19 किलोमीटर की गहराई पर रहा।

जिला प्रशासन के मुताबिक भूकंप में किसी तरह के जान-माल के नुकसान की रिपोर्ट नहीं है।

# सस्ती पूंजी उपलब्ध कराना छोटे उद्योगों के लिए जरूरी

एजेंसी, नई दिल्ली।



भारतीय निर्यातक महासंघ (फियो) ने यूक्रेन - रुस युद्ध और लाल सागर एवं पश्चिम एशिया के संकट को देखते हुए सस्ती पूंजी और छोटे उद्योगों के लिए प्रभावी निर्यात कोष बनाने की मांग की है।

फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार, उपाध्यक्ष इसरार अहमद और महानिदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अजय सहाय ने बृहस्पतिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भविष्य में भारतीय निर्यात की गति बनाये रखने के लिए कारोबारियों को सस्ती पूंजी उपलब्ध कराना और छोटे उद्योगों के लिए निर्यात कोष आश्यक होगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2023-24 के बीच कोविड काल और वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद भारतीय निर्यात 8 5 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ा है। यह 778 अरब डालर तक पहुंच गया है। लेकिन इस वृद्धि को बनायें रखने के लिए सरकार को कुछ प्रोत्साहनात्मक कदम उठाने होंगे। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय उत्पाद प्रतिस्पर्धी होंगे।

उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया के संकट के कारण परिवहन लागत में इजाफा हुआ है जिसके कारण कुल लागत भी बढ़ी है। इसके अलावा यात्रा समय में लगभग दो गुनी वृद्धि हुई है। इसका पूरा भार अभी तक निर्यात कारोबारी उठा रहा है। लेकिन लंबे समय तक यह संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि भारतीय निर्यात को बनायें रखने के लिए सस्ती पूंजी उपलब्ध करानी होगी और बैंकों को ब्याज दर घटानी होगी जिससे कारोबारियों को लंबे समय तक पूंजी उपलब्ध हो सके।

उन्होंने कहा कि छोटे उद्योगों के उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिए निर्यात कोष को प्रभावी बनाना होगा। इसके लिए प्रक्रिया सरल करनी होगी और शुल्क घटाने होंगे। उन्होंने कहा कि निर्यात संवर्धन परिषदों, व्यापार प्रोत्साहन सगठनों और कृषि उपज आधारित बोर्डों को छोटे उद्योगों के निर्यात का बढ़ावा देने के लिए कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक दो हजार अरब डालर का निर्यात लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रतिवर्ष 12 7 प्रतिशत की दर की वृद्धि प्राप्त करनी होगी। मौजूदा वैश्विक हालात और उपायों में उचित परिवेश बनाने यह संभव है।

श्री अहमद ने कहा कि उत्पादन आधारित प्रोत्साहन नीति के सकारात्मक परिणाम सामने आये हैं। इससे मशीनरी, इलेक्ट्रीकल, इलेक्ट्रिक, ऑटो, फार्मा और जैव प्रौद्योगिकी का निर्यात बढा है। उन्होंने कहा कि श्रम आधारित उद्योगों का निर्यात बढ़ाना एक चुनौती बना हुआ है। इन कपडा, वस्त्र, परिधान, आभूषण एवं जेवरात, जूता चप्पल आदि शामिल है। इस क्षेत्र में निर्यात बढ़ाने के लिए वैश्विक मांग के अनुरुप उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। कौशन विकास इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

डॉ. सहाय ने ईरान के चाबहार बंदरगाह का नियंत्रण भारतीय कंपनी के हाथ लाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे भारतीय निर्यात को लाभ होगा। इससे भारतीय निर्यात को अफगानिस्तान, रुस और संबंधित क्षेत्र, मध्य एशिया और यूरोप के कई देशों तक आसान पहुंच उपलब्ध होगी।